

चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार को श्रीहरिकोटा में अपने स्वयं के लॉन्च पैड से रॉकेट अग्निबाण का सफलता पूर्वक परीक्षण किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 09 अंक: 149 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"

# सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं: मोदी

● इंडी गठबंधन वाले वीरों का अपमान करते हैं, इन्होंने जनरल बिपिन रावत को गली का गुंडा कहा था: पीएम

**वोट की अपील**

▶▶ मैं अभी चुप बैठा हूं, जिस दिन मोदी मुंह खोलेगा तुम्हारी सात पीढ़ी का हिसाब निकाल कर बाहर रख देगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी होशियारपुर में पहुंचे। रामलीला ग्राउंड में वे इंडी गठबंधन पर खूब बरसे। मोदी ने कहा कि मैं अभी चुप बैठा हूं, जिस दिन मोदी मुंह खोलेगा तुम्हारी सात पीढ़ी का हिसाब निकाल कर बाहर रख देगा। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग मुझे नई-नई गालियां देते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर लिया है। अब आम आदमी पार्टी भी इसमें जुड़ गई है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार करने में 70 साल लगे लेकिन आप वाले तो जन्म से ही भ्रष्टाचारी पैदा हुए हैं। चुनाव में इन्होंने नशे को लेकर भाषण दे देकर पंजाब को बदनाम कर दिया और सरकार बनते ही नशे को ही अपनी कमाई का साथी बना लिया। पंजाब में खेती और उद्योग को बर्बाद कर दिया। नारी उत्पीड़न में भी यह सबसे आगे हैं। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले वीरों का अपमान करते हैं। इन्होंने जनरल बिपिन रावत को गली का गुंडा कहा था। यह सेना का अपमान था। कांग्रेस राज में सेना को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। तेजस फाइटर प्लेन के प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। वन रैंक वन पेंशन के लिए सवा लाख करोड़ रुपये हमारी सरकार ने खर्च किए। हमारा लक्ष्य भारतीय सेना को सबसे ज्यादा आधुनिक बनाना है।

**सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं:** मोदी ने कहा कि सेना 26 जनवरी में परेड के लिए नहीं दुश्मन से लड़ाई के लिए तैयार की जाती है। मुझे गालियां दो लेकिन देश की सेना का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करूंगा।

रैली में मोदी ने बड़ा एलान किया कि आदमपुर हवाई अड्डे का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने होशियारपुर से भाजपा प्रत्याशी अनीता सोमप्रकाश और आनंदपुर साहिब से सुभाष शर्मा को वोट देने की अपील की।

### गुरु रविदास की प्रेरणा से कर रहे काम: पीएम

**पीएम** ने कहा कि गरीब कल्याण मेरी सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है और इसमें गुरु रविदास जी की प्रेरणा है। गुरु रविदास जी कहते थे- ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न छोट-बड़ो सब सम बसे, रैदास रहे प्रसन्न। चुनाव की इस भागदौड़ में भी हमारी सरकार एक पल भी व्यर्थ नहीं कर रही है। सरकार बनते ही अगले 125 दिन में क्या होगा?... इसके रोडमैप पर काम कर लिया गया है। इसमें भी 25 दिन विशेष तौर पर युवाओं के लिए रखे गए हैं। अगले 5 साल में कौन से बड़े निर्णय लेने हैं, इसकी भी रुपरेखा खींची जा चुकी है।

### वोट बैंक की राजनीति ने देश का नुकसान किया: मोदी

**मोदी** ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति ने देश का बहुत नुकसान किया है। वोट बैंक के प्रति अपने प्यार के कारण देश के बंटवारे के समय करतारपुर साहिब पर अपना अधिकार नहीं जता पाए।

यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए का विरोध कर रहा है।

# भाजपा संविधान खत्म कर देगी: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नवांशहर:** चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पंजाब के नवांशहर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहुंचे। आनंदपुर साहिब से कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र सिंगला के पक्ष में राहुल गांधी ने रैली को संबोधित किया। पंजाब में 1 जून को मतदान हैं। राहुल गांधी का इस चुनाव में पंजाब में ये अंतिम दौरा है। इस मौके पर कांग्रेस नेता ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने सबसे पहले गर्मी में आए लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि देश के स्वतंत्र होने से लेकर अब तक पहली बार है कि संविधान पर हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह व अन्य भाजपा नेताओं ने साफ कह दिया है कि आंबेडकर के संविधान को गांधी के संविधान को रद्द कर देंगे। फाड़ कर फेंक देंगे। अब सबसे पहले ये जो संविधान है ये सिर्फ किताब नहीं है।

**राहुल का भाजपा पर हमला:** उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि संविधान स्वतंत्रता के समय बना था। इसलिए ये सही नहीं है। इसमें जो सोच है वो आजादी से पुरानी सोच है। गुरु नानक जी समेत अन्य महापुरुषों की सोच इसमें है। जब भाजपा व आरएसएस के लोग इस पर आक्रमण करते हैं तो ये हमारे देश के इतिहास और दिल पर आक्रमण कर रहे हैं। इस चुनाव में सबसे जरूरी बात है कि संविधान की रक्षा करनी है। कांग्रेस पार्टी के नेता ये काम जनता के साथ मिलकर पूरा करेंगे। शहीद भगत सिंह की बात की जाती है और उनके बारे में कहा जाता है कि वो देश के लिए शहीद हुए। लेकिन ये नहीं कहा जाता कि वो गहरे पालिटिकस थिंकर थे। उनकी सोच भी संविधान में दर्शाई गई है। इसलिए मैं यहां आया हूं।

### भाजपा आरक्षण खत्म करने की कर रही बात: राहुल

**राहुल** गांधी ने कहा कि देश की आबादी में पचास प्रतिशत पिछड़े वर्ग, पंद्रह प्रतिशत दलित, आठ प्रतिशत आदीवासी, पंद्रह पांच अल्पसंख्यक और पांच प्रतिशत गरीब जरनल कास्ट हैं। ये 90 प्रतिशत लोग हैं। भाजपा आरक्षण को खत्म करने की बात कर रहे हैं।

आरएसएस चीफ ने कहा कि आरक्षण से देश का नुकसान हो रहा है।

कांग्रेस की सरकार में पचास प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा।

जाति गणना और आर्थिक गणना करवाई जाएगी।

## के-9 वज्र होवित्जर तोपें खरीदने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के बाद के-9 वज्र स्वचालित होवित्जर तोप खरीदने और मेक इन इंडिया के तहत लड़ाकू विमान के इंजन तैयार करने के प्रस्ताव पर मंजूरी दी जाएगी। बता दें कि इन सभी परिजनाओं पर पहले इस साल मार्च में मंजूरी दिए जाने की योजना थी। लेकिन फिर इन्हें चुनाव तक के लिए स्थगित कर दिया गया। रक्षा अधिकारी ने इसको लेकर जानकारी दी है। उन्होंने बताया है, 'के-9 वज्र हावित्जर, सुखोई-30 एमकेआइ लड़ाकू विमान के इंजन और कई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं भी कैबिनेट समिति के एजेंडे में हैं।

**एचएएल तैयार करेगा सुखोई-30 एमकेआई के इंजन:** बताया गया है कि सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के इंजन हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तरफ से तैयार किए जाएंगे। साथ ही इन इंजनों को तैयार करने के लिए कुल बजट 20,000 करोड़ रुपये आ सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक, एचएएल की तरफ से सुखोई-30 एमकेआई विमानों के इंजनों का निर्माण ओडिशा के कोरापुट में किया जाएगा।

## गुंडागर्दी कर रही मोदी सरकार: सीएम केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**संगरूर:** आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार गुरमीत सिंह मीत हेयर के हक में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल व मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा संगरूर शहर में रोड शो निकाला गया।

**बीस मिनट तक निकाला गया रोड शो:** शहर के अग्रसैन चौंक से बस स्टैंड तक बीस मिनट का रोड शो निकाला गया। शहर के सदर बाजार में शहर निवासियों को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारत माता की जय से संबोधन आरंभ किया। केजरीवाल ने कहा कि ईवीएम पर आप के चुनाव निशान का बटन चार नंबर पर है, पर एक जून को वोट डालकर आप को पहले नंबर पर लाना है।

**मोदी सरकार कर रही गुंडागर्दी: केजरीवाल**

पहले भगवंत मान को 92 सीटें दी है और अब सभी 13 सीटें जीताकर तेरह सदस्य संसद में भेजें। मोदी सरकार गुंडागर्दी कर रही है व पंजाब को उसका हक नहीं देगी। इसके खिलाफ भगवंत मान अकेले लड़ रहे हैं।

**केंद्र को घेरा**

▶▶ गुंडागर्दी कर रही मोदी सरकार, नहीं देती पंजाब के हक, इसके खिलाफ भगवंत मान अकेले लड़ रहे

## दिल्ली में जल संकट पर बढ़ी सियासत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बढ़ती गर्मी से दिल्ली के लोग पहले से परेशान हैं। ऐसे में पानी की कमी ने दिल्लीवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है। गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा समर एक्शन प्लान के मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल पहले ही आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार को कठघरे में खड़ा कर चुके हैं। अब दिल्ली में पानी की कमी पर धरना प्रदर्शन के साथ राजनीति शुरू हो गई। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को यहां पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में पानी का संकट बना हुआ है। इसका मुख्य कारण हरियाणा से दिल्ली को पानी ना देना है। दिल्ली यमुना के पानी पर निर्भर है। वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जलशोधन सयंत्र में यमुना का पानी जाता है। अगर यमुना में पानी नहीं होगा तो इन प्लांट में पानी कैसे आएगा। आज दिल्ली सरकार पानी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जा रही है। कोर्ट से रिक्वेस्ट करेंगे कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश को आदेश दे कि वो दिल्ली का पानी दें। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में टैंकर से पानी की समुचित आपूर्ति करने लिए एक नियंत्रण कक्ष बना रहे हैं।



## नोएडा के जीआईपी मॉल पर ईडी की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड में 3,93,737.28 वर्ग फुट के बिना बिके वाणिज्यिक स्थान के रूप में रखी इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड (मैसर्स आईआरएएल की होल्डिंग कंपनी) से संबंधित करीब 291.18 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। ईडी ने 3,93,737.28 स्क्वायर फुट की कमर्शियल जगह पर बने नोएडा के ग्रेट इंडिया पैलेस मॉल के एम्यूजमेंट पार्क को अटैच किया है।

## महंगाई-बेरोजगारी के मुद्दे पर मोदी सरकार के हुआ मतदान: खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को दावा किया कि लोगों ने इस बार जाति-धर्म से ऊपर उठकर इस बार लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए वोट किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर मुद्दों से गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर जनता मोदी सरकार को हटाने जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की।




इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के भाषणों और उसमें उल्लेख हुए विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए धार्मिक मुद्दों को उठाया। लेकिन हमारा दावा है कि जनता ने उन्हें इन मुद्दों पर वोट नहीं किया। खरगे ने महात्मा गांधी को लेकर प्रधानमंत्री के बयान पर उन्हें घेरने की कोशिश की। महात्मा गांधी दुनिया में कई नेताओं के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। यह कहना कि एक व्यक्ति फिल्म नहीं बनाता तो दुनिया को गांधी के बारे में पता नहीं चलता, गलत है। उन्होंने प्रधानमंत्री की रैलियों की संख्या से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्हें पता चल गया है कि इस बार उनकी सरकार नहीं बनने जा रही है। कांग्रेस नेता ने विश्वास जताया कि देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमारी सरकार का मकसद सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीयता और विकास होगा।

**दावा**

▶▶ हमारी सरकार का मकसद सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीयता और विकास होगा: मल्लिकार्जुन खरगे

## आरबीआई का 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी रहने का अनुमान



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया है। रिजर्व बैंक ने अपनी इस रिपोर्ट में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 की अवधि के लिए केंद्रीय बैंक के कामकाज को शामिल किया गया है। रिजर्व बैंक ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.0 फीसदी में जोखिम दोनों तरफ समान रूप से संतुलित होंगे।

## ज्ञान से समृद्धि की ओर बढ़ रहा है भारत : गडकरी

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: अप**ने हिमाचल के दो दिवसीय चुनावी दौरे में सडकें अच्छी होगी तभी हम विकास के मापदंडों पर खरा उतर पाएंगे आज चारधाम में देश तीन गुना से ज्यादा संख्या में लोग देख रहा है तो इसका कारण मात्र चारधाम प्रोजेक्ट के अंतर्गत बने 12,000 करोड़ के विश्वस्तरीय हाई.वे है जिस कारण तीर्थाटन व पर्यटन को बढ़ावा मिला है अच्छी सडकें स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार स्वच्छ जल यह विकास के कुछ मूल है जिसपर की हमारी सरकार 10 सालों से कार्य कर रही है। आज हमारी सरकार ने देश को कश्मीर से कन्याकुमारी तक विश्वस्तरीय सडकों के माध्यम से जोड़ दिया है जिससे कि देश के नागरिकों के संसाधनों का बचाव हो रहा है साथ ही किसी भी राष्ट्र के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका उस देश की सडकों पर निर्भर करता है। आज हमारी सरकार ने ग्रीन हाईवे, ग्रीन कोरीडोर जैसे विचार इस विकास यात्रा में राष्ट्र को सर्मिप्त किए है। आज देश के नागरिक एक्सीस कन्ट्रेल सडकां के माध्यम से पूरे देश भर कहीं आ जा सकते है। हिमाचल में भी बड़े स्तर पर हाइवे, रोपवे व केवल कार जैसे बड़े प्रोजेक्ट बनाए जा रहे है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार हिमाचल के लोगों को समृध एंव संपन्न बनाना चाहती हैं हिमाचल प्रदेश को अच्छी सडके देना चाहती हैं। हम हिमाचल के नागरिकों को अच्छी आय के साधन प्रदान करना चाहते है व पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना चाहते है और यह सब केवल आपकी वोट की ताकत से ही संभव हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना भाजपा की देन है और देश के 6.50 लाख में से 4.50 लाख गाँव को इस योजना से जोड़ा गया था।



**सशक्त भारत**

▶▶ हिमाचल में 1 लाख करोड़ के काम केंद्र के सौजन्य से जारी, बड़े स्तर पर हिमाचल में पूरे होंगे रोप-वे का काम

## बाढ़ ने मणिपुर में मचाई तबाही, तीन की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल: म**णिपुर की इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बुधवार को सेनापति जिले के थोंगलांग रोड पर भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि 83 वर्षीय एक महिला उफनती सेनापति नदी में डूब गई। उन्होंने बताया कि इंफाल में 75 वर्षीय एक व्यक्ति की बुधवार को बारिश के दौरान बिजली के खंभे के संपर्क में आने से करंट लगने से मौत हो गई। अधिकारी ने आगे जानकारी इम्फाल नदी के उफनने से कई इलाके जलमग्न हो गए।

**प्रचार किया** हम आजाद देश में औरंगजेब पैदा नहीं होने देंगे, कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का चुनावी घोषणा पत्र बन गया है

## कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है: योगी

**खेमचंद शास्त्री/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**मंडी/हमीरपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिवस को हिमाचल प्रदेश के मंडी में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार कंगना रनौत के पक्ष में हमीरपुर मैं केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के पक्ष में प्रचार के अंतिम दिन चुनाव प्रचार किया। कुल्लू में जनसभा को सम्बोधित करते हुई रैली कंगना की जमकर तारीफ की और उनकी तुलना मीराबाई से लेकर रानी पद्मिनी और रानी लक्ष्मीबाई से करते हुए कहा कि कंगना रनौत में मीराबाई के जैसी भक्ति हैं उसमें महारानी पद्मिनी का तेज है और विरोधियों से जूझने के लिए रानी लक्ष्मीबाई जैसा शौर्य और वीरांगना का भाव भी है। आपने देखा होगा कैसे इन्होंने मुंबई में उद्धव ठाकरे और कांग्रेस की सरकार को सडको पर नाकों चने चबवा दिए थे। उन्होंने एक बार फिर 400 पार के नारे को दोहराते हुए दावा किया कि आज लोग कह रहे हैं जो राम लाए हैं हम उनको लाएँगे। मुख्यमंत्री योगी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के पक्ष में प्रचार करते हुए कहा कि अनुराग प्रधानमंत्री के नवरत्नों में से एक है और प्रधानमंत्री मोदी कि केबिनेट का एक स्मार्ट चेहरा जो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केबिनेट मंत्री पीयुष गोयल की बराबरी का गिना जाता है। विकास की एक एक योजना को देश को बताने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने काशी और अयोध्या का काम तो पूरा कर दिया है अब हम मथुरा की ओर बढ़ गए हैं। ये चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच में है। रामद्रोही, आतंकवादी, विकास को बाधित करने वाले और भारत को अपमानित करने वाले इंडी गठबंधन के लोग हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में बीते 10 साल में व्यापक बदलाव हुए है। सरकारें पहले भी थीए पैसा पहले भी था, देश और प्रदेश भी वही था, मगर तब विकास की सोच नहीं थी। केवल अपने परिवार के विकास की सोच ही हावी थी।



**कांग्रेस को घेरा**

▶▶ 1940 में जो मुस्लिम लीग ने घोषणाएं की थी वही आज कांग्रेस का घोषणा पत्र कह रहा है: सीएम योगी

## जम्मू: बस खाई में गिरी, 21 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू:** जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 40 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।



**बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए शिवखोड़ी जा रहे थे यात्री:** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश नंबर की यह बस जम्मू से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह हादसा हो गया।

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**ई-टेंडरिंग (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट दिल्ली-110006, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-खरीद प्रणाली के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 40245171 | 66/27 केवी ट्रैक्शन पावर ट्रांसफार्मर 21.6 एमवीए क्षमता) ओएनएएन/(30.24 एमवीए) ओएनएएफ (ऑफ लोड टैप चेंजर के साथ, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज। आरडीएसओ विशिष्टता संख्या टीआई/एसपीसी/पीएस आई/टीआरएन डब्ल्यूआर/3201 या नवीनतम के अनुसार। कार्य के दायरे में डिजाइन, विनिर्माण, संयोजन, गंतव्य के लिए प्रेषण और वितरण से पहले परीक्षण और उतराई, निर्माण कमीशनिंग और परीक्षण शामिल हैं। | 01 नग | 08/07/2024 |

नोट:- 1. विक्रेता विस्तृत विवरण के लिए IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in देख सकते हैं। 2. किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

सं.: डिप्टी सीएमएम/सी/एनएस/40245171/2024 दिनांक: 30.05.2024 1623/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पिताः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र**ः लगभग 45 साल, **कद** : 5 फीट 6 इंच, **रंग** : गेहुँआ **पहचान चिन्हः** दाहिने हाथ पर पुराना निशान। **पहनावा** : उपरी शरीर नग्न व काले रंग की पतलुन जो वह हिमाचल जूस के पास इमरजेंसी गेट पर बेहोशी की हालत में मिला जिसे एलबीएस अस्पताल में एमएलसी संख्या 3646/24 के तहत भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उन्हें 27.05.2024 को 01:15 बजे मृत लाया घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **डीडी सं. 12ए दिनांक 27.05.2024** के तहत थाना कल्याणपुरी, दिल्ली में दर्ज की गई है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के परिजनों के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के परिजनों के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**

**थाना : कल्याणपुरी, दिल्ली**

**DP/6430/ED/2024 फोन: 011-22772287, 8750871830**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

**मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त शाहनवाज़ पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी मकान नं. 703, चाँदनी महल, दिल्ली ने केस एफआईआर नं. 368/15, अन्तर्गत धारा 392/34 आईपीसी, थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली के** अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहनवाज़** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहनवाज़** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **368/15, अन्तर्गत धारा 392/34 आईपीसी, थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहनवाज़** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.07.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री अखिल मलिक**
महानगर दण्डाधिकारी-02
कमरा नं. 38, शाहदरा
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/6315/SHD/2024**
**(Court Matter)**


## उत्तर रेलवे

**TENDER NOTICE**

**ireps के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | एनआईटी | 03A&B/22-23 दिनांक : 30.05.2024 | |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ): क्रमांक A. एडीईएन/उत्तर रेलवे, केंद्रीय अस्पताल, नई दिल्ली के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनआरसीएच के अनुभाग में एनआरसीएच में मुख्य भवन के बाहरी हिस्से की मरम्मत और सुधार और अन्य विविध कार्य। B. एडीईएन/उत्तर रेलवे, केंद्रीय अस्पताल, नई दिल्ली के अंतर्गत एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच में 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए केंद्रीय अस्पताल का वार्षिक क्षेत्र कार्य। | | |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 1. रूपये 1,89,99,996.70 | 2. रूपये 97,99,726.45 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | 1. रूपये 2,45,000 | 2. रूपये 1,96,000 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 1. 08 महीने | 2. 12 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 21.06.2024 को 15.00 बजे तक तथा 21.06.2024 को 15.00 बजे निविदा खोलना | |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

No. 128-W/269/OET/22-23/NRCH/NIT 03 Dated: 27-05-2024 1616/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना सख्याः 03/2024-25 दिनांकः 28.05.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 92245780 | लेजर हाइट एण्ड स्टेगर गेज फोर बी. जी. लाइन (1676 एम एम )। | 19 नग | 27.06.2024 |
| 2 | 92245253D | सप्लाई आफ स्टापर फोर बी. डब्ल्यू. टी. वैगन्स। | 930 नग | 01.07.2024 |
| 3 | 92245357A | सप्लाई इंस्टालेशन एण्ड कमिशनिंग ऑफ आटोमेटिक कम्प्यूटराइज्ड एक्सल बॉक्स। | 07 नग | 03.07.2024 |

नोटः उपरोक्त ई-प्रापण निविदा का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। 935/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हर्ष वर्मा**, **पुत्रः श्री सतीश वर्मा, पताः** मकान नं. 246, एलआईजी फ्लैट, पॉकेट-3, पश्चिम विहार, दिल्ली-63 ने **FIR No. 387/2019, U/s 279/338 IPC, थानाः राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष वर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष वर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 387/2019, U/s 279/338 IPC, थानाः राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हर्ष वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री एकानी अग्रवाल**
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं. 107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6484/OD/2024**
**(Court Matter)**

# गर्म द्वीपों के शहर में तब्दील हो रही है दिल्ली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी गर्म द्वीपों का शहर बनती जा रही है। इसके तापमान में बीते एक दशक में औसत सात डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2014 की मई में अमूमन 30-33 डिग्री तक गर्म रहने वाली दिल्ली मई 2024 में 40 डिग्री तक गर्म है। इससे अभी राहत के भी आसार नहीं हैं। पूर्वानुमान है कि जून के पहले सप्ताह तक लोग 40 डिग्री से ऊपर की धूप झेलते रहेंगे। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) ने दिल्ली में मई के तापमान पर शोध किया तो पता चला कि मई 2014 में औसत तापमान 30-33 डिग्री सेल्सियस के बीच था। कुछ ही इलाके ऐसे थे, जहां का तापमान 33.1-34 डिग्री सेल्सियस रहा। इसमें भी ज्यादातर उत्तरी व दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के बाहरी इलाके थे। इसके उलट 2022 में दिल्ली के ज्यादातर इलाकों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। पूर्वी व मध्य दिल्ली के चंद इलाके ही 36-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहे। सेटेलाइट डाटा के आधार पर की गई मैपिंग से पता चला कि दिल्ली के औसत तापमान में बढ़ोतरी की शुरुआत 1998 से हो रही है, लेकिन 2014 के बाद से इसमें तेजी से इजाफा हुआ है। एक दशक के तापमान में सात डिग्री का फर्क आ गया है। विशेषज्ञ बताते हैं कि गर्म द्वीप स्थानीय मौसम पर सीधा असर डाल रहे हैं। गर्म इलाकों में अपेक्षाकृत बारिश कम होती है, जबकि हरे-भरे इलाकों में ज्यादा। इसकी वजह यह है कि हरे क्षेत्र हवा की नमी खींच लेते हैं। जबकि कंक्रीट वाले इलाकों की हवा पूरी तरह शुष्क रहती है। इस बार दिल्ली में इसी तरह की बारिश हुई थी।

**दिन में ग्रामीण क्षेत्र गर्मः** नजफगढ़, मुंगेशपुर, जाफरपुर जैसे बाहरी दिल्ली के इलाकों में ज्यादा तापमान रिकॉर्ड हो रहा है। कारण यह है कि इस समय फसलें कट गई हैं। तुलनात्मक रूप से हरियाली नहीं है। सघन आबादी वाले यह इलाके पथरीले भी हैं। इसके मिले-जुले असर से यहां का तापमान बाकी दिल्ली से ज्यादा है। सबसे बड़ी वजह निर्माण स्थलों में बढ़ोतरी है। 2003 में दिल्ली का 31.4 फीसदी क्षेत्र निर्मित था। 2022 में यह 38.2 फीसदी पहुंच गया। इससे बचने के लिए हरियाली बढ़ानी पड़ेगी। ऐसे में वही पौधे लगाए जाएं, जो दिल्ली की आबोहवा के हिसाब से हों। खेतिहर इलाकों में ज्यादा समय पर हरी-भरी हरने वाली फसलों को लगाया जाए।

**शहरी गर्म द्वीप**

शहरों के बीच बसे ऐसे इलाके, जहां का औसत सालाना तापमान अपने आसपास के क्षेत्रों से ज्यादा दर्ज होता है उन्हें शहरी गर्म द्वीप माना जाता है। शोध के मुताबिक दिल्ली में संगम विहार, बदरपुर, जैतपुर, आईजीआई एयरपोर्ट, नजफगढ़, छतरपुर, मुंडका, जाफरपुर, मुंगेशपुर, नरेला, शाहदरा सरीखे इलाके इसी श्रेणी में आते हैं।

## लापरवाही से जा सकती है जान

**फरीदाबाद :** तेज धूप और लू के कारण निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। कई बार लू लगने के बाद समय पर उपचार न मिलने से लोगों की मौत भी हो सकती है। डॉक्टरों की मानें तो लू लगने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है, ऐसे में मस्तिष्क से लेकर हृदय ठीक प्रकार से काम करना बंद कर देते हैं, जिससे लोगों की मौत हो जाती है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या** : NER-LJN-GS-2024-02, **कार्य का नाम** : उत्तर प्रदेश के थॉमसनगंज स्टेशन पर विश्व-स्तरीय गुड्स शेड के विकास के संबंध में थॉमसनगंज यार्ड में मौजूदा ट्रैक को हटाना/स्लीविंग करना एवं नया ट्रैक बिछाना, **अनुमानित लागत** : ₹ 1,56,46,925.46, **अग्रिम धन** : ₹ 2,28,200.00, **समापन अवधि** : 12 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-2 के लिए ई-निविदा दिनांक 20.06.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-91 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


## तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक्सप्रेसवे से नीचे गिरी इको



**गाजियाबाद/मसूरी :** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर गंगनहर के पास गुरुवार को शाम साढ़े चार बजे इको कार में पीछे से आ रही तेज रफ्तार वरना कार ने टक्कर मार दी, जिसके बाद इको कार एक्सप्रेसवे से नीचे गिर गई। इसमें 13 वर्षीय रिया की मौत हो गई। जबकि दो परिवार के आठ लोग घायल हो गए। उनको जिला संयुक्त अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे के बाद वरना को मौके पर छोड़कर उसमें सवार युवक युवती फरार हो गए। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि इको कार में गुजरात के राजकोट मोर्वी निवासी हितेंद्र सोलंकी (42), राहुल (42) उर्वशी (30) हैतल (40), पार्थ (09), नक्षत्र (08), हिमांशु (04), उद्रा (02) सवार थे। रिया की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। घायलों का उपचार चल रहा है। उपचाराधीन सभी लोग अभी ज्यादा बोलने की स्थिति में नहीं है। परिवार हरिद्वार से लौट रहा था। वरना कार के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

# जैसे-तैसे कंप्यूटर लैब बनी पर सीखने का सपना अभी भी अधूरा

**नोएडा/जेवर/दादरी/दनकौर।** एक तरफ सरकार तकनीकी शिक्षा पर जोर दे रही है, वही दूसरी ओर बेसिक स्कूलों में कंप्यूटर की व्यवस्था कराने पर सरकार का जोर नहीं है। जिला प्रशासन ने निजी कंपनियों व कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड की मदद से 80 स्कूलों में कंप्यूटर लैब स्थापित कराई है, लेकिन उनके संचालन की व्यवस्था चरमरा गई है। दरअसल, कंप्यूटर लैब निजी कंपनियों के कंप्यूटर शिक्षकों पर निर्भर है। जब शिक्षक स्कूल आते हैं।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "उच्च क्षमता वाली पावर कारों के 500KVA, 750V ब्रशलेश अल्टरनेटर की सर्विसिंग, मरम्मत और रिवाइंडिंग"। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 24.06.2024 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 30.05.2024 13:19 बजे |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | ₹1,51,08,018.45 सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | ₹2,25,600/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | NIL (अप्रैल 2022 के भाग-I खण्ड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 90 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 10.06.2024 | बोली समापन तिथि | 24.06.2024 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं.: 56-डब्ल्यू/इलेक्ट/23-24/टी-17/अल्टरनेटर 1622/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**Tender Notice**

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 98245239A | ब्लूटूथ के साथ रेल प्रोफाइल मापने के उपकरण (मिनीप्रोफ) की आपूर्ति। आरडीएसओ मिनिप्रोफ रेल द्वारा जारी विशिष्टता संख्या टीएम/एसएम-323 "रेल प्रोइल माप उपकरण (मिनीप्रोफ) की विशिष्टता" के अनुसार रेल मापने की इकाई में शामिल हैं: 1. एनविजन सॉफ्टवेयर मोल्डयूलः कोर माप और विश्लेषण (एकल उपयोगकर्ता स्थापना), 2. केबल के साथ सहायक उपकरण किट 3. चार्जर, 4. हल्के परिवहन केस 5. टेलीस्कोपिक रॉड, 6. घुमंतू पीडीए, स्वीकृत मेकः ग्रीनवुड इंजीनियरिंग या समकक्ष। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज इंस्पे. नहीं स्टेजः 0) | 01 Set | 24.06.2024 at 11:00 hrs | 74160.00 |
| 02 | | विशिष्टता संख्या के अनुसार वारंटी अवधि के बाद मिनीप्रोफ का पांच साल का एएमसी शुल्क। टीएम/एसएम-323, लागत विवरण और विस्तृत विशेष शर्तें अनुबंध ए के रूप में गलत हैं। (निरीक्षण एजेंसीः CONSG स्टेज इंस्पे.: नहीं स्टेजः0 | 01 Set | | |

Note: 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2. No manual offer will be entertained.

E-Tender Notice No. 98245239A

Dated: 30.05.2024

1621/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 40 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 6 फुट, **रंगः** काला, **पहनावाः** नेवी ब्लू रंग की शर्ट, भूरे रंग की पैंट पहने हुए है, **पहचान चिन्हः** ठोड़ी पर कटे का निशान **बरामदी स्थलः** जो आईटीसी मौर्या होटल, एसपी मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली के पास 27.05.2024 को मृत पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 72A** दिनांक **27.05.2024**, थाना-चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थानाः चाणक्यपुरी, नई दिल्ली**

**DP/6365/NDD/2024 फोनः 011-23012003, 8750870523**

## पहचान के लिए अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 60 साल, **कदः** 5'7", **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** मैरून रंग की टी-शर्ट और काला रंग का लोअर पहने है, **बरामदी स्थलः** जो दिल्ली के नॉर्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन के सामने, चेम्स फोर्ड रोड, पहाड़ गंज, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया। मृतक के शव को पहचान के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल, नई दिल्ली के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है।

इस संबंध में **DD No. 101A, दिनांक 27.05.2024, पुलिस स्टेशनः पहाड़गंज**, दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली**

**DP/6456/CD/2024 फोनः 8750870427 & 9910909040**


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 24/36 दिनांकः 28.05.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20242535 | स्प्रिंग वाशर एम-20 | 10000 नग | 24.06.2024 |
| 2 | 20242690 | पिनियन फॉर 630 के.डब्लू. हिटाची ट्रैक्शन मशीन | 50 नग | 24.06.2024 |
| 3 | 20242618 | 16 टीथ पिनियन फॉर डब्लू.ए.जी.-7 लोको ट्रैक्शन मशीन | 117 नग | 24.06.2024 |
| 4 | 20242494 | मॉडिफाइड इक्वलाइजर पिन | 807 नग | 24.06.2024 |
| 5 | 20242493 | डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक ऐबजार्बर | 306 नग | 24.06.2024 |
| 6 | 20242516 | मॉडिफाइड पिन विथ लुब्रिकेशन ऐरेन्जमेन्ट | 1185 नग | 24.06.2024 |
| 7 | 64245131 | ड्राइव ब्रेक | 24 नग | 01.07.2024 |
| 8 | 63245140 | फिटिंग्स फॉर लेवल क्रॉसिंग ऑन वाइडर बेस पीएससी स्लीपर्स फॉर 60 केजी टू आरडीएसओ ड्राइंग नं0. टी-8969. | 175 सेट | 25.06.2024 |
| 9 | 20242527 | साइड बेयरर | 321 नग | 24.06.2024 |
| 10 | 20243152 | अपर अर्टिकुलेशन असेंबली | 43 सेट | 26.06.2024 |
| 11 | 20243149 | बो असेंबली | 34 नग | 26.06.2024 |
| 12 | 80241031 | इनहिबिटेड मिनरल इंसुलेटिंग (ट्रांसफॉर्मर) तेल | 52749 लीटर | 28.06.2024 |
| 13 | 50235383बी | एलईडी सिगनल लाइटिंग | 280 नग | 19.06.2024 |
| 14 | 20243405 | सेट ऑफ ऑग्जीलियरी कॉन्टेक्टर | 05 सेट | 19.06.2024 |
| 15 | 40233377 | ब्रशलेस अल्टरनेटर 4.5 के डब्लु [विदआउट ईआरआरयू / आर आर यू] | 13 नग | 24.06.2024 |
| 16 | 40233360 | एलइडी लाइट फिटिंग फार कोरीडोर | 1500 नग | 24.06.2024 |
| 17 | 40233391 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर-कम-रेगुलेटिंग यूनिट | 25 नग | 24.06.2024 |
| 18 | 40231615ए | एस एस बोल्ट नट विद लॉक नट | 2275 नग | 24.06.2024 |
| 19 | 40233340 | सील्ड मेनटेनेन्स फ्री बैटरी 12 वी, 42 एच | 328 नग | 26.06.2024 |
| 20 | 30232037बी | प्रेशर गेज 80x10 एमएम | 117 नग | 24.06.2024 |
| 21 | 30232501 | पॉवर सप्लाई पीबी03ए | 24 सेट | 24.06.2024 |
| 22 | 30242647 | रबर पैड फॉर प्राइमरी सस्पेन्शन | 1223 नग | 24.06.2024 |
| 23 | 30242041 | सेकेंडरी स्प्रिंग फॉर चेयर कार | 54 नग | 24.06.2024 |
| 24 | 30242661 | सेट ऑफ कंट्रोल आर्म्स | 32 सेट | 24.06.2024 |
| 25 | 30232878बी | फ्लेक्स बॉल केबिल लॉन्ग | 31 नग | 24.06.2024 |

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। 927/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, आपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं उमेश अरोड़ा सुपुत्र श्री ओम प्रकाश अरोड़ा निवासी मकान नंबर 291, गली नंबर-3, चर्च के पास बसंत विहार करनाल ब्यान करता हूं कि स्कूल प्रमाण पत्र में मेरी लड़की का नाम रिधिका लिखा हुआ है, जबकि आधार कार्ड में उसका नाम रिधिका अरोड़ा दर्ज है। रिधिका और रिधिका अरोड़ा दोनों मेरी लड़की के ही नाम हैं। भविष्य में मेरी बेटी को रिधिका अरोड़ा के नाम से जाना जाए।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ड्रामेबाज है और जनता की आंखों में धूल झोंक रही है : नायब सैनी

## देश और पंजाब के विकास के लिए मोदी जरूरी है, भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत करने का काम करें: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब में इंडी गठबंधन पर तीखे प्रहार किए। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पंजाब में आमने-सामने चुनाव लड़ने का ड्रामा कर रही है, वहीं हरियाणा और दिल्ली में एक साथ चुनाव लड़कर लोगों को ठग रही है। सीएम सैनी गुरुवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पठानकोट के फतेहगढ़ चुड़ियां और तारागढ़ में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। यहां श्री सैनी ने कहा कि देश और पंजाब के विकास के लिए मोदी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत करने का काम करें।



भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में फतेहगढ़ चूड़ियां और तारागढ़ में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए नायब सैनी ने कहा कि राष्ट्रवाद और समाज हित पंजाब के बंधुओं के लिए सर्वोपरि है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे अपनी वोट की शक्ति से भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों का मोदी की गारंटी पर अटूट विश्वास है और प्रदेश की सभी सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाने का काम जनता करेगी।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस

**वोट की अपील**

**⏩ वोट की शक्ति से पंजाब की जनता भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकने का काम करेगी: नायब सैनी**

भ्रष्टाचार की जननी है। अब कांग्रेस के साथ एक और भ्रष्टाचारी पार्टी आम आदमी पार्टी जुड़ गई है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां ड्रामेबाज हैं, पंजाब में अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं और दिल्ली तथा हरियाणा में एक साथ इन पार्टियों ने चुनाव लड़कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है।

जनसभाओं के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं को यह भी नहीं पता कि उनका लीडर कौन है। आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मंत्री भी जेल की हवा खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के जो लोग पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था पर किसी समय सवाल खड़े करते थे, आज खुद ही पंजाब कि कानून व्यवस्था सही न होने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं।

पत्रकार द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्री सैनी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग देश के अंदर भ्रष्टाचार के लिए वोट मांग रहे हैं। घमंडिया गठबंधन पर तीखे प्रहार करते हुए नायब सैनी ने कहा कि जो देश को तोड़ने वाली ताकते हैं उन ताकतों के साथ बैठकर इंडी गठबंधन के नेता चाय पानी करते हैं और देश विरोधी ताकतों को बढ़ावा देने का काम करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर इशारा करते हुए नायब सैनी ने कहा कि जो व्यक्ति यहां पर लोगों की सुरक्षा देने की बात करके सत्ता पर आया, वही व्यक्ति अब कह रहा है आतंकवादी घटनाएं बढ़ रही हैं। नायब सैनी ने सवाल करते हुए कहा कि पंजाब के लोग यह जानना चाह रहे हैं कि अब आम आदमी पार्टी के नेता किस आधार पर वोट मांग रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है।

# हिन्दी पत्रकारिता अद्भुत कार्य कर रही है: बंडारू दत्तात्रेय

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने देश व प्रदेशवासियों को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता प्राप्ति में हिन्दी पत्रकारिता का महान योगदान रहा है। आज हिन्दी पत्रकारिता देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए अद्भूत कार्य कर रही है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाना उन तमाम पत्रकारों को श्रद्धासुमन है, जिन्होंने हिन्दी पत्रकारिता को अपना जीवन समर्पित किया। पंडित जुगल किशोर शुक्ल हिन्दी पत्रकारिता के मशाल वाहक माने जाते हैं। उन्होंने 30 मई 1826 को उदंत मार्तण्ड साप्ताहिक समाचार पत्र निकालकर हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत की। इस समाचार पत्र के बाद हिन्दी व अन्य भाषाओं के साथ-साथ विभिन्न भाषाओं में समाचार पत्र प्रकाशित हुए और जनसंचार के क्षेत्र में देश की आवाज बने। इन्हीं की बदौलत जन-जन में स्वतंत्रता प्राप्ति का जोश पैदा हुआ, जिसके परिणामस्वरूप देश को 15 अगस्त 1947 में आजादी मिली। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति में मीडिया विशेषकर हिन्दी पत्रकारिता ने एक हथियार का काम किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रेस ने आजादी प्राप्ति में तो एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ही थी, आज के दौर में भी हिन्दी पत्रकारिता अपना दायित्व बखूबी निभा रही है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और जनमानस की समस्याओं को सरकार व प्रशासन तक पहुंचाने में हिन्दी पत्रकारिता मजबूत सेतु की भूमिका में हैं। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में आज हिन्दी पत्रकारिता का महत्व और बढ़ा है। देश के सबसे ज्यादा भू-भाग में हिन्दी भाषा बोली जाती है। इसलिए जनसंचार में हिन्दी पत्रकारिता एक प्रभावी माध्यम है। सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में आज अनेकों युवा हिन्दी पत्रकारिता में अपना भविष्य बना रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पलवल : कोर्ट के आदेश पर वकील व भाई पर फायर मामले में 24 पर मुकदमा दर्ज

पलवल: पलवल में हसनपुर थाना क्षेत्र में एक वकील व उसके भांजे पर जानलेवा हमला कर उसकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने का मामला गुरूवार को प्रकाश में आया है। हसनपुर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 14 नामजद सहित 24 के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। मिली जानकारी के अनुसार बासवां गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह ने कोर्ट में दायर इस्तगासा में कहा है कि वह पेशे से वकील है। 21 अप्रैल को अपनी बहन के यहां रामगढ़ गया हुआ था। उसका कहना है कि वह पहले सुमेर सरपंच के घर गया तो पता चला की सरपंच खेतों पर गए हुए हैं। इसके बाद वह अपने भांजे नीरज को गाड़ी में लेकर सरपंच के खेतों पर चल दिया। जब वे खेतों पर पहुंचे तो देखा कि 25-30 व्यक्ति अपने हाथों में घातक हथियार लिए हुए थे, जिनकी उसने अपनी गाड़ी में से वीडियो बनाई। जिनमें से कुछ को उसके भांजे ने पहचान लिया। उन्होंने गाड़ी को रुकवाया और गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने विरोध किया तो उन्होंने गाडी पर लाठी, गंडासा व फरसा से हमला कर गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। उसने मौके से गाड़ी लेकर भागना चाह तो अवैध हथियारों से उसे जान से मारने की नीयत से फायर करने शुरू कर दिए, लेकिन गाड़ी चलने के कारण गोली उसे नहीं लगी। इसकी शिकायत उसने पुलिस को दी तो हसनपुर थाना पुलिस ने उल्टा उसके खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया। थाना प्रभारी के अलावा डीएसपी व एसपी से गुहार लगाई, लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। इसके बाद उसने न्याय के लिए होडल कोर्ट में इस्तगासा दायर की। इस्तगासा के आधार न्यायालय ने हसनपुर थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए। हसनपुर थाना प्रभारी अजीत नागर ने गुरूवार को बताया कि कोर्ट के आदेश पर हसनपुर थाना पुलिस ने रामगढ़ गांव निवासी सुमेर, हरि, चन्दन, भगत, भोला, रोहित, मुकेश, सुधीर, कर्मवीर, उदयवीर, तेजन, कुलदीप, पवन व नन्दकिशोर सहित 24 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कैथल: मतगणना के लिए बनाईं 76 टीमें

**कैथल।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की मतगणना 4 जून को होगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा 16 रिजर्व टीमों सहित कुल 76 टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों को 31 मई को जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि कैथल विधानसभा क्षेत्र की मतगणना आरकेएसडी कॉलेज में, कलायत विधानसभा क्षेत्र की मतगणना आरकेएसडी स्कूल में, पूंडरी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना आईजी कॉलेज के कॉमन हॉल तथा गुहला विधानसभा की मतगणना आईजी कॉलेज के मुख्य हॉल में होगी। मतगणना के पूरे कार्य की वीडियोग्राफी की जाएगी। हॉल में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं और हॉल से बाहर एलईडी भी लगवाई जाएगी। काऊंटिंग हॉल में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश करेगा। अनाधिकृत व्यक्ति किसी भी सूरत में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### हिसार : घर-घर जाएंगे नगर निगम के 500 कर्मचारी, करेंगे प्रोपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड

**हिसार:** नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा है कि शहरवासी अपनी प्रोपर्टी आइडी को सेल्फ सर्टिफाईड करवाएं। इसके लिए नगर निगम के 500 कर्मचारियों को शहर की प्रोपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करने के लिए घर-घर भेजा जाएगा। वे गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र की प्रोपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करवाने बाबत बैठक ले रहे थे। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जो नगर निगम द्वारा कर्मचारी प्रोपर्टी सेल्फ सर्टिफाइड करवाने के लिए उनके पास आए तो उनसे प्रोपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करवा लें। इससे शहरवासियों की आईडी का डाटा सुरक्षित हो जाएगा और इसके बाद खुद मालिक के अलावा अन्य कोई भी व्यक्ति उनकी प्रोपर्टी आईडी से उनकी अनुमति के बिना कोई बदलाव नहीं कर सकेगा।

# योग से जीवन में अनुशासन आता है : प्रो. दिनेश राणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में चल रहे चार दिवसीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप के तीसरे दिन केयू यूथ रेड क्रॉस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. दिनेश सिंह राणा ने योग के विभिन्न सकारात्मक पहलुओं पर बात की। उन्होंने कहा कि योग से जीवन में समग्र अनुशासन आता है, योग व्यक्ति के शरीर, मन, भावना और ऊर्जा के स्तर पर कार्य करता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशन में एवं प्रो. दिनेश सिंह राणा के मार्गदर्शन में संचालित इस कैंप में यूथ रेड क्रॉस के सात सिद्धांतों में से एक योग के महत्व पर भी बात की गई। उन्होंने कहा कि योग के चार व्यापक वर्गीकरण है कर्म योग, जहां हम शरीर का उपयोग करते हैं, भक्ति योग जहां हम भावनाओं का उपयोग करते हैं, ज्ञान योग जहां हम मन और बुद्धि का उपयोग करते हैं तथा क्रिया योग जहां हम ऊर्जा का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि ध्यान के माध्यम से जीवनचर्या को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। प्रो. राणा ने यूथ रेड क्रॉस के प्रथम सिद्धांत मानवता को योग से जोड़ते हुए उपस्थित जन - समूह को योग सीखकर समाज में मानवता धर्म आचरण में लाने व आसान, प्राणयाम व ध्यान के माध्यम से जीवनचर्या को सुदृढ़ बनाने के लिये भी प्रेरित किया।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान करें सरकार: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री आए दिन कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर चुनाव में विपक्षी दलों की मदद करने का आरोप लगाकर 4 जून के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई करने की लगातार धमकी दे रहे हैं। जिसको लेकर राज्य कर्मचारियों में भारी आक्रोश पैदा हो रहा है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बृहस्पतिवार को इस पर कड़ी नाराजगी जताई और इसकी घोर निन्दा की है। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों को धमकाने की बजाय उनकी लंबित मांगों का समाधान कर उनमें सरकार के खिलाफ बढ़ रही नाराजगी को दूर करने के लिए शीघ्र अतिशीघ्र ठोस

**मांग**

**⏩ पुरानी पेंशन, रेगुलराइजेशन, आठवें पे कमीशन के गठन और केन्द्र के समान एचआरए न मिलने से कर्मियों में रोष**

कदम उठाने चाहिए। लेकिन सरकार ऐसा करने की बजाय उसको धमकी देकर आक्रोश को बढ़ाने का ही काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी ही इतनी भीषण गर्मी में बिजली अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान करने में दिन रात जुटे हुए हैं। सरकार को उनकी पीठ थपथपाने की बजाय उनपर गलत आरोप लगाकर उनके मनोबल को तोड़ने का काम नहीं करना चाहिए। श्री लांबा ने बताया कि कर्मचारियों के आंदोलन के दबाव में हरियाणा सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को एग्जामिन करने के नाम पर एक कमेटी का गठन किया था। जिसको बाद में यह कहकर ठंडे बस्ते में डाल दिया की केन्द्र सरकार द्वारा इस मामले में गठित कमेटी के आउटकम के बाद ही सरकार कोई फैसला करेगी। जबकि केन्द्र सरकार तो पुरानी पेंशन बहाली की मांग को मानने के लिए स्पष्ट मना कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक पचास प्रतिशत डीए होने के बाद एचआरए के स्लैब में 10-20-30 करने का भी पत्र तक जारी नहीं किया। जबकि केन्द्रीय कर्मचारी उक्त लाभ ले चुके हैं। जिसके कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों को एक से तीन हजार रुपए तक प्रति महीने नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनवरी,2026 से आठवां पे कमीशन लागू किया जाना चाहिए। लेकिन केन्द्र सरकार ने इसके गठन से ही साफ इंकार कर दिया है। इतना ही नहीं केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं पीएसयू के खाली पड़े करीब एक करोड़ रिक्त पदों को पक्की भर्ती से नहीं भरा जा रहा है। जिससे कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ रहा है। हरियाणा में भी कई लाख पद रिक्त पड़े हैं।

लेकिन उसको पक्की भर्ती से नहीं भरा जा रहा है। सालों से आउटसोर्स एवं ठेका पर काम कर रहे कर्मचारियों को न तो नियमित करने की पालिसी बनाई जा रही है।

# देश के जन-जागरण में हिंदी पत्रकारिता का महत्वपूर्ण योगदान: डॉ अशोक कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार के विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार ने कहा कि भारत देश के जन जागरण एवं करोड़ों लोगों के जीवन को बदलने में हिंदी पत्रकारिता का महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. अशोक गुरूवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मीडिया एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित एक विशेष व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 30

**इतिहास**

**⏩ पत्रकारिता एवं भारत को जानने के लिए पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को जानना जरूरी**

मई 1826 को पंडित जुगल किशोर के संपादकीय में हिंदी का पहला समाचार पत्र प्रकाशित हुआ था और हर वर्ष भारत में 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

हिंदी पत्रकारिता की ताकत का ही प्रमाण है कि आज भारत के लोग पहले से अधिक जागरूक, सशक्त एवं प्रगतिशील है।

पत्रकारिता ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा कर लोगों को संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की है।

पत्रकारिता के स्तरीय कंटेंट से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। अपनी पहुंच, विस्तार व तकनीक के बल पर वह जन - जन को सूचित व शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना: मोनिका गुप्ता

**नारनौल।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा अनुराग अग्रवाल ने गुरूवार को राज्य के सभी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतगणना की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने इस संबंध में अब तक किए गए प्रबंधों की जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि मतगणना के लिए जिला महेंद्रगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना पीआर सेंटर व महिला आईटीआई में होगी। बैरिकेडिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि केन्द्रों में पर्याप्त संचार सुविधाएं स्थापित की गई हैं।

# अधिकारियों कर्मचारियों को धमकी दे रहे हैं पूर्व सीएम: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान लोकसभा चुनाव में उनकी हार की स्वीकृति है। हार की बौखलाहट में ही बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों को धमकी दे रहे हैं। जबकि उनके पास ना कर्मचारी को धमकी देने और ना ही उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई करने का अधिकार है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर किस अधिकार से वो चुनाव के दौरान और अब मतदान होने के बाद भी में धमका रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर खुद एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी हैं। कोई शिकायत होती भी तो उसका निवारण चुनाव आयोग को करना था। भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान भी मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में वोटिंग के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय

**बौखलाहट**

**⏩ पूर्व मुख्यमंत्री को नहीं है अधिकारियों व कर्मचारियों को धमकी देने का कोई अधिकार - हुड्डा**

घटना होने की जानकारी नहीं आई। बावजूद इसके भाजपा नेता अब बोगस वोटिंग के बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। जबकि देश और प्रदेश दोनों जगह बीजेपी की सरकार है, हर पोलिंग बूथ में बीजेपी के एजेंट मौजूद थे। मौके पर किसी भी एजेंट ने ऐसी कोई शिकायत नहीं की। लेकिन जब बीजेपी को हार सामने दिखने लगी तो हताशा में उसके नेता ऐसी बयानबाजी करने लगे। ऐसे बयानों से स्पष्ट है कि बीजेपी हार स्वीकार कर चुकी है। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने बीजेपी द्वारा किसानों की दोगुनी आमदनी की वादाखिलाफी, महंगाई, बेरोजगारी और अग्निपथ योजना के जरिए युवाओं का भविष्य खराब करने जैसे मुद्दों पर वोट किया है।

# चुनाव खत्म होते ही हरियाणा में लंबे पावर कट शुरू: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने बयान जारी कर हरियाणा में बढ़ते बिजली कटों को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होते ही हरियाणा में लंबे लंबे पॉवर कट लगने शुरू हो गए हैं। इस भंयकर गर्मी में भी बीजेपी के राज में पूरा हरियाणा बिजली के लंबे लंबे कटों से जनता परेशान है। जहां दिन में बिजली की बत्ती गुल रहती है, वहीं बिजली के बिल फुल आते हैं। इस भीषण गर्मी में बिजली के कटों के कारण जनता में हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि 10 साल



में भी बीजेपी सरकार हरियाणा के लोगों को 24 घंटे बिजली नहीं दे पाई, वहीं दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार जनता को फ्री और 24 घंटे बिजली दे रही है। बीजेपी कहती है कि हरियाणा में बिजली की कोई कमी

**साधा निशाना**

**⏩ बिजली कट से जनता परेशान, बीजेपी सरकार नहीं कर रही समाधान, 10 साल में भी 24 घंटे बिजली नहीं दे पायी बीजेपी**

नहीं है। लेकिन गांव में 8-8 घंटे के कट और शहर में 6-6 घंटे के कट लग रहे हैं। लोग बिजली कट से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कमजोर प्लानिंग की वजह से हरियाणा में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही की वजह से, महंगी बिजली खरीदने और महंगी बिजली खरीदकर पावर कट झेलने के कारण हरियाणा के व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए प्रदेश से उद्योगों के हटने का एक मुख्य कारण बिजली है। इस वजह से बेरोजगारी भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार न तो अपने पावर प्लांटों को ठीक करवाती है और न ही प्रदेश के लोगों को अच्छी बिजली मिले इसके लिए कोशिश कर रही है। वहीं पंजाब के घरों में 90% घरों में बिजली का बिल जीरो आता है। इसके बावजूद भी पंजाब सरकार ने करोड़ों रुपए का मुनाफा कमाया है।

# हिसार : सोनिया दुहन ने छोड़ी एनसीपी, जल्द कांग्रेस में शामिल होने के कयास

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार की नजदीकी माने जाने वाली हरियाणा की युवा नेत्री सोनिया दुहन ने गुरुवार को पार्टी छोड़कर बड़ा झटका दे दिया है। इसके पीछे अजीत पवार का हाथ माना जा रहा है। पिछले दो साल से सोनिया दुहन एनसीपी को मजबूत करने के लिए लगातार दिन रात काम कर रही थी। उनके जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया था। युवा नेत्री सोनिया दुहन को एनसीपी में पूरा रूतबा था। उनको

**पार्टी छोड़ा**

**⏩ पवार साहब हमारे नेता थे और रहेंगे। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के जवाब में उन्होंने कहा की बातचीत चल रही है**

पार्टी में विद्यार्थी विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता, वर्किंग कमेटी की स्थाई सदस्य और राष्ट्रीय कार्यालय की बड़ी जिम्मेवारी सौंपी हुई थी। किन्हीं कारणों से उन्होंने एनसीपी पार्टी को छोड़ने की घोषणा की। पार्टी छोड़ने के पीछे उनका कारण माना जा रहा है कि एनसीपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बेटी सांसद सुप्रिया सुले से उनका मनमुटाव होना माना जा रहा है। सोनिया दुहन की पिछले काफी दिनों से कांग्रेस पार्टी के नेताओं से नजदीकियां बढ़ी हुई थीं। सोनिया दुहन ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने एनसीपी को छोड़ दिया है क्योंकि सुप्रिया सुले नेता बनने में नाकामयाब रही।

पवार साहब हमारे नेता थे और रहेंगे। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के जवाब में उन्होंने कहा की बातचीत चल रही है। जल्द ही वह कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगी।

# गठबंधन प्रत्याशी मनीष तिवारी को बसपा प्रत्याशी ने घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को इंडिया गठ**बंधन के तहत चंडीगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मनीष तिवारी को बीएसपी प्रत्याशी ऋतु सिंह ने अचानक बहस के लिए घेर लिया।ऋतु सिंह ने सवालों की बौछार करते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण समाप्त करना चाहती है।इस पर मनीष तिवारी ने कहा कि संविधान के तहत आरक्षण सुरक्षित है।

मनीष तिवारी मीडिया से बातचीत के लिए चंडीगढ़ प्रेस क्लब पहुंचे थे।तिवारी की मीडिया से बातचीत लगभग समाप्ति की ओर थी तभी चंडीगढ़ सीट से ही



बीएसपी प्रत्याशी ऋतु सिंह अपने समर्थकों के साथ पहुंच गई।ऋतु सिंह को देख तिवारी ने अपनी बातचीत कुछ और जल्दी समाप्त कर दी। तिवारी के मंच से उतरते ही ऋतु सिंह ने उन्हे घेर लिया।उन्होंने तिवारी से यह कहना शुरू किया कि ये इंडिया गठबंधन है या ठगबंधन है।उन्होंने चंडीगढ़ की कोलोनियो में स्वामित्व के अधिकार देने,पेयजल आपूर्ति न होने और डंपिंग ग्राउंड जैसी समस्याएं हल न किए जाने पर सवाल किए।इस पर तिवारी ने कहा कि इस बारे में तो दस साल भाजपा की सांसद रही किरण खैर से सवाल किया जाए।

चंडीगढ़ की समस्याओं पर सवाल करने के साथ ही ऋतु सिंह ने कांग्रेस के आरक्षण समाप्त करने के इरादे पर सवाल करना शुरू किया।तिवारी ने कहा कि संविधान में आरक्षण सुरक्षित है।उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में आरक्षण पचास फीसदी से अधिक है।ऋतु सिंह के सवाल दागे जाने के दौरान कुछ महिला मीडिया कर्मी भी उनका विरोध करने लगी।महिला मीडिया कर्मियों ने कहा कि मीडिया को बात करने दो।करीब तीस मिनट की इस बहस को तिवारी ने खत्म किया।उन्होंने ऋतु सिंह को कहा कि कृपया भाजपा की बी टीम न बने।यह कहते हुए तिवारी प्रेस क्लब से रवाना हो गए।

इससे पहले तिवारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा ने चंडीगढ़ में अपनी हार मान ली है।इसलिए इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह प्रचार करने चंडीगढ़ नही आए। पिछले 2014 और 2019 के चुनाव में दोनो प्रचार करने चंडीगढ़ आए थे।उन्होंने यह भी कहा कि बहस के लिए भाजपा प्रत्याशी का इंतजार किया था लेकिन वो नहीं आए।इंडिया गठबंधन ने एकजुट होकर प्रचार किया और यह गठबंधन जमीनी स्तर पर सफल रहा।उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मंडी की समस्या उन्हे बताई गई है। इन्हे प्राथमिकता से हल किया जाएगा।

# राजयोग मेडिटेशन से मन ही नही, तन भी स्वस्थ रहता है : बी.के. सरोज

## हम आत्माओ को फिर से पावन बनाने और राजयोग की शिक्षा देने स्वयं परमात्मा इस घरा पर अवतरित होते हैं





**राजयोग**

**कुरुक्षेत्र सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. सरोज बहन ने बताया कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही राजयोग है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. सरोज बहन ने बताया कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही राजयोग है। आत्मा इस सृष्टि पर आई तो पवित्र व सतो प्रधान थी। धीरे धीरे उसमें गिरावट शुरू हुई और अपवित्र बनती गई। आज मनुष्य आत्मा क्या से क्या बन गई है। हम आत्माओ को फिर से पावन बनाने और राजयोग की शिक्षा देने स्वयं परमात्मा इस घरा पर अवतरित होते हैं। परमपिता परमात्मा का अवतरण होता है न कि जन्म लेते हैं। इसीलिए उनको परमपिता कहते हैं। परमात्मा प्रजापिता ब्रह्मा के तन का आधार लेकर सच्चा ज्ञान सुनाते हैं और आत्मा का परमात्मा से मंगल मिलन की राह बताते हैं। यही मिलन राजयोग है। यह मिलन सर्वश्रेष्ठ होने के कारण इसे राजयोग कहा जाता है। यही योग सभी योगों का राजा है। स्वयं परमात्मा शिव अपना सत्य परिचय देकर आत्मा को अपने साथ योग लगाने की विधि बताते हैं। राजयोग मेडिटेशन से मन ही नही, शरीर भी स्वस्थ रहता है। इसमें जीवन की हर समस्या का हल समाया हुआ है। राजयोग के अभ्यास द्वारा हमारी सुषुप्त शक्तिया जागृत हो जाती हैं। वैसे तो हर व्यक्ति भगवान को किसी न किसी रूप में याद करता ही है, लेकिन सत्य जानकारी न होने के कारण उसकी बुद्धि भगवान की याद में एकाग्र नहीं होती। बुद्धि इधर उधर भटकती है। शक्ति व्यर्थ की बातों के चिंतन-मनन में नष्ट हो जाती है। जब तक परमात्मा का सत्य परिचय नहीं तब तक शक्तियां कैसे प्राप्त हो। गीता के नौवें अध्याय के आरम्भ में ही कहा गया है कि भगवान द्वारा सिखाया गया योग राजयोग है। आत्मा के समान परमात्मा भी अति सूक्ष्म, ज्योर्तिबिन्दु है। इस अवसर पर डा. बी.के. प्रवीण महाजन, सन्तोष शर्मा, सुदेश दीगड़ा, राज कुमारी, ममता दुआ और बी.के. सतीश कत्याल, प्रो. सुरेश चंद्र,हरबंस सिंह औजला, डा. आर.डी शर्मा व कुमारी लक्ष्मी (एनआईटी), विकास कुमार (एनआईटी) मौजूद रहे।

# थ्री लेयर सिक्योरिटी के घेरे में स्ट्रॉंग रूम में महफूज रखीं हैं ईवीएम

**सुरक्षा व्यवस्था**

**सुरक्षा व्यवस्था में हरियाणा पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल व दूसरे राज्यों से बुलाई गई पुलिस कंपनियां शामिल हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दिन मतदान में इस्तेमाल की गई सभी ईवीएम और वीवीपैट थ्री लेयर सिक्योरिटी के घेरे में स्ट्रॉंग रूम में रखी गई हैं। इस सुरक्षा व्यवस्था में हरियाणा पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल व दूसरे राज्यों से बुलाई गई पुलिस कंपनियां शामिल हैं। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि 25 मई को लोकसभा चुनाव मतदान के बाद से ही रात में सभी ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट को चार जगह बने स्ट्रॉंग रूम में रखवा दिया गया था। ये सभी स्ट्रॉंग रूम कड़ी सुरक्षा के घेरे में हैं। थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था में पहले लेयर में हरियाणा पुलिस है, इसके बाद दूसरे लेयर में इंडियन रिजर्व बटालियन का सुरक्षा घेरा है। वहीं तीसरे लेयर में स्ट्रॉंग रूम के गेट पर केद्रीय सुरक्षा बल आईटीबीपी, सीआरपीएफ आदि ने सुरक्षा संभाली हुई है।

डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि स्ट्रॉंग रूम की जांच करने आने वाले लोकसभा उम्मीदवारों व उनके एजेंट की वीडियोग्राफी की जा रही है। इसके अतिरिक्त हर किसी की रजिस्टर में एंट्री हो रही है। स्ट्रॉंग रूम के बाहर और अंदर सीसीटीवी लगे हुए हैं। स्ट्रॉंग रूम के बाहर दरवाजे पर भी सीसीटीवी लगाया गया है। इस सीसीटीवी की डिस्पले को बाहर लगी स्क्रीन पर आसानी से देखा जा सकता है।

# आईटीआई कुरुक्षेत्र में 6 को होगा जॉब फेयर का आयोजन




**नौकरी का मौका**

**शिक्षुता का स्थाई फंड/रेगुलर जॉब की सैलरी 13150 प्रति महीना के साथ ओवर टाईम की सुविधा भी दी जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला कुरुक्षेत्र में व्यवसाय सिविंग टेक्नॉलजी, कोपा, ड्राफ्ट्समैन सिविल एंड मैकेनिकल, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, एसओटी, ड्रेस मेकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी तथा फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकनिकल से आईटीआई पास/अपीअर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थाई रोजगार मुहैया करवाने के लिए 6 जून 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला कुरूक्षेत्र में जॉब फेयर करवाया जा रहा है।संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि इस संस्थान में व्यवसाय सिविंग टेक्नोलॉजी, कोपा, ड्राफ्ट्समैन सिविल एंड मैकेनिकल, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, एसओटी, ड्रेस मेकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी तथा फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकनिकल से आईटीआई पास/अपीअर छात्राओं को शिक्षुता व स्थाई जॉब हेतु व्यवसाय अनुसार लेने के लिए भारत की सबसे बड़ी मैसर्ज महिंद्रा एंड महिंद्रा हुमायुपुर अंबाला के एचआर व उनकी टीम द्वारा कैंपस इंटरव्यू लेने के लिए 6 जून 2024 को सुबह 9 बजे संस्थान में आ रही है। इस कंपनी में शिक्षुता का स्थाई फंड/रेगुलर जॉब की सैलरी 13150 प्रति महीना के साथ ओवर टाईम की सुविधा भी दी जाएगी। कंपनी में ड्रैस, कैंटीन व बस की सुविधा, मुफ्त इलाज, भविष्य निधि फंड, पेंशन योजना, बोनस एवं ग्रेच्युटी भी दी जाएगी।

# दुकानदारों ने छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

**नर सेवा**

**लोगों को ठंडा मीठा जल पिलाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** शहर के रेलवे रोड पर न्यू कॉलोनी के स्थानीय दुकानदारों ने वीरवार को चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई। इस अवसर पर दुकानदार प्रदीप तलवाड़ ने बताया कि नौतपा में गर्मी का सितम जारी है। जो 2 जून तक चलेगा। दुकानदार कर्ण ढींगरा, अजय, आशु मिगलानी, चंदन, महेंद्र, ध्रुव जुनेजा, सैनी, रज्जा, शंकर तलवाड़, राजेश, मुनीष तलवाड़ व कुलवंत सिंह ने बताया कि नौतपा में सूर्य की गर्मी प्रचंड होती है। जिसको देखते हुए स्थानीय दुकानदारों ने छबील लगाकर लोगों को ठंडा मीठा जल पिलाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

# कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गुरभजन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व कबूतरबाजी के अपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में 29 मई 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरभजन सिहँ उर्फ गोल्डी निवासी गाँव नन्यौला थाना नग्गल जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 02 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री जसबीर सिहँ निवासी लोहगढ़ अम्बाला शहर ने 04 दिसम्बर 2023 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 दिसम्बर 2022 से 21 सितम्बर 2023 के दौरान आरोपी गुरभजन सिहँ उर्फ गोल्डी व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# गुरबाणी कीर्तन करके संगत को निहाल किया



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**गुरुद्वारा** नानक दरबार साहिब माडल टाऊन में 5 वें गुरु श्री अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में सत्संग द्वारा किए जा रहे श्री सुखमणी साहिब के पाठ 29 वें दिन में प्रवेश कर गए भाई गुरमुख सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन करके संगत को निहाल किया । इस अवसर पर विश्र्कमा धर्मशाला प्रधान जय प्रकाश धीमान ने गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में मात्था टेक कर आर्शिवाद लिया । गुरुद्वारा कमेटी द्वारा प्रधान जगतार सिंह बिल्ला व सदस्यों ने जय प्रकाश को सिरोपा व दस गुरुओं का सरुप देकर सम्मानित किया क आज की प्रसाद को सेवा कुलदीप सिंह, अमरजीत सिंह परिवार की तरफ से की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में संगत मौजूद थी ।

# कब खुलेगा शम्भू बॉर्डर मार्ग, व्यापारी व जनता परेशान

**लोग परेशान**

**रोड बंद होने के कारण अभी भी बसों, वाहनों को घन्नौर सहित गांवों से होकर जाना पड़ रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा और पंजाब बॉर्डर से सटे शंभू बॉर्डर पर किसानों का धरना जारी है। किसानों ने रेलवे स्टेशन पर धरना समाप्त कर दिया है। जिसके बाद से रेलवे मार्ग तो खुल गया है लेकिन रोड बंद होने के कारण अभी भी बसों, वाहनों को घन्नौर सहित गांवों से होकर जाना पड़ रहा है। यहां तक कि अंबाला से राजपुरा का 20 मिनट का सफर 2 घंटें में पूरा हो रहा है। बता दें कि शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। इस आंदोलन के दौरान पुलिस ने युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों को भी गिरफ्तार कर लिया था । जिसके बाद उनकी रिहाई की मांग को लेकर पंजाब के 2 किसान संगठन 17 अप्रैल से रेलवे स्टेशन पर ट्रैक जाम करके बैठे थे। जिन्होंने काफी समय बाद रेलवे ट्रैक तो खोल दिया लेकिन प्रशासन की तरफ से बंद किया गया रोड अभी भी बंद है। अंबाला कपड़ा मार्केट के व्यापारियों का कहना है कि सड़क मार्ग खुलने के बाद ही व्यापारी वर्ग को राहत मिलेगी। अभी अंबाला से राजपुरा जाने में ही 2 घंटे तक का समय लग जाता है। ऐसे में न तो पंजाब से ट्रांसपोर्ट आ रही है और न जा पा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग बंद होने से कामकाज बुरी तरह से ठप हो गया है। अंबाला में 30 हजार से ज्यादा लोग कपड़ा मार्केट में काम करते हैं। ऐसे में कारोबार न होने के कारण कर्मचरियो को सेलरी देना भी मुश्किल हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि हम तो किसानों और सरकार से यह अपील करते हैं कि सड़क मार्ग को जल्द से जल्द खुलवाया जाए, क्योंकि अगर ऐसे ही रोड बंद रहेगा तो अंबाला से पंजाब, जम्मू की तरफ माल सप्लाई नहीं हो पाएगा। व्यापारी इतना ज्यादा घाटा बर्दाश्त नहीं कर सकते। दूसरी तरफ रोड बंद होने से नौकरीपेशा लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है। शंभू जाने के लिए भी घन्नौर से घूमकर जाना पड़ रहा है। किसानों और सरकार को चाहिए कि आपसी मतभेद को समाप्त कर सड़क मार्ग को जल्द खोला जाए। पंजाब के 2 किसान संगठन एमएसपी समेत अन्य मांगों को लेकर 13 फरवरी से पंजाब-हरियाणा के अंबाला स्थित शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 13 फरवरी को दिल्ली की तरफ बढ़ने का फैसला किया था। लेकिन हरियाणा सरकार ने बॉर्डर पर ही किसानों को रोक दिया। किसानों को रोकने के लिए कई लेयर की बैरिकेडिंग और आंसू गैस के गोले दागे गए।

# क्षितिज 24 से विद्यार्थियों की प्रतिभा में आएगा निखार: प्रो ढींगरा




**सम्मान**

**उच्चतम अंक अर्जित करने वाले 12 विद्यार्थियो को भी मोमेंटो और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान द्वारा डॉ. आरके सदन में क्षितिज 24 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने दीप प्रज्वलित करके किया। यह कार्यक्रम बीटेक कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा की क्षितिज जैसे कार्यक्रम से विद्यार्थी संस्थान के साथ भविष्य में आत्मीयता और शुद्ध आचरण के साथ नैतिकता से व्यवहार करेंगे जिसका प्लेसमेंट में फायदा मिलेगा। प्रो. ढींगरा ने कहा की स्कूलिंग के बाद सीधे विद्यार्थी तकनीकी संस्थान में आते है और यहां से पास आउट होने के बाद विद्यार्थी कॉपोर्रेट क्षेत्र में जा रहे है वहाँ जाने से पहले परिपक्वता की भावना जरूरी है। इन कार्यक्रम से छात्रों की परिपक्वता सुधारने में बड़ी कामयाबी मिलेगी जिसका फायदा कॉरपोरेट में सीधे रूप से मिलेगा क्योंकि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा स्वयं के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान छात्र तरुण मंथन, चंद्रहंस, साक्षी को गेट परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर सम्मानित किया गया। वहीं एसआईएच की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. प्रियंका जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में शैक्षणिक स्तर में उच्चतम अंक अर्जित करने वाले 12 विद्यार्थियो को भी मोमेंटो और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया। विद्यार्थियो ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित दर्शको को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। सभी बीटेक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियो का फैकल्टी वाईज समूह चित्र किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका इलेक्ट्रानिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डॉ. प्रियंका जांगड़ा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग के विभागप्रमुख डॉ. अजय जांगड़ा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. सुनील नैन, बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग प्रमुख डॉ. अमिता मित्तल डॉ. राम अवतार, डॉ राजेश दहिया, डॉ. अनीता पुनिया, डॉ. सेफाली, डॉ. शिखा भारद्वाज, डॉ. दीप्ति, परमिंदर, प्रज्ञा, सौम्या, वर्षा व हरिकेश पपोसा मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही : बवेजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** ग्लोबल इवेंट आग्रेनाइजेशन के अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बवेजा ने कहा कि हम सबको एक-एक पेड़ लगाना चाहिए ताकि हमे वसुंधरा शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान कर सके। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता देश की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कहा कि पत्रकार, सैनिकों की तरह राष्ट्र के सच्चे प्रहरी होते हैं, समाज के अंदर फैली कुरीतियों के प्रति आम जनमानस को जागरूक कर पत्रकार राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देते हैं।

बवेजा ने कहा है कि मीडिया जगत निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से लोकतंत्र को एक नई दिशा प्रदान करता है। मीडिया नागरिकों को उनके अधिकार और दायित्व के प्रति सचेत कर देशहित व लोकहित में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारे लोकतंत्र की विशेषता और आधारशिला है।

# शपथ दिलवाकर युवाओं को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक




**संरक्षण जरूरी**

**हम खाने के बिना तो कुछ दिनों तक जिंदा रह सकते हैं लेकिन पानी के बिना अधिक दिन जिंदा नहीं रह सकते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : ने**हरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के स्वयंसेवक हिमांशी, करण गाबा व अमनदीप कौर द्वारा गांव अमीन के खेल स्टेडियम में जल शक्ति अभियान 2024 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान युवाओं को जल के महत्व बारे में समझाते हुए उन्हें जल बचाव के विभिन्न उपायों से अवगत करवाया गया। स्वयंसेवक हिमांशी ने सभी युवाओं को जल बचाओ पर शपथ दिलवाई व स्वयंसेवक कारण गाबा व अमनदीप कौर ने बताया कि जल हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है और इसकी एक-एक बूंद का बचाव हमारे राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक है। इसलिए हमें इसके बचाव पर बल देना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।


जल शक्ति अभियान 2024 के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र के अन्य सभी स्वयंसेवक प्राची, पूनम, किरण, महक, शुभम, शुभम सैनी, शुभम राना, निहारिका, एकता, रितिका, पूनम, मनीष कुमार व रजनी भी अपने-अपने स्तर पर इस कार्यक्रम में बढ़ चढकर भाग ले रहे हैं। वह सभी अलग-अलग जगहों पर जाकर लोगों को जल के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं। इसी कड़ी में कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम के इंचार्ज शिव कुमार और रजनी द्वारा युवा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि पृथ्वी पर सभी के जीवन के अस्तित्व के लिए पानी आवश्यक है।

हम खाने के बिना तो कुछ दिनों तक जिंदा रह सकते हैं लेकिन पानी के बिना अधिक दिन जिंदा नहीं रह सकते हैं। यदि हम जल संरक्षण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हम हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़ी पानी की कमी से पीड़ित रहेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी की घोषणा की

**गुरुग्राम।** जाने-माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने आज ग्लोबल स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाता नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी की घोषणा की है- इसके साथ कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं के लिए मनोरंजन की पेशकश को और अधिक मजबूत बना लिया है। इस साझेदारी के तहत वी के यूजर अपनी पसंद की किसी भी डिवाइस- मोबाइल, टेलीविजन या टैबलेट पर सर्वश्रेष्ठ स्ट्रीमिंग के साथ विश्वस्तरीय मनोरंजन का लाभ उठा सकेंगे। वर्तमान में वी अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए नेटफ्लिक्स की पेशकश लेकर आया है और जल्द ही पोस्टपेड प्लान्स के साथ भी इन सेवाओं का लॉन्च करेगा। ढेरों लोकल एवं ग्लोबल स्टोरीज जैसे हीरामंडीः द डायमंड बाजार, अमर सिंह चमकीला, द ग्रेट इंडियन कपिल शो, लापता लेडीज, एनिमल, फाइटर, डनकी, स्क्विड गेम, ब्रिजरटन, मामला लीगल है आदि के साथ, भारत में नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने पावर-पैक्ड 2024 लाईनअप की घोषणा की हे, जिसके तहत दर्शकों के लिए फिल्मों एवं सीरीज की व्यापक रेंज पेश की गई है। वी नेटफ्लिक्स बेसिक सब्सक्रिप्शन के साथ अनलिमिटेड कॉल्स एवं डेटा से युक्त दो नए अनलिमिटेड प्रीपेड पैक लेकर आया है, जिसके द्वारा यूजर अपने मोबाइल एवं टीवी पर नेटफ्लिक्स देख सकते हैं। आज, वी रु 100 से भी कम आकर्षक कीमत पर प्रीपेड प्लान्स के साथ नेटफ्लिक्स बेसिक प्रोपोजिशन लाने वाला एकमात्र टेलीकॉम ऑपरेटर है। उपरोक्त फायदों के अलावा 84 दिनों के वेलिडिटी प्रोडक्ट्स के साथ रीचार्ज करने वाले उपभोक्ता अन्य फ्लैगशिप फायदों जैसे डेटा डिलाइट, नाईट बिंज और वीकेंड डेटा रोल-ओवर का लाभ उठा सकते हैं। वी जल्द ही अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए भी नेटफ्लिक्स की पेशकश लेकर आएगा। मुंबई एवं गुजरात के उपभोक्ता रु 1099 में 70 दिनों का वैलिडिटी ऑफर पा सकते हैं।




### रसायन और विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रतिनिधित्व में वृद्धि : रिपोर्ट

**नोएडा ।** स्टाफिंग सोल्युशन्स के क्षेत्र में अग्रणी द उदैती फाउंडेशन और क्वेस कॉर्प ने 30 मई को राउंडटेबल आयोजन में " फ्रॉम रेटरिक टू एक्शन - क्रिएटिंग जेंडर इंक्लूसिव वर्कप्लेसेस" शीर्षक से एक जानकारीपूर्ण रिपोर्ट जारी की। हितधारकों से चर्चा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के इंडस्ट्री लीडर्स, शोधार्थियों और सामाजिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने सभी क्षेत्रों में कार्यस्थल में लिंग समावेशन को हासिल करने के लिए कार्रवाई योग्य उपाय विकसित करने के लिए ब्लू और ग्रे कॉलर नौकरियों में महिलाओं की भर्ती और उनको नौकरी में बनाए रखने में आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। यह अध्ययन क्वेस कॉर्प और उदैती फाउंडेशन की एक साल की मेहनत का नतीजा है। यह अध्ययन विगत चार वर्षों में रसायन और विनिर्माण क्षेत्रों में महिला प्रतिनिधित्व में हुई महत्वपूर्ण वृद्धि को दशार्ता है । यह बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) का उल्लेख करता है, जिसमें महिलाओं का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक 26 प्रतिशत है, इसके बाद उपभोक्ता सेवाओं में 24 प्रतिशत है। उदैती फाउंडेशन की सीईओ पूजा शर्मा गोयल ने सहयोग पर कहा, " क्वेस कॉर्प के साथ हमारी यह यात्रा एक साल पहले शुरू हुई थी, जिसका मकसद महिला कर्मचारियों की भागीदारी को बढ़ाना था, जो भारत की 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# मतगणना में कर्मचारी प्रोटोकॉल का ईमानदारी व निष्ठा से करेंगे पालन: सिंह

## सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ सहायक रिर्टनिंग अधिकारी ने की महत्वपूर्ण बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**लोकसभा के आम** चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना को शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर सहायक रिर्टनिंग अधिकारी मनदीप सिंह ने गुरूवार को आर्य पी.जी. कॉलेज के सभागार में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर मतगणना सम्बन्धी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। सहायक रिर्टनिंग अधिकारी ने कहा कि हमें प्रोटोकॉल का पालन कर मतगणना के दौरान समय पर पहुंचना है। ईमानदारी व निष्ठ्द से अपनी डयूटी का निर्वहन करना है। सहायक रिर्टनिंग अधिकारी ने मतगणना सम्बन्धी जानकारी देते हुए कहा कि मतगणना के दिन हर राउंड की जानकारी रखनी है। मतगणना केन्द्रों में करीब 14 से 18 राउंड होने की समंभावना है। हर टेबल पर ग्रुप डी व ग्रुप सी के कर्मचारी सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। केन्द्र के अंदर सुरक्षा के दृष्टिद्गत जालियों की व बाहर बैरीगेट की व्यवस्था की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा के दृष्टिद्गत लगाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि वे काउंटिंग वाले दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के एजेन्ट को हर राउंड की फीगर नोट करवाते रहें। किसी भी तरह से भम्रित न हों। अपनी डयूटी के प्रति किसी भी तरह की कोताही न बरते। उन्होंने खास तौर पर माइक्रो आर्ब्जवर से संवाद किया कि वे मतगणना केन्द्र में केवल हर स्थिति पर अपनी पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि मतगणना का यह कार्य सवेरे 8 बजे प्रारंभ होगा। सभी डयूटी स्टाफ के सदस्यों को 6 बजे केन्द्रो पर पहुंचना सुनिश्चित करना है। सहायक रिर्टनिंग अधिकारी ने मतगणना सम्बन्धी जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना का कार्य जोखिम भरा है। इसमें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। मतगणना के दौरान सभी मतगणना स्टाफ के सदस्य सिक्रेसी रखेंगे व इसकी पालना करेंगे। उन्होंने कहा कि स्टाफ के सदस्य सर्वप्रथम विभिन्न राजनीतिक दलों के एजेन्ट के हस्ताक्षर करवाना जरूर सुनिश्चित करें। ताकि मतगणना सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या न आयें। मतगणना के दौरान अनुशासन में रहकर कार्य करना है।



# सैशन जज ने पत्नी की हत्या के आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश चंद्रशेखर की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपी नरेश कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपी पर 2 जून 2020 को कुंजपुरा पुलिस द्वारा भादंस की धारा-302, 324 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिला न्यायवादी करनाल डॉ. पंकज ने कहा कि 2 जून 2020 को कुंजपुरा पुलिस सूचना मिलने पर गांव शेरगढ़ टापू पंहुची थी, जहां पर आरती की दरखास्त पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने नरेश कुमार निवासी शेरगढ़ टापू को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में दोषी नरेश ने बताया था कि उसने अपनी धर्मपत्नी संतोष देवी की गन्ना काटने वाले दांत से बार-बार वार करके हत्या कर दी थी। जिला न्यायवादी ने कहा कि पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी नरेश के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया गया। इस केस में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर की अदालत ने 20 मई को आरोपी नरेश कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस मुकदमे की पैरवी सरकार और मुदईया की तरफ से जिला न्यायवादी करनाल डॉ. पंकज व उप जिला न्यायवादी सचिन कुमार ने की थी।



# विभिन्न स्थानों पर 33 केवी सब स्टेशनों का हो निर्माण: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर में बिजली की** समस्या का समाधान विभिन्न स्थानों पर 33 केवी सब स्टेशनों के निर्माण के बिना संभव नहीं है, इसके लिए कवायद भी हुई परंतु जमीन की उपलब्धता न होने के कारण सिरे नहीं चढ़ पाई। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने नगर निगम आयुक्त से प्राथमिकता के आधार पर जमीन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है! बिजली वितरण निगम ने भाजपा नेता राजीव जैन के अनुरोध पर 28 सितंबर 2023 को नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर दिल्ली रोड पुराना हुडा ऑफिस, सुभाष चौक, जानकी दास स्कूल, मुरथल रोड, आईटी चौक, गोहाना रोड बाईपास, इंडियन स्कूल के पास तथा पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र में 1000 स्क्वायर मीटर प्रति सबस्टेशन जमीन उपलब्ध करवाने के लिए लिखा था परंतु नगर निगम अधिकारियों की सुस्ती से जमीन उपलब्ध नहीं हो पाई और शहर वासियों को भीषण गर्मी में बिजली संकट झेलना पड़ रहा है! भाजपा नेता राजीव जैन ने सुझाव दिया है कि पुराने हुडा ऑफिस के पास पार्क, म्यूनिसिपल कमेटी पार्क का एक हिस्सा, जानकीदास स्कूल के पास वाटर बूस्टिंग के साथ वाली जमीन, आईटीआई चौक पर आईटीआई परिसर, गोहाना रोड पर इंडियन स्कूल के पास, शंभू दयाल स्कूल की जमीन तथा पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र में पुरानी तहसील की जमीन विभिन्न सरकारी विभागों से तालमेल करके ली जा सकती है।



# गर्मी से बचने के लिए शीतली शीतकारी प्राणायाम का करें अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** के दिशा निदेर्शानुसार तथा आयुष विभाग के महानिदेशक अंशज सिंह के मार्गदर्शन में जिला में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को सफलतापूर्वक मनाने के लिए प्रथम कड़ी में 29 से 31 मई तक जिला के 6 ब्लॉक असन्ध, घरौण्डा, निसिंग, इन्द्री, नीलोखेड़ी तथा करनाल में ब्लॉक स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन कुल 278 पी टी आई तथा डीपीई, आयुष योग सहायकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

आयुष विभाग करनाल के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि करनाल ब्लॉक में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने दूसरे दिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकोल के तहत प्रार्थना के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसके बाद सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसन, प्राणायाम व ध्यान आदि का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन ब्लॉक इंचार्ज करनाल डॉ.नितिन रोहिल्ला ने गर्मी के दौरान साधकों को विशेष हिदायत दी कि वह अधिक से अधिक पानी पीएं, अपनी बॉडी को हाइड्रेट रखें तथा पशु पक्षियों के लिए भी पीने के पानी की व्यवस्था रखें। घरों की छत पर पानी रखें तथा लू से बचाव करें, तरबूज, खरबूजा, बेल का जूस इत्यादि का सेवन करें।

आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी हरियाणा योग आयोग करनाल डॉ. अमित पुंज ने सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल के सभी पीटीआई तथा डीपीई, विभिन्न योग संस्थान पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, भारतीय योग संस्थान सहित सभी योग का शिक्षण प्रशिक्षण करने वाली संस्थाओं का तथा उनके योग शिक्षकों का इस सफल आयोजन में सहयोग हेतु धन्यवाद दिया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के हेतु आने वाले आगामी प्रोग्रामों के लिए भी लगातार तैयार रहने, विभिन्न पार्कों, संस्थाओं में योग का निरंतर शिक्षण करते रहने के लिए तथा साधकों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



**प्रशिक्षण**

**प्रशिक्षण के दूसरे दिन कुल 278 पी टी आई तथा डीपीई, आयुष योग सहायकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया**

# प्रशिक्षकों ने फ्रेंड इंजीनियरिंग में लगाया कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कौशल विकास एवं उद्यम** शील मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान क्षेत्रीय निदेशक एल पी भट्ट और कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर सुमित द्वारा सभी प्रतिभागियों को जिला पानीपत द्वारा फ्रेंडस इंजीनियरिंग सुखबीर सिंह मलिक सनोली रोड पानीपत के यहां प्रशिक्षक प्रोत्साहित करने एवं नए स्टार्टअप में आने वाली मुश्किलों को दूर करने के लिए एक कैंप लगाया गया। पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आज 30/05/2024 सुखबीर सिंह मलिक सनोली रोड स्थित फ्रेंड्स इंजीनियरिंग के यहां लगभग 35 से अधिक प्रतिभागी ने उद्योग लगाने की बारीकियों को समझा। श्री एल पी भट्ट प्रोग्राम डायरेक्टर ने कहा कौशल विकास एवं उद्देश्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम इस में इंटर्नशिप गवर्नमेंट प्रोग्राम मैं आने वाली पीढ़ियों स्किलयुक्त किया जा रहा है। आज इन प्रतिभागियों को इस तरह की इंडस्ट्री दिखाना और उनको बेसिक इंडस्ट्री खड़ी करने के लिए 5 पॉइंट प्रोग्राम से समझाया गया । यह किस प्रकार से अध्यापकों को समझाया गया किस तरह बच्चों को अपना इंडस्ट्रीज स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है एवं अपनी इंडस्ट्री को खड़ा किया जा सकता है उसका उदाहरण सुखबीर सिंह मलिक है जिन्होंने एक खराद मशीन से इतनी बड़ी इंडस्ट्री को खड़ा किया है। फ्रेंड्स इंजीनियरिंग के मालिक सुखबीर सिंह मलिक ने कहा आने वाली पीढ़ी के बच्चों के भविष्य के लिए पढ़ाई शिक्षा और स्किल बहुत जरूरी है क्योंकि नौकरियां सभी के लिए नहीं है इसलिए जिनके पास टैलेंट होगा वह अपना उद्योग खड़ा कर सकेंगे। अपने नए उद्योग को लगाने में आने वाली दिक्कतों को प्रतिभागियों के साथ बारीकी से सांझा किया। आने वाली प्रतिभागियों की भविष्य के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा भी जरूरी है जिसके लिए आज हम यहां फ्रेंड्स इंजीनियरिंग सुखबीर मलिक के यहां आए हैं क्या हमें उद्योग में आने वाली दिक्कतों का समाधान मिला है। सुखबीर सिंह मलिक एक समाजसेवी एवं बच्चों की शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं ।



**प्रतिभागी**

**सुखबीर सिंह मलिक एक समाजसेवी एवं बच्चों की शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं**

# बापौली-सनौली क्षेत्र में नहीं खोला जा रहा कोई भी प्राइवेट स्कूल: कैलाश



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**लगातार बढ** रही गर्मी को लेकर प्रशासन की और से सरकारी व प्राइवेट स्कूलों की छुट्टी कर रखी है। इस दौरान बापौली-सनौली क्षेत्र के किसी भी गांव में कोई भी सरकारी व निजी स्कूल खुला नही है,किसी भी स्कूल में बच्चें नही आ रहे है। उक्त जानकारी बापौली नायब तहसीलदार कैलाश चंद ने देते हुए बताया कि गत बुधवार को भी उन्हे जलालपुर प्रथम गांव में एक निजी स्कूल की शिकायत मिली थी,शिकायत मिलते ही करीब 10 मिनट में वो अपनी टीम के साथ स्कूल में पहुंचे तो इस दौरान स्कूल बंद पाया गया। नायब तहसीलदार कैलाश चंद ने बताया कि इस दौरान उन्होने गांव में पूछताछ भी की तो ग्रामीणों व पड़ोसियों ने बताया कि स्कूल छुट्टी होने के कारण बंद है और कोई भी बच्चा स्कूल में नही आ रहा है। वही उन्होने स्कूल संचालक से भी उक्त मामलें को लेकर बात की थी तो उन्होंने भी बताया था कि प्रशासन के आदेशानुसार बच्चों की छुट्टी की हुई है और कोई भी बच्चा स्कूल में नही आ रहा है। नायब तहसीलदार कैलाश चंद ने कहा कि उन्होने इस दौरान अन्य गांवों में भी स्कूलों को दौरा किया,लेकिन इस दौरान कोई भी स्कूल खुला नही पाया गया। अगर कोई क्षेत्र में स्कूल खोले जाने की बात कर रहा है तो उक्त बातें झूठी है।

# प्रजापति सभा की बैठक में सदस्यों को वितरित किए पहचान पत्र

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**गांव नांगल खेड़ी में आज** प्रजापति (कुम्हार) सभा जिला पानीपत की वार्षिक बैठक का आयोजन जिला प्रधान गोपी राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महाबीर बावलिया ने किया। बैठक में सभा का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। वहीं सभा के सहसचिव पद से त्याग पत्र देने के बाद खाली पड़े इस पद पर अस्थाई तौर पर सत्यवान काबड़ी को नियुक्त किया गया। समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने पर गहनता से विचार-विर्मश किया गया। वहीं सभा के सदस्यों को पहचान पत्र वितरित किए गए। सभी सदस्यों को समाजहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई गई।



# चुनावों की मतगणना के लिए पूरी तरह तैयार प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अम्बाला लोकसभा** चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अम्बाला पूरी तरह से तैयार है। मतगणना को लेकर जो भी तैयारियां पूरी की जानी थी, वह तय समय पर चल रही हैं। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल को दी। वीसी के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि मतगणना की तैयारियों को लेकर पूरी व्यवस्था पर उनकी कड़ी नजर है। सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध करवा रहे हैं। मतगणना स्टॉफ की ड्यूटी लगा दी गई है। मतगणना के लिए अम्बाला जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी, नारायणगढ तथा मुलाना के लिए कांउटिंग सुपरवाईजर, असिस्टेंट तथा माईक्रो ऑब्जर्रवर की डयूटी रहेगी। इन सभी कर्मचारियों की पहली रैडामाईजेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि स्ट्रॉग रूम पर पुलिस व सुरक्षा बलों का कड़ा पहरा है। सभी एआरओ, एईआरओ प्रतिदिन स्ट्रॉग रूम का दौरा कर रहे हैं और सुरक्षा का जायजा ले रहे हैं। प्रत्येक मतगणना केन्द्रों पर मीडिया सेंटर की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि काउंटिंग एजेंट के आईडी कार्ड बनाए जा रहे हैं, इसके लिए उम्मीदवारों को जानकारी दे दी गई है। उन्होनें कहा कि सभी मतगणना केन्द्रों पर इन्टरनेट की बेहतर व्यवस्था के साथ-साथ लैंड लाईन टेलिफोन की व्यवस्था भी रहेगी।



# पंजाब में दो पंथक सीटों पर हरियाणा कमेटी का पूरा समर्थन : कवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :हरियाणा सिख** गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि पंजाब की फरीदकोट व श्री खडूर साहिब लोकसभा सीट पर एचएसजीएमसी अपना पूरा समर्थन दे रही है। इन दोनों सीटों पर पंथक प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं, इसलिए सिख कौम की संस्था होने के नाते हरियाणा कमेटी अपना भरपूर समर्थन दोनों प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए दे रही है। उन्होंने कहा कि फरीदकोट लोकसभा सीट पर शहीद बेअंत सिंह के बेटे भाई सरबजीत सिंह चुनाव मैदान में आए हैं। श्री अकाल तखत साहिब एवं श्री हरिमंदिर साहिब श्री दरबार साहिब अमृतसर पर हमला करने वाली इंदिरा गांधी को सौधा लगाने वाले शहीद बेअंत सिंह के पुत्र हैं। शहीद बेअंत सिंह ने अपने परिवार की जान की परवाह न करते हुए सिख कौम पर हुए अत्याचार का बदला लेने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उसके कर्मों की सजा दी। हालांकि उन्हें इसके अंजाम का पता था। आज सिख पंथ को अपने उस शहीद को सच्ची श्रंद्धाजलि देने का समय आया है। इसलिए वहां की जनता को भाई सरबजीत सिंह के पक्ष में मतदान करना चाहिए। अजराना ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद जब एक तरफ सरबजीत सिंह लोकसभा में बैठा होगा और दूसरी ओर सिखों पर जुल्म करने वाली इंदिरा गांधी का पौत्र राहुल गांधी भी वहीं होगा, तो सिखों का सिर गर्व से उच्चा होगा। कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि श्री खडूर साहिब लोकसभा सीट के प्रत्याशी अमृतपाल सिंह का समर्थन भी हरियाणा कमेटी ने किया है। अमृतपाल सिंह ने विदेश में उज्जवल भविष्य को त्याग कर पंजाब में पनप रहे नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने पंजाब के युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए जो कार्य किया, उसके बदले में उन्हें जेल में बंद कर दिया गया। अब जनता को उनके समर्थन में आकर मतदान देने की जरुरत है, ताकि कौम विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकें। अमृतपाल सिंह ने लोगों को धर्म से जोड़ते हुए अमृतपान करवाने की जो मुहिम चलाई, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। इसलिए कौम को उनके पक्ष में उतरना चाहिए।



# सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद के बाहर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनीः अंबाला** छावनी नगर परिषद के सफाई कर्मचारी कामकाज छोड़ धरने पर बैठ गए और परिषद अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकार उनको धरने पर बैठने के लिए मजबूर कर रहे है। सरकार द्वारा गेहूं खरीदने के लिए बिना ब्याज के लोन दिया जाता है जिसको देने में अधिकारी आनाकानी कर रहे है जब तक ये लोन नहीं मिलेगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अंबाला छावनी नगर परिषद के कर्मचारियों ने आज सफाई करने का कामकाज छोड़ अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और नगर परिषद के गेट पर धरने पर बैठ गए हैं। कर्मचारियों ने अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा गेहूं खरीदने के लिए बिना ब्याज के राशि दी जाती है जो कि नगर परिषद के अधिकारियों ने अभी तक सफाई कर्मियों को नहीं दी है ये राशि देने में अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं।



## संपादकीय

# युवाओं में तम्बाकू की लत चिंता का विषय

**31 मई** को समूचे संसार में वर्ल्ड नो टोबैको डे मनाया जाता है जिसे भारत में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस से जानते हैं। सन 1988 से ये दिवस अमल में आया। अमल के एक वर्ष पूर्व यानी 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तम्बाकू के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और जनमानस को इसके नुकसान के बारे में शिक्षित और जागरूक करने का निर्णय लिया था। पिछले साल 2023 में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की थीम थी, ह्यहमें भोजन चाहिए, तम्बाकू नहीं। जबकि, 2024 की थीम ह्यबच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचानाह्न पर निर्धारित है। दरअसल, ये सब्जेक्ट उन नीतियों और उपायों की वकालत करने पर केंद्रित है जो तम्बाकू उद्योग को हानिकारक तम्बाकू उत्पादों के साथ युवाओं को लक्षित करने से रोकते हैं। लगातार दो वर्ष की थीम युवाओं पर केंद्रित रखने का संदेश यही है कि तम्बाकू की लत से युवाओं को किसी भी सूरत में बचाया जाए और इसके दुष्परिणामों के बावत उन्हें जागरूक किया जाए? खैनी, तम्बाकू या गुटखा खाने से सेहत को कितना नुकसान पहुंचता है। ये सब जानने के बावजूद भी लोग तम्बाकू का इस्तेमाल करते हैं और विभिन्न किस्म की बीमारियों को न्योता देते हैं। मुंह का कैंसर तम्बाकू से फैलता है। ये कड़वी सच्चाई जानने के बाद भी युवा तम्बाकू से तौबा नहीं करते। दिल्ली स्थिति ह्यएम्सह्न अस्पताल की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पिछले दो सालों में उन्होंने मुंह के कैंसर के सबसे केस रिपोर्ट किए, जिनमें युवओं की उम्र महज 18 से 25 वर्ष क बीच रही। निश्चित रूप से ये आंकड़े रोंगटे खड़े करते हैं। स्कूल-कॉलेज के बच्चों में तम्बाकू खाने की बढ़ती लत ने अभिभावकों को खासा परेशान किया हुआ है। मादक पदार्थों की स्कूलों में ब्रिकी की खबरें अब आम हो गई हैं। देश तम्बाकू पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाते? इस थ्योरी को समझने की जरूरत है। दरअसल, ये ऐसा कमाई का क्षेत्र है जिस पर सरकार जानबूझकर हाथ नहीं डालती? आबकारी विभाग प्रत्येक सरकारों का कमाऊ विभाग माना जाता है। यहां से दूसरे जगहों से कहीं ज्यादा रेवेन्यू प्राप्त होता है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के दिन सरकारी स्तर पर जागरुकता के जितने वार्षिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, उनकी असल सच्चाई आसमानी और हवा-हवाई होती हैं। एक ऐसा ताजा उदाहरण सबके सामने है जो सभी देशों के कागजी प्रयासों को एक्सपोज करता है। तम्बाकू पर जब छोटा सा मुल्क भूटान कमर कस सकता है, तो अन्य देश क्यों नहीं? भूटान विश्व का पहला देश है जहां, तम्बाकू की न खेती की इजाजत है और न ही तम्बाकू के इस्तेमाल की? वहां तम्बाकू के हर प्रकार पर पूर्ण प्रतिबंध है। सन 2004 में, भूटान तम्बाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और सभी निजी स्थानों पर धूम्रपान पर बैन करने को लेकर अव्वल दर्जा प्राप्त कर चुका है। भूटान जून 2010 में तम्बाकू पर रोक लगाकर दुनिया के सबसे सख्त तम्बाकू विरोधी कानूनों में से एक को लागू कर चुका है।

इसलिए वहां तम्बाकू से मौतें नहीं होती, बीमारियों का लेबल जीरो है। दुनिया के 80 लाख लोग हर साल तम्बाकू के खाने से मरते हैं। वहीं, भारतीय चिकित्सा रिपोर्ट के मुताबिक तम्बाकू से 4 लाख से अधिक लोगों की मौत भारत में होती हैं। जो विश्व के अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक हैं। भारत में तम्बाकू की अधिक खपत का एक कारण ये भी है, क्योंकि भारत को तम्बाकू के क्षेत्र में दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता और उत्पादक की उपाधि हासिल है।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर कैसे लगेगी लगाम?



डॉ. सत्यवान सौरभ

> अब पहले की तरह हिंदी के स्पेशल नोट्स नहीं बनते। किसी भी पेरेंट्स के लिये, ये एक ऐसा पुराना जख्म है, जिसे हर साल कुरेदा जाना तय है। पता नही सरकारें क्यूँ इस महामारी जैसे मुद्दे पर, अभियान चला कर ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द नही करती।सरकार भले ही नई शिक्षा नीति से तमाम परिवर्तन का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन इन स्कूलों की निगरानी का कोई तंत्र नहीं है। स्कूल संचालक खुद अपना सिलेबस तय करके अपनी सुविधा के अनुसार प्रकाशकों से पुस्तकें छपवाकर उनकी मनमानी कीमत निर्धारित करके उससे बड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। सरकारी स्कूलों की एनसीआरटी की किताबें बहुत ही बेहतरीन हैं लेकिन बड़े ही दु:ख की बात है कि इन किताबों की एक्टिविटी से संबंधित प्रेक्टिकल प्रश्नों को शिक्षकगण बिल्कुल नहीं छूते और बच्चों की जड़ें कमजोर ही छूट रही हैं।

**देश भर** में के प्राइवेट स्कूलों में कॉपी किताबों के नाम पर बड़ा खेल चल रहा है। बाजार से अधिक दामों में लूट मचा रखी है। प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से परेशान है। बच्चे अगर पुस्तकें स्कूल की जगह बाहर से खरीद लें तो उनके बच्चों के नाम काटने तक की धमकी दे दी जाती है। निजी स्कूल कापी किताबों के साथ यूनीफार्म, टाई बेल्ट तक स्कूलों से ही बेच रहे हैं। कुछ स्कूल जांच की लपेट में न आ जाएं इसके लिए दुकान सेट किए हैं, एक दुकान के अलावा उनके स्कूल में चलने वाली किताबें दूसरी किसी दुकान में नहीं मिलतीं हैं। बड़े निजी स्कूलों की चमक दमक को देखकर मध्यवर्गीय परिवार के लोग भी अपने बच्चों का नामांकन कराने के लिए बेताब रहते हैं। वे नामांकन के नाम पर भारी भरकम फीस देने एवं किताबों का बंडल खरीदने पर भी मजबूर हो रहे हैं। इन स्कूलों में नामांकन के बाद उसमें खुली दुकानों से हजारों रुपये मूल्य के कॉपी किताब भी अभिभावक को खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। किसी भी पेरेंट्स के लिये, ये एक ऐसा पुराना जख्म है, जिसे हर साल कुरेदा जाना तय है। पता नही सरकारें क्यूँ इस महामारी जैसे मुद्दे पर, अभियान चला कर ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द नही करती। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में खुले निजी विद्यालयों में नामांकन के साथ ही स्कूल में खुले दुकानों में ही किताब व कॉपी दी जाती है। जिसे लेने के लिए अभिभावकों की लंबी कतार लगती है। अभिभावकों को विद्यालय के ही दुकान से कॉपी, किताब, पेंसिल, कटर यहां तक कि किताब व कॉपी में लगाने वाले कभार भी स्कूल से ही खरीदना पड़ रहा है। स्कूल प्रबंधन द्वारा किताब के साथ-साथ ड्रेस आदि की बिक्री की जाती है। कई स्कूलों द्वारा बजाप्ता दुकान सजाई जाती है जिसमें बच्चों की गंजी, चड्डी, बोतल एवं बैग तक बेचा जा रहा है। इन स्कूलों में बच्चों के परीक्षा फल मिलते ही नए कक्षा के लिए ड्रेस, किताब, कॉपी तथा अन्य स्टेशनरी के सामान खरीदने का दबाव दिया जाता है। जिसे मजबूरी में खरीदना पड़ता है। हर वर्ष पाठ्यक्रम में मामूली बदलाव कर किताब बदल दी जाती है। जिससे पुरानी किताबों से दूसरे बच्चे नहीं पढ़ सके। इतना ही नहीं कुछ स्कूलों द्वारा बाजार के कुछ निश्चित दुकानों से मिलीभगत कर उनके द्वारा स्कूल के ड्रेस व किताब, कॉपी आदि की बिक्री कराई जाती है। इन दुकानदारों द्वारा स्कूल प्रबंधन को मोटी रकम दी जाती है। हालांकि सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि स्कूलों को किताब की लिस्ट विद्यार्थियों को देना है। इतना ही नहीं रि-एडमिशन नहीं करना है। लेकिन इन नियमों का धज्जियां उड़ाते हुए निजी स्कूल प्रबंधन अपनी मनमानी कर रहे हैं।

निफार्म एक जैसी हो, किताबें एक जैसी हों, ठीक है लेकिन नोट बुक रजिस्टरों में इतनी ब्रांडि?ंग क्यों। इस सवाल के जवाब में भी स्कूलों का मुनाफा साफ नजर आ जाएगा। 350 रुपये का रजिस्टर मार्केट में वही रजिस्टर 60 रुपये का मिल रहा है। लेकिन लोगो और ब्रांडिंग के कारण उन्हें मजबूरी में रजिस्टर लेना लेना पड़ा रहा है। स्कूल में प्राइमरी के बच्चों को क्या स्टेशनरी चाहिए, सोचिए। लेकिन नहीं स्कूल की स्टेशनरी में भी एकरूपता भी जरूरी है। जैसे स्कूल अक्सर अपनी नीली पीली कॉपियां देते हैं। उन पर कवर और नेम स्टकर से लेकर साल भर की स्टेशनरी। उसके बाद एक्टिविटी का सामान भी खरीदना है। स्कूल एनसीईआरटी की किताबें इसलिए नहीं लगाते क्योंकि उसमें वो मार्जिन नहीं होता जो प्राइवेट पब्लिशिर से मिलता है। यही नहीं एनसीईआरटी अपना एक सर्कुलर निकालता है जिसमें स्कूलों को अपनी जरुरत बतानी होती है कि हमें इस क्लास में इतनी किताबें चाहिए। लेकिन विडंबना यह कि न एनसीईआरटी रिक्विजशिन मांगता है, न स्कूल वाले कोई देते हैं। सीधा जवाब है कि राज्य या केंद्र सरकार इनकी प्रक्रिया में दखल नहीं देती।

अब आप समझ रहे हैं कि कैसे ये मजबूरी शब्द अभिभावकों का स्कूल में दाखिले के पहले दिन से पीछा करने लगता है। इन किताबों से न सिर्फ स्कूलों का मोटा कमीशन बनता है, बल्कि कम सैलरी में पढ़ाने वाले/वाली टीचर्स को पढ़ाने में भी आसानी होती है। किताबों से पढ़ाने का नॉलेज हर किसी को नहीं होता है। मसलन दोहा है तो उसका सही भावार्थ उसी टीचर को पता होगा जिसने गंभीरता से पढ़ा है, जो उस विशेषज्ञता से आया है। लेकिन अंग्रेजी क्रेज वाले स्कूलों में वो टीचर बिना मदद के वो दोहा बच्चे को कैसे पढ़ाएंगी।

इसलिए प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें एक तरह की की गाइड और कुंजी के रूप में है। यहां दोहे का अर्थ भी दे दिया है। इससे जिन टीचर्स को ज्ञान नहीं हैं, वो भी इसे एक्सप्लेन कर सकती हैं।

अब पहले की तरह हिंदी के स्पेशल नोट्स नहीं बनते।

किसी भी पेरेंट्स के लिये, ये एक ऐसा पुराना जख्म है, जिसे हर साल कुरेदा जाना तय है। पता नही सरकारें क्यूँ इस महामारी जैसे मुद्दे पर, अभियान चला कर ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द नही करती।सरकार भले ही नई शिक्षा नीति से तमाम परिवर्तन का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन इन स्कूलों की निगरानी का कोई तंत्र नहीं है। स्कूल संचालक खुद अपना सिलेबस तय करके अपनी सुविधा के अनुसार प्रकाशकों से पुस्तकें छपवाकर उनकी मनमानी कीमत निर्धारित करके उससे बड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। सरकारी स्कूलों की एनसीआरटी की किताबें बहुत ही बेहतरीन हैं लेकिन बड़े ही दु:ख की बात है कि इन किताबों की एक्टिविटी से संबंधित प्रेक्टिकल प्रश्नों को शिक्षकगण बिल्कुल नहीं छूते और बच्चों की जड़ें कमजोर ही छूट रही हैं। हिंदी और अंग्रेजी की किताबों में बहुत कुछ है पर लगाव के साथ पढ़ाने में बहुत कमी है।सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की बुक ही लगानी चाहिए इसके लिए कठोर कानून बने। आजकल स्कूल कालेज मुनाफे का बढ़िया धन्धा बन गया है जहा शिक्षा के अलावा सब कुछ मिलता है।जैसे भू माफिया थे ये लोग शिक्षा के माफिया हैं। किताबे इतनी महंगी जैसे कोई नॉवेल का प्राइज हो। इस देश में आधे से ज्यादा प्राइवेट स्कूल नेताओं और अभिनेताओं के हैं इसलिए इन पर कोई कड़ा एक्सशन नहीं होता हैं, और ये लूट चलती ही रहती हैं। नियम तो पहले से ही बने हुए हैं लेकिन माता-पिता को जो गलत हो रहा है उसके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। सरकार पर हर जिम्मेदारी डाल देना उचित नहीं है, नियम बहुत है और भ्रष्टाचार के कारण नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसलिए आवाज उठाने की जिम्मेदारी माता-पिता की है। आज एक पेरेंट्स के लिए उसके बच्चे की पढ़ाई सबसे बड़ी समस्या है। लेकिन इसके लिए वह अभिभावक ज्यादा जिम्मेदार है जो अपने बच्चों को महंगे महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। और झूठी शान दिखाने के लिए मजबूर है। उनकी झूठी शान के चक्कर में मिडिल क्लास वाले अपर मिडिल क्लास वाले परिवार परेशान होते हैं। क्या हमारी सरकारों ने इनको मनमानी करने की छूट दी है। या इसमें भी सरकारों का कोई चंदा है।

## कविता

90 के दशक का वो बचपन, गर्मी की छुट्टियां
किसे याद नहीं.
- गर्मी की छुट्टियां दरवाजे पर दस्तक दे रही है..
गर्मी की छुट्टी आने से पुरानी यादें ताजा हो गई और फिर से
कलम उठाने को मन किया..
बचपन की गर्मी की छुट्टियां किसे याद नहीं..
हमारे लिए तो नानी का घर ही छुट्टियो में हिल स्टेशन होता था..
ट्रेन में बैठकर भाई- बहनों के साथ खिड़की वाली सीट के लिए
झगड़ा करना..
मामा जी का स्टेशन पर लेने आना..
मौसी का भी छुट्टियों में नाना नानी के घर आना..
नाना नानी का वो दुलार..
नानी के हाथ का डला हुआ आम का अचार, मामी के हाथ
का वो स्वादिष्ट भोजन जिसकी खुशबू से आज भी जीभ का
चटोरी हो जाना..
दोपहर में ही सभी बच्चों का खेलने निकल जाना...
दिनभर खूब मस्ती करना..
मिट्टी के बर्तन बनाकर उनसे खेलना..
रस्सी कूदना, गिट्टे खेलना,
बारिश के पानी में कश्तियां बनाना..
नानी के घर के नलके का मीठा पानी, जो? खुद नलकूप
चलाकर पीना..
नलकूप चलाने के लिए भी आपस में झगड़ना..
नानी के घर के आम, जामुन के पेड़ों से खूब सारे फल तोड़
कर खाना..
रात को लाइट जाने पर सबका एक जुट होकर बैठ जाना..
नानी का सभी को हाथ पंखे से हवा करना..
नाना जी की पीठ में दर्द होने पर हम बच्चों को अपनी पीठ पर
खड़ा कर लेना..
रात को सोने के लिए शाम से ही छत पर गद्दे बिछाना..
रात को लेटे-लेटे अनगिनत तारों को गिनने की कोशिश करना..
तारा टूट जाने पर विश मांगना..
नानी का सभी बच्चों को कहानी सुनाना..
कहानी सुनते-सुनाते कब सो जाना..
वह समय तो अब वापस कभी नहीं आएगा, क्योंकि बीता हुआ
समय कभी भी वापस नहीं आता, बस प्यारी प्यारी यादें ही रह
जाती है, जो आज भी यादें बनकर हमारे साथ है।

एडवोकेट रजनी जैन

# गांधी को तुम नहीं, सब जानते हैं

राकेश

**आप न हंस** सकते हैं और न रो सकते हैं,क्योंकि आपके प्र्धानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने महात्मा गांधी को लेकर अपने साक्षात्कार में जो कुछ कहा है उसे सुनकर सिर्फ माथा पीटा जा सकता है। हिंदुस्तान का दुर्भाग्य है या सौभाग्य राम ही जाने। लेकिन उसे ऐसा पहला प्रधानमंत्री मिला है जिसकी जुबान का कोई खड़ा नहीं। वो कभी भी,कहीं भी, कुछ भी कह सकता है। बोल सकता है और बेशर्मी के साथ सीना ठोंककर बोल सकता है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का मै शुरू से मुरीद रहा हूँ । वे भले ही पंडित जवाहर लाल नेहरू की तरह ' डिस्कवरी आफ इंडिया ' नहीं लिख सकते । वे भले ही तेरह साल जेल नहीं रहे । भले ही उनकी बेटी और पौत्र देश के लिए शहीद नहीं हुए लेकिन उन्होंने चाय बेचीं है ।उन्होंने गरीबी देखी है। उन्होने अपनी पत्नी को त्याग कर सन्यासी बनने की भी कोशिश की है। उन्होंने अपने अभिनय के बल पर भाजपा को सत्ता के शिखर पर पहुंचाया है । उन्होंने अपनी मिथ्यावाणी से देश में अपने अंधभक्तों की फौज खड़ी की है।उन्होंने स्वयं को अविनाशी घोषित किया है । उन्होंने अपने जैविक इंसान होने का भी खंडन किया है। लेकिन अब वे बौरा गए हैं। कभी-कभी लगता है कि वे 'सन्निपात ' में हैं और जो मुंह में आ रहा है सो बोले जा रहे हैं।

जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि मै मोदी जी का हर भाषण सुनता हूँ । चाहे वो संसद में हो या सड़क पर। उनका हर साक्षात्कार सुनता हूँ ,फिर चाहे वो उनके घर पर हो,स्टूडियो में हो या क्रूज पर हो। उन्हें सुनना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है। जो उन्हें अनसुना करता है ,वो गलती करता है। मैंने उनका ताजा साक्षात्कार भी सुना जिसमें उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी को 'गांधी ' फिल्म बनने से पहले देश के बाहर जानता ही कौन था ? ये उनकी विद्व्ता का ताजा उदहारण है। माना कि महात्मा गाँधी ने मोदी जिकी तरह सरकारी खर्च पर दुनिया नहीं घूमी लेकिन वे बिना दुनिया घूमे ही पूरी दुनिया में जितने प्रतिष्ठित हैं उसके लिए किसी मोदी के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है।

महाज्ञानी और महाअभिमानी मोदी शायद नहीं जानते कि भारत देश कलिकाल में गांधी के भारत के रूप में ही जाना जाता है। इसका प्रमाण ये है कि वे जिस महाबली अमेरिका के चक्कर में फंसे हैं वहां भी उन्हें महात्मा गाँधी की आदमकद प्रतिमाओं के समक्ष नतमस्तक होना पड़ता है । महात्मा गाँधी कभी अमेरिका नहीं गए ,लेकिन अमेरिका के 22 शहरों में वे अपनी लकुटिया लिए जहां-तहाँ खड़े नजर आ जायेंगे । महात्मा की ये आदमकद प्रतिमाएं 2014 के बाद नहीं लगीं बल्कि बहुत पहले लगायी जा चुकी हैं।इन प्रतिमाओं को कांग्रेस ने नहीं बल्कि अमरीकी कांग्रेस और अमरीकी संस्थाओं ने लगाया है। अमेरिका में गांधी ने बिना जाये अपने विचारों से मार्टिन लूथर किंग जूनियर को तैयार किया। मार्टिन लूथर किंग को अमेरिका का गांधी यूं ही नहीं कहा जाता।

## विचार

# तम्बाकू के कारण प्रतिवर्ष 80 लाख लोग बनते हैं काल का ग्रास

डॉ. अशोक कुमार वर्मा

**यदि तंबाकू** उत्पादन में भारत की बात करें तो चीन और ब्राजील के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। आईसीएआर-केंद्रीय तम्बाकू अनुसंधान केंद्र आंध्र प्रदेश द्वारा प्रकाशित एक लेख के अनुसार भारत में तम्बाकू 36 मिलियन लोगों को आजीविका सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें 6 मिलियन किसान और 20 मिलियन खेत मजदूर शामिल हैं, जो तम्बाकू की खेती में लगे हैं। इसके अतिरिक्त 10 मिलियन लोग प्रसंस्करण, विनिर्माण और निर्यात में काम करते हैं। अकेले बीड़ी बनाने से 4.4 मिलियन लोगों को रोजगार मिलता है और 2.2 मिलियन आदिवासी तेंदू पत्ता संग्रह में लगे हैं। मुख्य लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान, ग्रामीण महिलाएं, आदिवासी युवा और समाज के कमजोर वर्ग हैं। तम्बाकू सालाना 4,400 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा आय में योगदान देता है, जो देश के कुल कृषि-निर्यात का 4% है और 14,000 करोड़ रुपये उत्पाद शुल्क राजस्व में योगदान देता है, जो सभी स्त्रोतों से कुल उत्पाद शुल्क राजस्व संग्रह का 10% से अधिक है। यद्यपि भारतीय अर्थव्यस्था में तंबाकू का विशेष योगदान है तथापि स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह घातक है। 39 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने 15 मई 1986 को 14 वें अधिवेशन में यह पारित किया था कि धूम्रपान न करने वाले लोगों को धूम्रपान के अनचाहे प्रभाव से बचाने के लिए उन्हें संरक्षण प्रदान किया जाए क्योंकि अनेक स्थानों पर लोग धूम्रपान करते हैं और यह नहीं सोचते कि इसका प्रभाव अन्य व्यक्ति पर क्या हो रहा है। इस प्रकार ऐसे लोगों को जो धूम्रपान नहीं करते उन्हें अनचाहे धूम्रपान के धुएं से संरक्षण प्रदान करने हेतु 31 मई 1987 को पूरे विश्व में तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक प्रस्ताव पारित करके लिया गया था। भारत में भी इस पर कार्य किया गया और गणतंत्र के 54 वें वर्ष में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 सम्पूर्ण भारत पर लागू किया गया। इस अधिनियम के अनुसार धारा 4 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान नहीं करेगा परन्तु किसी ऐसे होटल में जिसमें 30 कमरे हों अथवा जहाँ 30 से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता हो तो वहां धूम्रपान की अलग से व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में धारा 5 के अंतर्गत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। धारा 6 के अनुसार किसी भी 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को सिगरेट और तम्बाकू आदि नहीं दिया जाएगा और न ही किसी शिक्षण संस्थान की 100 मीटर की परिधि में इन उत्पादों का विक्रय होगा। धारा 7 के अनुसार सिगरेट और तंबाकू पर चेतावनी का लेबल आवश्यक है और यह भी सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए। इस अधिनियम के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक या उससे ऊपर का अधिकारी ऐसे स्थान में प्रवेश कर सकता है और तलाशी ले सकता है जहाँ यह विक्रय करना प्रतिबंधित है।

इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमावली, 2008 लागू की गई है जो 2 अक्टूबर 2008 से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने से रोकती है। यह नियमावली स्पष्ट रूप से धारा 3 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान के मालिक, प्रबंधक को बाध्य करती है कि कोई भी व्यक्ति उसके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान न करे। सार्वजनिक स्थान के प्रवेश द्वार पर यदि एक से ज्यादा प्रवेश द्वारा हैं तो प्रत्येक प्रवेश द्वार और उनके अंदर न्यूनतम 60 सेंटीमीटर ७ 30 सेंटीमीटर आकर का सफेद पृष्टभूमि का बोर्ड लगाएगा जिस पर "गैर-धूम्रपान क्षेत्र- धूम्रपान अपराध है" लिखा होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष तंबाकू के कारण 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।

इतना ही नहीं 13 लाख ऐसे लोग हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते लेकिन उनके पास रहते हैं जो सेवन कर रहे होते हैं। इसमें विशेष रूप से बालक, वृद्ध और महिलाएं विशेष रूप से होती हैं। यदि हम भारत की बात करते हैं तो भारत में प्रति वर्ष लगभग 17 लाख लोग तंबाकू के कारण अपने प्राण गंवाते हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# चालू सियासत में झूठ के मजे

रामविलास जांगिड़

सच सुनने का मजा तब आता है, जब यह पहले से पता हो कि यह झूठ ही होगा। अगला उस झूठ को सच कहकर लफ्फाजी कर रहा होता है, तब तो आनंद ही आ जाता है। चालू रोकड़ा राजनीति में इसी तरह के मजे हो रहे हैं। आम मतदाता खिलखिला कर हंस रहा है। बल्कि पेट पकड़ कर, टांगे फेंक कर श्रृंखलाबद्ध हंसता ही जा रहा है। सियासी पार्टियों ने हंसने-हंसाने की सारी व्यवस्था कर रखी है। इधर हंसने का नया ट्रेंड आया है। पहले लोग बुक्के फाड़ कर रोते थे, अब बुक्के फाड़ कर हंस रहे हैं। हंसते-हंसते ही फंस रहे हैं। जमीन में धंस रहे हैं। सबको पता है कि ये झूठ है। चुनावी सभा का मतलब ही होता है झूठ का महासमंदर! वही एक गीत गा रहा है। गरीबी को हटा देंगे। सड़कें चोड़ी-चपाट बना देंगे। हर घर में पानी के बंबे ला देंगे। चौबीसों घंटे बिजली आपके हाथों में थमा देंगे। हर व्यक्ति को रोजगार दे देंगे। सबको सरकारी नौकरियां। सबको सरकारी आरक्षण। क्या मजेदार झूठ उछल रहे हैं। सुनने में बहुत बड़ा मजा आ रहा है। एकदम झूठ का पूरा बाजार सजा हुआ है। सच तो यह है कि सच कुछ भी नहीं है और झूठ तो यह है कि पूरी दुनिया में झूठ ही झूठ है। झूठे ने झूठे से कहा आओ मिलकर के सच बोलते हैं। सच की मंडी में झूठ का बिजनेस खोलते हैं। शेर और खरगोश ने मिलकर सच की मंडी में झूठ का व्यापार खोला। चुनाव काल में दलदल पार्टी का एक शेर, रबड़-दल के आलाकमान खरगोश से मिला। सियासती खरगोश ने शेर से कहा, "मैं तुमसे तेज और दक्ष हूं, मैं इतना तेज हूं कि अगर मैं चाहूं तो उछलकर सूरज को मुंह में खा जाऊं। चाहो तो वोट करा लो।" शेर ने खरगोश की बातों पर विचार कर कहा, "ठीक है, हम दोनों उछलते हैं। लेकिन एक शर्त पर।" "शर्त क्या है?" खरगोश ने पूछा। "तुम्हें मुझसे पहले अपना चुनावी संकल्प पत्र दिखाना होगा। चुनावी घोषणा पत्र हवा में लहराना पड़ेगा," शेर ने कहा। खरगोश ने तुरंत ही जंगल के पचास सबसे खूंखार गधे मंगवाए। उन गधों के दाएं-बाएं, ऊपर-नीचे सभी तरह के चुनावी वादे पत्र, चुनावी संकल्प पत्र, चुनावी घोषणा पत्र आदि लदे हुए थे। इन वादे घोषणा पत्रों ने खरगोश के तुरंत ही पंख लगा दिए और वह सूरज की ओर हवा में उड़ने लगा। कहानी खतम पैसा हजम! गजब के सीन दिखाई दे रहे हैं। शेर ने पानी की प्याऊ खोली है। वह बकरी के लिए माइक में चीख रहा है- "बकरी मैया! आ जाओ। ठंडा पानी पी जाओ। एसी का ठंडा पानी! यह है बढ़िया वाला झूठ! सच कह कर उछल कूद मचा रहा है। नेवले ने सांप को भी यही कहा- "आजा मेरे भैया मिलकर अपन इस चूहे को पकड़ते हैं।" सांप और नेवला आपस में मिल गए हैं। दोनों का ग-ठगबंधन हो गया है। कह रहे हैं कि सामने जो चूहा दिखाई दे रहा है, उसको हम पकड़ के खा जाएंगे।

# मक्खी टू मक्खी काम करती हूं

डॉ. सुरेश कुमार

**बिटिया**! ओ बिटिया! यह क्या निपोरा बना दिया। भला कोई इसे हलवा कहता है? इसे अच्छा-खासा चंगा आदमी खा ले तो पल में प्राण पखेरू हो जाए। ऐसा पकवान तो कोई अपने दुश्मन को भी न खिलाए। इसमें तुमने क्या मिलाकर बनाया है? "माँ, आप भी कमाल करती हैं। आप जैसा कहती हैं, मैं वही तो करती हूँ। कभी मैंने आपका कहा टाला है? लकीर की फकीर हूँ। मक्खी टू मक्खी काम करती हूँ। फिर भी आप हमें जब देखो तब डाँटती रहती हैं।" माँ ने चीढ़ते हुए कहा, "तू ही यह अमृत खा कर देख। तब बताना क्या बनाया है। तब मान लूंगी कि तू मेरा कहाँ मानती है। वैसे बता इसे तूने बनाया कैसे है?" बिटिया ने कहा, "पहले मैंने कढ़ाई ली। उसमें थोड़ा पानी गर्म किया। फिर उसमें काली मिर्च, लवंग, इलायची, दालचीनी पत्ता, मुलेठी, अजवाइन, हल्दी, थोड़ा नमक और ढेर सारी सूजी मिलाकर उस पर शक्कर डाल दी। थोड़ी देर पकाया और बन गया हलवा।" माँ ने माथा पीटते हुए कहा, "धन्य हो तुम्हारा ज्ञान! भला कोई हलवा के लिए गर्म मसाले और अगड़म-बगड़म चीजों का इस्तेमाल करता है। अच्छा हुआ अभी तुम्हारी शादी नहीं हुई वरना ससुराल में हमारी नाक कटवा देती। गधी कहीं की।" "मां, आप मुझे गधी न कहें। आप गप्प करती और सुनती हैं। कभी आप काली मिर्च, अजवाइन, लवंग का काढ़ा पिलाती हैं तो कभी सी कॉम्प्लेक्स तो कभी बी कॉम्प्लेक्स की गोलियां खिलाती हैं। कौवा कान ले गया की तर्ज पर जिससे जो सुना, वह हम पर आजमाना शुरू कर देती हैं। कभी सोचा है ऐसा करने से इन सबका हम पर क्या असर पड़ता है? आप तो हम सब का ख्याल रखने के चक्कर में खुद तो पीती नहीं हैं। आपको भला कैसे पता चलेगा? इसीलिए मैंने आपको सबक सिखाने के लिए ऐसा हलवा बनाया था।" यह सुनकर माँ का मुंह छोटा हो गया। बिटिया की बातें सुनकर माँ की आँखों में आंसू आ गए। उन्होंने सोच में पड़ते हुए कहा, "तो तूने ये सब मेरे लिए किया?" "हाँ माँ, आप हमें न जाने कितने सारे नुस्खे आजमाने को कहती रहती हो। कभी कोई अजवाइन चबाओ, कभी काढ़ा पियो। अरे, काढ़ा नहीं कढ़ाई है, हमें वही बनाना है।

## न्यूज फ्लैश

### सेना में भर्ती के लिए कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भर्ती निदेशक अम्बाला** कर्नल वी.एस. पांडेय ने बताया कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए पहले चरण के रूप में कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा का आयोजन 22 अप्रैल से 3 मई तक किया गया था। उन्होंने कहा कि भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) अंबाला कैंट के अंतर्गत आने वाले सभी उम्मीदवार अपना परीक्षा परिणाम भारतीय सेना की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। निदेशक ने बताया कि जिन उम्मीदवारों का नाम शॉर्टलिस्ट परिणाम में है, उन्हें भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण के लिए एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया की नवीनतम जानकारी के लिए भारतीय सेना की वेबसाइट पर विजिट करते रहें।

### घर में घुस कर डेढ़ लाख नकद व आभूषण चुराए

**गन्नौर। खेड़ी गुज्जर गांव** में घर में घुस कर चोर डेढ लाख रुपये की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने चोरी की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खेड़ी गुझ्जर गांव के नीटू ने बताया कि वह 29 मई की रात को मकान के बरामदा में अपने परिवार सहित सो रहा था। जब वह सुबह उठे तो उसने देखा कि उसके मकान में बने दो कमरों का सामान बिखरा हुआ था और बेड में रखे 1 लाख 50 हजार रुपये व दो जोड़ी चांदी की पजेब, एक चांदी की गले की चैन और एक सोनू का ओम चोरी हुआ मिला। पुलिस ने नीटू की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली समस्या को लेकर वार्ड पार्षद ने एसडीओ से की शिकायत

**गन्नौर। वार्ड 10 में बिजली** की समस्या को लेकर पार्षद ने निगम के शहरी एसडीओ को शिकायत दी है। शिकायत में वार्ड पार्षद राखी देवी ने बताया कि उनके वार्ड में बिजली की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उनके वार्ड में बिजली के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं, लेकिन गर्मी में लोड़ बढ़ने की वजह से वह पूरे वार्ड का लोड नहीं उठा पा रहे हैं, जिस वजह से उनके बार-बार फ्यूज उड़ जाते हैं। रात के समय फ्यूज उड़ने पर उन्हें ठीक करने में भी काफी समय निकल जाता है। जिस वजह से वार्ड के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने एसडीओ सचिन दहिया से एक और ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग करी है, ताकि उनके वार्ड के लोगों को बिजली समस्या से न जूझना पड़े। एसडीओ सचिन दहिया ने उनकी मांग पर ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया है।

### मुख्य सड़क पर टूटा सीवर का ढक्कन, हादसे का भय

**गन्नौर। शहर में सीवर** के मेनहॉल पर रखे ढक्कन बार-बार टूट रहे हैं। ढक्कन टूटने से मलबा मेनहॉल में ही गिर जाता है। वहीं मेनहॉल भी खुला हो जाता है। खुले मेनहॉल से हर समय हादसा होने की आशंका बनी रहती है।



शहरवासियों का आरोप है कि जलापूर्ति विभाग द्वारा निम्न गुणवत्ता के ढक्कनों का प्रयोग किया जा रहा हैं। वहीं विभाग का तर्क है कि वाहनों की आवाजाही से ढक्कन कमजोर हो जाता है। जिससे बार-बार ढक्कन टूटने की समस्या हो रही है। माडल संस्कृति स्कूल से बादशाही रोड तक पानी निकासी के लिए जलापूर्ति विभाग ने सीवर लाइन दबा रखी है। वहीं सीवरों की सफाई के लिए मेनहोल बनाए गए हैं। अधिकांश मेनहॉल सड़कों और कॉलोनियों की गलियों के बीचों-बीच बने हुए हैं। मेनहोल पर रखे ढक्कन बार-बार टूट जाते हैं, जिससे मेनहॉल खुला हो जाता है। बादशाही रोड पर शराब के ठेके के पास मेनहॉल खुला पड़ा है। मुख्य सड़क होने के कारण यहां से वाहन की आवाजाही अधिक होती है। खुले मेनहॉल से बचने के लिए वाहन चालक कट लगाते हैं। अधिक दूरी से खुला मेनहॉल दिखाई नहीं देता है।

# प्रशासन में भी कुछ काली भेड़ें हैं, 6 जून के बाद उन पर होगी कार्रवाई: मनोहर

## करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कांग्रेस पर बोगस वोटिंग के आरोप तो लगाए हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व सीएम एवं** करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कांग्रेस पर बोगस वोटिंग के आरोप तो लगाए ही हैं, इस बयान में उन्होंने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कह दिया कि प्रशासन में कुछ लोग काली भेड़ होती हैं। जिनको मौके पर नहीं पकड़ा जाता, लेकिन बाद में देखने पर पता चल जाता है। उनकी रिपोर्ट भी बाद में आती है, लेकिन 6 जून के बाद उन सब पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान मनोहर लाल ने कहा कि कई जगह से कांग्रेस द्वारा बोगस वोटिंग की शिकायतें आई है और उन जगहों पर बोगस वोटिंग हुई है तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं




जाएगा। एक तरफ जहां वोटिंग के बाद से ही सभी पार्टियों के नेता रिलेक्स मूड में हैं और अपनी जीत का जोड़-तोड़ लगाने में व्यस्त नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व सीएम मनोहर लाल भी करनाल के कर्ण कमल कार्यालय में कार्यकर्ताओं से समीक्षा बैठक करने के लिए पहुंचे थे। मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वोटिंग हो चुकी है और नतीजे 4 जून को आएंगे। इसी दौरान का जो पीरियड है, एक व दो जून को वे कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे और जनता के बीच में जाकर जनता का भी धन्यवाद करेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं ने जो मेहनत की है, उसका भी आभार व्यक्त करेंगे। नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चल रही दौड़ को लेकर पूछे गए सवाल पर मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष को लेकर किसी भी तरह का कोई कन्फ्यूजन नहीं होता। प्रदेश अध्यक्ष का फैसला केंद्रीय नेतृत्व द्वारा किया जाता है और वह जल्द ही हो जाएगा। आम आदमी पार्टी द्वारा हरियाणा सरकार पर लगाए गए पानी न देने के आरोपों और सुप्रीम कोर्ट जाने के सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि इसका जवाब पहले ही दिया जा चुका है। अगर कोई सुप्रीम कोर्ट जाना चाहता है या फिर कहीं और जाना चाहता है तो वह खुशी-खुशी जा सकता है।

## मीना कुमारी ने किया मधुबन में औचक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा राज्य** बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने करनाल के मधुबन में सुरक्षा के लिए बनाए गए स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सदस्या ने बच्चों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। सदस्या मीना कुमारी के साथ-साथ संस्था के अधिकारी अजय कुमार, अधिकारी सुमन नैन, लेखाकार आनंद, महताब दहिया, राजेंद्र शर्मा, बलविंद्र सिंह ने भी मधुबन में सुरक्षा स्थलों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान सदस्या ने बच्चों से बातचीत की और बच्चों की रूचि अनुसार खेल, शिक्षा व अन्य कोर्स करने के लिए जागरूक किया और कहा कि उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। सदस्या ने सफाई व्यवस्था, सुरक्षा पर विशेष फोकस रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन देखकर सभी अधिकारियों ने प्रशंसा भी की। इस संस्था में किशोरों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क, सुझाव बॉक्स, डिस्प्ले बोर्ड आदि लगाए गए हैं।

## पेयजल सप्लाई में किसी प्रकार की समस्या न हो

**सोनीपत। नगर निगम** आयुक्त विश्राम मीणा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पेयजल सप्लाई से संबंधित किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए नगर निगम सोनीपत हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम सोनीपत शहर में पीने के पानी की सप्लाई से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु 9053018104 जारी किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि उक्त हेल्पलाइन नम्बर जिस किसी भी व्यक्ति को पीने के पानी से संबंधित कोई समस्या है तो वह प्रातः 09 बजे से सायं 05 बजे तक व्हाटसएप्प के माध्यम से मैसेज भेजकर या कॉल करके पीने के पानी से संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# युवक को अगवा कर चोट मारने मामले में दो काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए वन पुलिस** ने सैनी कॉलोनी में युवक को अगवा कर चोट मारने के मामले में दो आरोपियों को कुटानी रोड पर पहलवान चौक के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान विक्की निवासी जगदीश कॉलोनी व आकाश उर्फ अक्कू निवासी इंसार बाजार के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने वार्ड 11 निवासी अपने साथी आरोपी अभय व वारदात में नामजद आरोपी राहुल उर्फ झटका व दीपा से साथ मिलकर



उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ आरोपी अभय की रोहित के साथ कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। कहासुनी की रंजिश रखते हुए आरोपियों ने रोहित को चोट मारने की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो डंडे बरामद कर पूछताछ के बाद वीरवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि थाना किला में रोहित पुत्र सुरेंद्र निवासी सैनी कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह 26 मार्च को दोस्त अंकुश के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से माटा चौक की और से रामलाल स्कूल की तरफ जा रहा था। रास्तें में सैनी कॉलोनी के सामने श्रीराम वाशिंग सर्विस स्टेशन के पास पहुंचे तो राहुल उर्फ झटका, विक्की सैनी, दीपा, अक्कू ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर रास्ता रोककर उनको रोक लिया। राहुल उर्फ झटका के कहने पर आरोपी उसको अगवा कर बंद गली में ले गए और बिंडे व डंडों से वार कर काफी चोट मारी। उसने बचाव के लिए आवाज लगाई। आस पास के लोगों को इक्कठा होते देख आरोपी चोट माकर जान से मारने की धमकी देकर हथियारों सहित मौके से फरार हो गए। रोहित की शिकातय पर थाना किला में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी।

## भाजपा नेता की घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा किसान** मोर्चा के जिला अध्यक्ष की कार में तोडफोड़ की गई। जिला अध्यक्ष की कार घर के बाहर खड़ी थी। रात को कार सही तरीके से खड़ी थी, लेकिन सुबह कार का शीशा टूटा हुआ मिला। आखिर कार में किसने और किस रंजिश के तहत तोडफोड़ की है, फिलहाल यह जांच का विषय है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगालने में जुटी है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनय संधू ने बताया कि वह कल चंडीगढ़ गए थे और देर शाम अपने घर सदर बाजार लौटे थे और उसके बाद उन्होंने कार घर के बाहर खड़ी कर दी थी, लेकिन सुबह जब उठे तो देखा कि कार की हालत खराब है। कार का शीशा टूटा हुआ है और कार को काफी नुकसान पहुंचा है। इसके बाद डायल-112 की टीम को बुलाया गया और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं।

# मतगणना को लेकर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, किया बिंदुओं पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल आईएएस ने गुरुवार को प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, आरओ, एआरओ के साथ लोकसभा 2024 के आम चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम तैयारीयो की समीक्षा की व 21 से ज्यादा बिंदुओं पर बात की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस मौके पर कुछ आवश्यक सुझाव भी मांगे व फार्म 12 के भेजने के संदर्भ में जानकारी भी ली। उन्होंने काउंटिंग वाले दिन वीडियोग्राफी व काउंटिंग टेबल की स्थिति और दूसरी रेंडामांजेशन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने मतगणना के दौरान कंप्यूटर सिस्टम के अलावा आवश्यक इंतजाम के बारे में जानकारी ली। एडीसी डॉ पंकज यादव ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना को शान्ति पूर्ण तरीके से कराने को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

मतगणना को लेकर 14 काउंटिंग टेबल लगाई गई है। सुरक्षा के दृष्टिगत केंद्रों पर कैमरो की व्यवस्था की गई है। काउंटिंग सुपरवाइजर ,काउंटिंग असिस्टेंट और माइक्रो आब्जर्वर पोस्टल बैलेट टेबल पर काउंटिंग के लिए अप्वॉइंट किए गए है।

# बड़ी नहरों में नहाने वाले बच्चों पर होगी कानूनी कार्यवाही: एडीसी डॉक्टर पंकज

**पानीपत, कमाल हुसैन**

अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज ने गुरुवार को जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिए की जिले में जिन नदियों के ब्रिज पर खतरा है वहां पर नहरी विभाग के अधिकारी निगरानी बरते। बच्चों को वहां न जाने दे। उन्होंने बताया कि बच्चे अक्षर गर्मी में राहत के लिए नदियों में नहाने के लिए घर से निकल जाते है व तैरने के अभाव में दुर्घटना का शिकार हो जाते है। इस प्रकार की दुर्घटना ना घटे। इसको लेकर जिले में तत्काल प्रभाव से धारा 144 लागू




कर दी गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि गर्मी के मौसम में बड़ी नहरों पर बच्चे अक्षर गर्मी से राहत पाने की उम्मीद को लेकर नहाने के लिए नहर पर निकल जाते हैं। इनमें कई बच्चे ऐसे भी होते हैं जो तैरना नहीं जानते व दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

# बुजुर्ग के साथ हुई 19.70 लाख की ठगी, मामला दर्ज, जांच शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। साइबर ठगों ने** जिले के गांव गंगाटेहड़ी निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग से 19.70 लाख रुपये की ठगी की है। इतनी बड़ी ठगी के लिए जालसाजों ने इमोशनल ब्लैकमेलिंग का ऐसा माहौल बनाया कि बुजुर्ग अपने परिवार के किसी सदस्य से कुछ कह ही नहीं पाए। बुजुर्ग ठगों के जाल में फंसते चले गए और चेक के जरिए अलग-अलग ट्रांजेक्शन करते रहे। जब तक परिवार के सदस्यों को पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और बुजुर्ग के साथ ठगी हो चुकी थी। उन्होंने यह बड़ी रकम अपने भाई, भतीजे और परिचितों को भेज दी। मामले की शिकायत पुलिस में की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंगाटेहड़ी निवासी जीत सिंह पुत्र रामदिया के पास 22 मई को एक अज्ञात नंबर से वॉट्सअप कॉल आया। कॉलर ने कहा कि आपका भतीजा शीशन कनाडा गया हुआ है और मैं उसका एजेंट बोल रहा हूं। शीशन ने मेरे 4 लाख रुपए देने हैं और वह फोन नहीं उठा रहा, मैं उसको कनाडा से डिपोर्ट करवा दूंगा। शिकायतकर्ता जीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि एजेंट ने एक नंबर भेजा और कहा कि ये शीशन का नंबर है, इससे बात कर लो। जैसे ही जीत राम ने एजेंट द्वारा दिए गए नंबर पर कॉल किया तो फ्रॉड कॉलर ने शीशन बनकर बात की। कॉलर ने कहा कि ताऊ, मैं शीशन



बोल रहा हूं, ताऊ तु मेरी खातिर इतना नी कर सकता। घर पे मेरी मां बीमार है और घर नहीं बोल सकता। मैं कुछ दिनों में घर आऊंगा, मैंने अपने पापा को गाड़ी गिफ्ट करनी है, मैं सारे पैसे आकर दे दूंगा। फ्रॉड कॉलर शीशन ने कहा कि तू अपना अकाउंट नंबर दे, मैं तेरे खाते में पैसे डाल रहा हूं और ये पैसे दो दिन में ट्रांसफर हो जाएंगे। इतने अपने पास से एडजस्ट कर दे। शिकायतकर्ता के मुताबिक, कॉलर ने उसके पास वॉट्सअप एक स्लीप बनाकर भेजी और कैनरा बैंक का अकाउंट नंबर भेजा। शिकायत के मुताबिक 22 मई को ही उसने एजेंट के खाते में चेक के द्वारा 4 लाख रुपए का अमाउंट भेज दिया। 23 मई को एजेंट का कॉल फिर से आया। उसने कहा कि मेरे लडके का एक्सीडेंट हो गया और मुझे 5 लाख रुपए दे दो। शिकायतकर्ता ने अपने भाई हरपाल के लिमिट के खाते से साढ़े 5 लाख रुपए किसी सागर नटराज के खाते में चैक से भेजे। 24 मई को फिर एजेंट का कॉल आया और कहा कि मेरे लडके का देहांत हो चुका है और 3 लाख रुपए भेज दो। शिकायतकर्ता ने दो ट्रांजेक्शन से तीन लाख रुपए एसबीआई बैंक के खाते में डाले। 28 मई को शिकायतकर्ता के पास एजेंट का कॉल आया, जिसने बताया कि आपके भतीजे शीशन का एक्सीडेंट हो गया है और उसने एक वकील से बात करवाई और कहा कि वकील को 7 लाख रुपए दे दो, आपका भतीजा बच जाएगा। इसके बाद शिकायतकर्ता घबरा गया और उसने अपने अकाउंट से 2.20 लाख और पांच लाख की दो ट्रांजेक्शन चैक के द्वारा की। इस तरह से 19.70 लाख रुपए ठगों को ट्रांसफर हो चुके थे।

# गन्नौर विधायक ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**

**खरखौदा में वीरवार** को हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन जिला प्रेस क्लब सोनीपत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक निर्मल रानी ने शिरकत की और व शिक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों व मैडल प्राप्त करने वाले खिलाडियों को मोमेंटो व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश महिला आयोग उपचेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल, द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, डॉक्टर सुबोध दहिया, इनैलो लोकसभा प्रत्याशी अनूप दहिया, गजे सिंह एडवोकेट, समाजसेवी नवीन दहिया, भारत शर्मा समाजसेवी अदि उपस्थित थे। कार्क्रम का आयोजन जिला प्रेस क्लब सोनीपत द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों को




सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता क्लब के प्रधान राजेश आहूजा ने की व महासचिव श्याम सुंदर शर्मा, संरक्षक राजेश कुमार खत्री, संरक्षक जसबीर खत्री व अन्य पदाधिकारियों ने सभी का स्वागत किया। विधायक निर्मल रानी ने खरखौदा के प्रताप स्कूल में आयोजित हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह की पत्रकारों को भी बधाई दी व द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, डॉक्टर सुबोध दहिया के संचालन में चल रहे प्रताप स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यहाँ से छात्र छात्रों ने अच्छी शिक्षा ग्रहण कर व खेलों में कई मैडल प्राप्त कर खरखौदा का नाम देश ही नहीं विदेशों में नाम रोशन किया है इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार हिंदी पत्रकारिता




दिवस समारोह करके एक अच्छा संदेश दे रहे हैं व छात्रों व समाज सेवियों को सम्मानित कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश महिला आयोग उपचेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने उपस्थित पत्रकारों को डायरी पेन देकर सम्मानित किया। इस दौरान सोनीपत जिले के पत्रकारों में जिला प्रेस क्लब सोनीपत के प्रधान राजेश आहूजा, महासचिव श्याम सुंदर शर्मा, संरक्षक राजेश कुमार खत्री, संरक्षक जसबीर खत्री, सहसचिव हरीश, कोषाध्यक्ष रणबीर रोहिल्ला, सुखबीर सैनी, पवन बंसल, परवीन कुमार, सोमपाल, रविन्द्र वर्मा, बिजेन्द्र सिंघमार, श्याम सुन्दर वशिष्ठ, अनिल कुमार खत्री, अनिल खत्री, आदेश त्यागी, संजीव कौशिक, जोगेन्द्र सहराया, अरुण दुहन, उमेश, अमित त्यागी आदि मौजूद थे।

# जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार; वारदात में प्रयुक्त तलवार बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना पुराना औद्योगिक** पुलिस ने गोपाल कॉलोनी में जन्मदिन पार्टी कर रहे युवकों पर तलवार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को बुधवार को गोपाल कॉलोनी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान दीपक पुत्र सोमदत निवासी गोपाल कॉलोनी के रूप में हुई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी दीपक के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तलवार बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक



हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में गोपाल कॉलोनी निवासी राहुल पुत्र बिरजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 26 मई को देर शाम वह गोपाल कॉलोनी में दोस्त राहुल, विकास, दीपक व मदनराम के साथ मिलकर दोस्त का जन्मदिन मना रहे थे। तभी कॉलोनी निवासी दीपक पुत्र सोमदत वहा पर आया और दोस्त दीपक की पसली में बर्फ तोड़ने वाले सुआ से वार कर मौके से भाग गया। दोस्त दीपक को वह इलाज के लिए सिविल हस्पताल लेकर गए। कुछ देर बाद आरोपी दीपक दौबारा से तलवार लेकर आया और उन सभी पर हमला कर दिया। आरोपी ने उसको सिर में राहुल को सिर, कमर व बाजू पर विकास को कमर व हाथ पर वार किये।

# पानी रे पानी...जल संकट पर मचा हंगामा

## जल संकट पर केंद्र को पत्र लिखेगी आप, हरियाणा की मनमानी ने दिल्ली को आपात स्थिति में डाल दियाः आतिशी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्लीवासियों पर इस समय दोहरी मार पड़ रही है। भीषण गर्मी से तपती दिल्ली में पेयजल संकट भी परेशान कर रहा है। पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार ने आपातकालीन बैठक बुलाई। उधर, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने वजीराबाद जल उपचार संयंत्र का निरीक्षण किया। वहीं, दिल्ली में जल संकट को लेकर महिला भाजपा कार्यकताओं ने मंत्री आतिशी के आवास के बाहर अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अतिशी ने कहा, 'दिल्ली अपनी पूरी पानी की पूर्ति के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। दिल्ली की यमुना नदी में वो ही पानी आता है जो हरियाणा से छोड़ा जाता है। आज हम वजीराबाद प्लांट पर हैं। जो यमुना का पानी आता है उससे वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को यहां से पानी मिलता है। जब हरियाणा से पानी ही कम आएगा तो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पानी कहां से लाएगा? हमने हरियाणा सरकार को भी चिट्ठी लिखी है, हम केंद्र सरकार से भी संपर्क करेंगे कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए।' दिल्ली की मंत्री ने कहा कि हम केंद्र सरकार को पत्र लिखेंगे कि पानी समय पर और पूरा हरियाणा की तरफ से दिया जाए। हरियाणा दिल्ली के साथ ऐसे नहीं कर सकता है। दिल्ली यमुना पर निर्भर है। वजीराबाद वॉटर प्लांट में हम पहुंचे हैं। यहां का पानी लगातार घट रहा है। वजीराबाद, चंद्रवाल और ओखला वोटर ट्रीटमेंट प्लांट में जाता है। लेकिन पानी कम होनो की वजह से प्लांट में पानी ही नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा दिल्ली को पानी नहीं देगा तो प्लांट कैसे काम करेंगे। हरियाणा को हमने पत्र भी लिखा हुआ है। हमने एक अहम बैठक बुआई बुलाई है। हमें उम्मीद है कि अधिकारी सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। पानी की सप्लाई की समस्या आ रही है।

**जल संकट**

⏩ उधर, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने वजीराबाद जल उपचार संयंत्र का निरीक्षण किया

### दिल्ली में जल संकटः 'जरूरत दो टैंकर की, भेजा जा रहा एक और वो भी आधा'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इन दिनों उत्तर भारत प्रचंड गर्मी की मार झेल रहा है। कई इलाकों में पारा 50 के करीब जा पहुंचा है। राजधानी दिल्ली में भी गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इस बीच दिल्लीवासियों को पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। जल संकट के कारण दिल्ली के कई इलाकों में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार ने आपातकालीन बैठक बुलाई है। 12 बजे आतिशी और सौरभ भारद्वाज बैठक करेंगे। मुख्य सचिव समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद रहेंगे। उधर, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने वजीराबाद जल उपचार संयंत्र का निरीक्षण किया। अतिशी ने कहा, 'दिल्ली अपनी पूरी पानी की पूर्ति के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। दिल्ली की यमुना नदी में वो ही पानी आता है जो हरियाणा से छोड़ा जाता है। आज हम वजीराबाद प्लांट पर हैं। जो यमुना का पानी आता है उससे वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को यहां से पानी मिलता है। जब हरियाणा से पानी ही कम आएगा तो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पानी कहां से लाएगा? हमने हरियाणा सरकार को भी चिट्ठी लिखी है, हम केंद्र सरकार से भी संपर्क करेंगे कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए।'

वहीं, दिल्ली में लोगों को टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। लोगों का कहना है कि जहां जरूरत पानी के दो टैंकर की है वहां एक टैंकर भेजा जा रहा है और वो भी आधा है।

# दिल्ली में लू ने ली जान



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश की राजधानी दिल्ली इन दिनों भयंकर गर्मी की चपेट में है। दिल्ली में भी लू से इस सीजन में पहली मौत हुई है। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 40 वर्षीय एक व्यक्ति की लू लगने से मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। हालांकि, इमरजेंसी विभाग के डॉक्टर बोल रहे हैं कि ऐसा हुआ है। बताया जा रहा है कि बिहार के दरभंगा का रहने वाला यह शख्स अपने कमरे में बिना किसी कूलर या पंखे के रह रहा था। जानकारी के मुताबिक, मृतक एक पाइपलाइन फिटिंग फैक्टरी में काम करता था। सोमवार रात को उसके रूममेट और फैक्टरी के अन्य कर्मचारी उसे डॉक्टरों के पास लेकर आए। उसे बहुत तेज बुखार था। एक डॉक्टर ने बताया कि वह बिना कूलर या पंखे वाले कमरे में रह रहा था। उसे बहुत तेज बुखार हो गया था। उसके शरीर का तापमान 107 डिग्री फारेनहाइट से ऊपर चला गया, जो सामान्य शरीर के तापमान से 10 डिग्री अधिक है। बताया जा रहा है कि उसे अस्पताल के हीट स्ट्रोक यूनिट में रखा गया था। बुधवार सुबह उसे वार्ड में शिफ्ट किया गया था। अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और शाम करीब तीन बजे उसने दम तोड़ दिया।

**दुखद**

⏩ बिना कूलर-पंखे के रह रहा था बिहार का मजदूर, 107 डिग्री बुखार में हुई मौत

# सीएम केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित और अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 1 जून को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने केजरीवाल की नियमित और अंतरिम जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया और 1 जून को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील एन हरिहरन पेश हुए थे। केजरीवाल ने अंतरिम जमानत एक सप्ताह बढ़ाने की मांग की है। केजरीवाल ने याचिका में कहा है कि उन्हें गंभीर बीमारी है और उनका पीईटी-सीटी स्कैन किया जाना है। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से कोई भी राहत नहीं मिलने के बाद नियमित जमानत याचिका दायर की है।

सात दिनों की अंतरिम जमानत के आवेदन को स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा था कि चूंकि केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका है।

**जिरह**

⏩ केजरीवाल ने अंतरिम जमानत एक सप्ताह बढ़ाने की मांग की है। याचिका में कहा है कि उन्हें गंभीर बीमारी है

# सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी है। आज सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेन्सिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 15 मई को सीबीआई मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत आज तक बढ़ाई थी। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को



पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अंतरिम जमानत पर हैं। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें एक जून तक की अंतरिम जमानत दी थी। केजरीवाल ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की है।

# चुनावी हलफनामा को लेकर मोदी के खिलाफ याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने कथित रूप से झूठा चुनावी हलफनामा दाखिल करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से अयोग्य करने की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने कहा कि याचिका बिना किसी आधार के दायर की गई है और इसका उद्देश्य केवल सनसनी पैदा करना है। याचिका कैप्टन दीपक कुमार ने दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में एयर इंडिया का फ्लाइट क्रैश कराने की साजिश रचकर राष्ट्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने का प्रयास किया था। याचिकाकर्ता उस फ्लाइट का पायलट था। याचिका में कहा गया था कि प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों ने उनके खिलाफ लगे गंभीर आरोपों की जांच को बाधित करने की कोशिश की थी। याचिकाकर्ता अनुसूचित जाति का है इसलिए प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों ने उसका आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने की कोशिश की। याचिका में कहा गया था कि प्रधानमंत्री ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए खुद को कानूनी जांच से बचाने की कोशिश की।

**सुनवाई**

⏩ याचिका बिना किसी आधार के दायर की गई है और इसका उद्देश्य केवल सनसनी पैदा करना है

# दिल्ली में जल संकट के नाम पर पैसा उगाहीः वीरेंद्र सचदेवा

## यह संकट प्राकृतिक नहीं दिल्ली सरकार द्वारा उत्पन्न की गई है, जल मंत्री आतिशी बार-बार हरियाणा सरकार पर यमुना में कम पानी छोड़ने का आरोप लगा रही हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा ने जल संकट और पानी बर्बादी पर जुर्माना के नाम पर टैंकर माफिया को बढावा देने का आरोप लगाया है। इसके विरोध में भाजपा शुक्रवार सुबह दिल्ली सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करेगी। बृहस्पतिवार दोपहर भी भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने हाथों में मटका लेकर मथुरा रोड स्थित जल मंत्री आतिशी के सरकारी आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "दिल्ली की जनता पानी के लिए हाहाकार कर रही है। यह संकट प्राकृतिक नहीं दिल्ली सरकार द्वारा उत्पन्न की गई है। जल मंत्री आतिशी बार-बार हरियाणा सरकार पर यमुना में कम पानी छोड़ने का आरोप लगा रही हैं। वह सच छिपा रही हैं।"

**हथिनी कुंड बैराज में पानी छोड़ने का रखा जाता है रिकॉर्डः** उन्होंने कहा, 'पिछले दिनों बाढ़ एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी हथिनी कुंड



बैराज गए थे। वहां हरियाणा के अधिकारी भी मौजूद थे। हथिनी कुंड बैराज में लगे हुए उपकरण में प्रत्येक घंटे पानी छोड़ने का रिकार्ड रखा जाता है। यहां के अधिकारियों ने पूरे रिकार्ड की जांच की और संतुष्ट होकर वापस आए हैं।" सचदेवा ने कहा कि 1994 के समझौते के अनुसार दिल्ली को 719 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। इसकी तुलना में हरियाणा 1049 क्यूसेक पानी दिल्ली को दे रहा है। दिल्ली सरकार के कुप्रबंधन के कारण पानी बर्बाद व चोरी हो रहा है। टैंकर माफिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। पानी बबार्दी के नाम पर दो हजार रुपये का जुमार्ना की घोषणा भी टैंकर माफिया को बढ़ावा देने के लिए की गई है।

**जल संकट के नाम पर पैसा उगाहीः वीरेंद्र सचदेवा**

उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कागजों पर टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। लोगों तक टैंकर नहीं पहुंचेंगे और इससे बचने वाला पैसा अधिकारियों से लेकर नेता तक पहुंचेगा। जल संकट के नाम पर पैसा उगाही की साजिश रच रहे हैं। इस साजिश के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता शुक्रवार सुबह दिल्ली सचिवालय पर प्रदर्शन करेंगे।

# पानी की किल्लत को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी की किल्लत से भी दो चार होना पड़ रहा है। पानी की किल्लत को लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के घर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने घर के बाहर मिट्टी के मटकों के साथ आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। महिला मोर्चा का आरोप है कि दिल्ली में हो रही पानी की किल्लात के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है। भाजपा दिल्ली प्रदेश की महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे ने कहा कि पानी की कमी दूर करने के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार ने समय रहते कोई ठोस प्रयास नहीं किया, जिसका नतीजा है कि आज दिल्ली की जनता पानी के लिए हाय-हाय कर रही है। संगम विहार से बवाना तक, कोंडली से बिजवासन तक और पालम से नरेला तक हर ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सरकार एवं निजी टैंकर माफिया हर ओर लूट का खेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल के महीने से ही पता चल गया था कि दिल्ली में इस बार भीषण गर्मी पड़ने वाली है और गर्मी के कारण पानी की कमी होगी, यह सबको पता था। अरविंद केजरीवाल सरकार ने ना ही इस मामले में कोई ठोस कदम उठाया और ना ही समर एक्शन प्लान पर ही कोई काम किया, जिसका नतीजा है कि आज दिल्ली की जनता इस भीषण गर्मी में भी पानी जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए परेशान है।

**प्रदर्शन**

⏩ अप्रैल के महीने से ही पता चल गया था कि दिल्ली में इस बार भीषण गर्मी पड़ने वाली है

# यौन अपराधों में पीड़िता की पहचान उजागर न हो




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर छेड़छाड़ के अपराधों समेत यौन अपराधों में पीड़िता की पहचान उजागर न करने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका बुराड़ी के रहने वाले सेंसर पाल सिंह ने दायर की है। याचिका में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना का हवाला देते हुए कहा गया है कि व्हाट्स ऐप, फेसबुक, एक्स समेत कुछ न्यूज चैनल और अन्य सभी पक्षकारों को आदेश जारी कर पीड़िता का नाम, पता, घटना से जुड़े तथ्यों का खुलासा नहीं किए जाने का निर्देश दिए जाने की मांग की गई है। याचिका में केंद्र सरकार और अन्य एजेंसियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म समेत कुछ निजी न्यूज चैनल्स द्वारा उस घटना की एफआईआर और पीड़िता की जानकारी प्रसारित करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि भविष्य में इस मामले से जुड़ी जानकारी प्रसारित न करने और महिला के साथ छेड़छाड़ के अपराधों सहित यौन अपराधों की किसी घटना के मीडिया या सोशल मीडिया में प्रसारण करते समय सावधानी बरतने और पीड़िता का नाम, पता और एफआईआर जैसी चीजें प्रसारित न करने का निर्देश देने की मांग करते हुए कहा गया है कि हाई कोर्ट इसके लिए दिशा-निर्देश जारी करे। उल्लेखनीय है कि निपुण सक्सेना के केस में सुप्रीम कोर्ट ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया इत्यादि पर पीड़िता का नाम या पहचान उजागर नहीं करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किया था। यहां तक कि अगर पीड़िता की मौत हो गई हो, तब भी पीड़िता की नजदीकी रिश्तेदार या सेशंस जज की अनुमति के बिना नाम या पहचान उजागर न किए जाने का निर्देश है।

सोशल मीडिया का चलन बढ़ने के बाद इस निर्देश का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट से इस पर संज्ञान लेने का निवेदन किया है।

**याचिका**

⏩ सोशल मीडिया का चलन बढ़ने के बाद इस निर्देश का खुलेआम उल्लंघन हो रहा ह

# बेबी केयर सेंटरः दोनों डॉक्टर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने विवेक विहार बेबी केयर सेंटर अग्निकांड मामले के दो आरोपितों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज दोनों की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। आज इस मामले के एक आरोपित डॉक्टर आकाश ने जमानत याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। डॉक्टर आकाश की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 3 जून को होगी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने 27 मई को दोनों आरोपितों को आज तक की



पुलिस हिरासत में भेजा था। 25 मई को विवेक विहार बेबी केयर सेंटर में आग लग गई थी, जिसमें सात बच्चों की मौत हो गई थी। इस अस्पताल में 12 मासूम भर्ती थे। आग लगने पर पुलिस, दमकल विभाग, अस्पताल, स्टाफ और आम लोगों ने किसी तरह अस्पताल की इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद खिड़की के रास्ते सभी 12 बच्चों को निकाला। इस घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने अस्पताल के मालिक डॉक्टर नवीन कीची और एक डॉक्टर आकाश को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने नवीन कीची के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 और 304 ए के तहत एफआईआर दर्ज की है। डॉक्टर आकाश के पास बीएएमएस की डिग्री है। अस्पताल को चलाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर की जरूरत होती है लेकिन उसके बावजूद अस्पताल के मालिक डॉक्टर नवीन कीची ने आयुर्वेदिक डॉक्टर आकाश को रखा हुआ था।

**एफआईआर**

⏩ नवीन कीची के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 और 304 ए के तहत एफआईआर दर्ज की है

# शशि थरूर के पीए पर सोने की तस्करी का आरोप, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता और केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से मौजूदा सांसद शशि थरूर के पर्सनल असिस्टेंट शिव कुमार प्रसाद को दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है। शिवकुमार एयरपोर्ट में अपने किसी आदमी से विदेश से लाए गोल्ड का हैंड ओवर ले रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से कुल 500 ग्राम सोना बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक, शिव कुमार प्रसाद दुबई से आये एक व्यक्ति को रिसीव करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट आया था।

# नहीं थम रहीं आगजनी की घटना, आलाधिकारियों ने जाँच के आदेश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में स्थित सरस्वती कुंज में नगर निगम द्वारा संचालित पार्किंग स्थल में आग लगने कारण 16-17 वाहन जलकर खाक हो गए। निगम की पार्किंग में आग लगने की सूचना मिलते ही आरपी सेल के आलाधिकारियों ने जाँच के आदेश दिए। नगर निगम अधिकारियों द्वारा आदेश अनुसार आरपी सेल के तमाम अधिकारी सरस्वती कुंज में स्थित पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया और साथ ही पार्किंग में खड़े 16- 17 वाहनों में आग लगने का सही कारण पता करने में लगी हुई है। हालाँकि जीवन या शरीर के हताहत होने की सूचना नहीं प्राप्त हो पाई है। इस दौरान आग लगने की घटना



अंतिम चरण में घटी पार्किंग स्थल बिल्कुल निकट एक चौड़े और गहरे नाले बना हुआ है।

निगम अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने पर पाया गया कि पार्किंग से पास फुटपाथ बनने से राहगीर की आवाजाही लगातार बनी हुई है। इससे प्रतीत होता है कि किसी राहगीर द्वारा जलती सिगरेट-बीड़ी सूखी नाली, नाले में फेंक दी होगी, जिसके चलते नाली की सूखी पत्तियों और पत्तों में आग लगने का अंदाजा लगाया जा रहा है और साथ ही भीषण गर्मी के कारण धीरे-धीरे पार्किंग स्थल में आग पूरी तरह फैल गई। पार्किंग स्थल में आग फैलने के कारण नाले के पास खड़े कुछ वाहनों में आग में चपेट में आ गए और आग को फैलता देख ठेकेदार कर्मचारियों द्वारा अनेकों वाहनों को नुकसान होने से बचा लिया गया।

पार्किंग ठेकेदार शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि जनवरी 2024 को नगर निगम द्वारा सरस्वती कुंज में पार्किंग का ठेका मिल पाया है। हालाँकि पार्किंग में 450-500 वाहनों को खड़े करने की अनुमति प्राप्त हो पाई है और नियमों के तहत पार्किंग में विभाग द्वारा हर प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा चुकी है, लेकिन मंगलवार रात 1:10 बजे के लगभग अचानक वाहनों में आग लग गई और देखते-देखते ही 15-17 नए वाहन आग की चपेट में गए। हालाँकि आग लगने की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई, घटना की सूचना मिलते ही 4-5 दमकल विभाग की गाड़ियाँ मौके पर पहुँच गए और बड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक 16-17 वाहन जलकर खाक हो गए। पार्किंग ठेकेदार मिश्रा ने कहा कहा कि जब तक दमकल विभाग की गाड़ियाँ पार्किंग तक पहुँच पाई, लेकिन समय से पहले पार्किंग के सभी कर्मचारियों ने अपनी जान की बिना प्रवाह करें, लगभग 500 गाड़ियों को आग लगने से बचा लिया गया।

**नुकसान**

⏩ पार्किंग ठेकेदार मिश्रा ने कहा कहा कि जब तक दमकल विभाग की गाड़ियाँ पार्किंग तक पहुँच पाई

# करनाल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के लिए सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम : अनुभव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल विधानसभा** उपचुनाव के आरओ एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि करनाल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना का कार्य 4 जून को डीएवी सीनियर सैकंडरी स्कूल के लाइब्रेरी हॉल में किया जाएगा। इस मतगणना को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कार्य के लिए बकायदा ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। आरओ एवं एसडीएम अनुभव मेहता वीरवार को लघु सचिवालय



एसडीएम कार्यालय में मतगणना की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले एसडीएम अनुभव मेहता ने नगराधीश शुभम, चुनाव तहसीलदार जयवीर सिवाच व एनआईसी करनाल निदेशक महिपाल सीकरी और एनआईसी अधिकारी कमल त्यागी से विधानसभा उपचुनाव तथा करनाल लोकसभा की मतगणना की तैयारियों को लेकर फीडबैक ले रहे थे और जहां कहीं भी खामी नजर आई, उन्हें दुरूस्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इतना ही नहीं उन्होंने अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि डीएवी सीनियर सैकंडरी स्कूल के लाइब्रेरी हॉल में करनाल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना का कार्य किया जाएगा। इसी स्कूल के हॉल न 1 में लोकसभा के लिए करनाल विधानसभा के मतों की गिनती भी की जाएगी। इस मतगणना के लिए टेबल अनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार ड्यूटियां लगाई गई हैं।

# चुनाव से पहले सतपाल से दो बार मिला, इज्जत के साथ कर देंगे विदा : बड़ौली

## समीक्षात्मक बैठक के दौरान मीडिया को मोहनलाल बड़ौली ने किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः सोनीपत लोकसभा के** भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने गुरुवार को गन्नौर विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव में पार्टी के पद पर रह कर जिन्होंने पार्टी के खिलाफ काम किया है समय आने पर उन पर पार्टी द्वारा संज्ञान लिया जाएगा। उनके पास एक विधायक पति की आडियो भी मिली है, लेकिन अभी उसकी पुष्टि नहीं हुई है। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि पार्टी के जिन भी पदाधिकारियों ने विरोध किया है उससे उनकी वोट घटे नहीं बल्की और बढ़े हैं। सोनीपत लोकसभा से भाजपा पिछली बार से अधिक मतों से जीत दर्ज



करेगी। कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी पर मोहन लाल ने कहा कि वह कांग्रेस से टिकट मिलने से पहले दो बार सतपाल ब्रह्मचारी से मिले थे। चुनाव के दौरान उनकी सतपाल ब्रह्चारी से कोई मुलाकात नहीं हुई। मतों की गिनती के दिन उनसे मुलाकात होगी। जिसमें वह सतपाल ब्राह्मचारी से आशीर्वाद लेंगे और चुनाव परिणाम आने के बाद उन्हें चद्दर ओढ़ाकर विदा कर देंगे।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, देवेंद्र कादियान सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल लिए बनाया ई-स्वास्थ्य धाम ऐप : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने** बताया कि उत्तराखंड सरकार ने पवित्र चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल और निगरानी प्रणालियों में सुधार के लिए ई-स्वास्थ्य धाम ऐप नामक पहल शुरू की है। यह ऐप एक विशेष ऑनलाइन टूल है, जिसे यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य स्थिति को ट्रैक करने के लिए सावधानीपूर्वक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ई-स्वास्थ्य धाम ऐप वर्तमान में चार धाम पंजीकरण पोर्टल से निर्बाध रूप से जुड़ा हुआ है। प्रत्येक भक्त को इस ऐप पर पंजीकरण करना और अपना मेडिकल रिकॉर्ड अपलोड करना जरूरी है। उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग पूरी तीर्थ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ऑन-साइट स्वास्थ्य जांच प्रदान करेगा। तीर्थयात्री पर जाकर इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निपटान के लिए आयोजित की जाएगी विशेष लोक अदालत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला विधिक सेवा** प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ.सविता कुमारी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने कहा कि जिनके मामले सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित हैं, वे अपने मामलों को विशेष लोक अदालत से समाधान करवाना चाहते हैं, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### मानव सेवा संघ में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 1 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बढ़ रहे तापमान के** साथ रक्त के अभाव को देखते हुए 1 जून दिन शनिवार को प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक मानव सेवा संघ में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 18 से 65 वर्ष का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से किसी प्रकार की हानि नहीं है, अपितु व्यक्ति पहले से अधिक स्वस्थ हो जाता है।

### स्टाल पेश करता है अपनी आर्टिजन हाइब्रिड रेंज

**नई दिल्ली। भारत का सबसे तेजी से आगे बढ़ता हुआ कुकवेयर ब्रांड, स्टाल, आर्टिजन** हाइब्रिड सीरीज नाम से उत्पादों की अपनी आधुनिक रेंज के साथ खाना पकाने के अनुभवों में बड़े बदलाव ला रहा है। इसमें दो खास कुकवेयर मटेरियल को मिलाया गया हैः ट्राईप्लाई स्टेनलेस स्टील और नॉन-स्टिक कोटिंग। प्रोडक्ट रेंज में तवा, रोटी तवा, कड़ाही, तसला, वोक और फ्राई पैन सहित कई तरह के कामों के लिए कुकवेयर शामिल हैं।आर्टिजन हाइब्रिड सीरीज, अपनी जर्मन इंजीनियरिंग से बनी हेक्सारिज तकनीक सहित नॉन-स्टिक परत के ऊपर स्टेनलेस स्टील रिज के साथ हनीकॉम्ब स्ट्रक्चर बनाती है।



इन रिज को खास तौर से कुकवेयर की नॉन-स्टिक क्वालिटी को सामान्य कुकवेयर से पांच गुना अधिक समय तक चलने के लिए डिजाइन किया गया है, यह भोजन के स्वाद या टेक्सचर से समझौता किए बिना फैट के इस्तेमाल को कम करने में मदद करता है। यह नॉन-रिएक्टिव है, 100% टॉक्सिन-फ्री है और इसमें पीएफओए नहीं है। यह कुकवेयर डिशवॉशर के लिए भी सुरक्षित है और गैस, इंडक्शन, सिरेमिक, इलेक्ट्रिक, हैलोजन और अवन के साथ-साथ कई तरह के कुकटॉप्स पर काम कर सकता है।

# ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सावन कृपाल** रूहानी मिशन की मलखान कॉलोनी घरौंडा नजदीक तहसील स्थित शाखा राजिंदर आश्रम की ओर से दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज के 35वें बरसी भंडारे के अवसर पर पुराना बस अड्डा घरौंडा में सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक गर्मी की इस तपती और चिलचिलाती धूप में लोगों की सेवा में ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई गई। सावन कृपाल रूहानी मिशन की करनाल शाखा ने सेक्टर 12 में लोगां की सेवा में ठंडे और मीठे पानी की छबील लगाई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने पानी पीकर गर्मी से राहत महसूस। इसके अलावा मिशन द्वारा पूरे भारतवर्ष के अनेक



राज्यों में प्रमुख स्थानों पर और दिल्ली में 115 मुख्य जगहों पर भी ठंडे व मीठे पानी की छबीलें लगाई गईं।

संत दर्शन सिंह जी महाराज ने हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज और परम संत कृपाल सिंह जी महाराज के नाम पर सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थापना सन 1974 में की। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने संत-मत की पुरातन तालीम को एक सरल और सहज तरीके से पेश कर लाखों लोगों को पिता-परमेश्वर का अनुभव कराया। संत दर्शन सिंह जी महाराज को उर्दू और फारसी की अपनी गजलों के कारण भारत के एक महान सूफी-संत शायर के रूप में जाना जाता है। उनको उनके काव्य-संग्रहों के लिए दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश की उर्दू अकादमियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज के 30 मईए 1989 को महासमाधि में लीन होने के पश्चात उनके रूहानी कार्यभार को संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने संभाला और आज वे उनके द्वारा दी गई संत-मत की शिक्षाओं को संपूर्ण विश्वभर में फैला रहे हैं। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्व में लगभग 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं तथा मिशन का साहित्य विश्व की 55 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले, अमेरिका में स्थित है।

# सैक्टर-8 मार्किट की कई दुकानों में हुई चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीती रात अज्ञात** चोर सैक्टर-8 मार्किट की कई दुकानों में से एसी की कॉपर वायर चुराकर फरार हो गए। दुकानदारों ने इसकी शिकायत पुलिस को की है। साथ ही मार्किट में गश्त बढ़ाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात अज्ञात चोर सैक्टर-8 की मार्किट में बनी कई दुकानों की छतों पर लगी एसी कॉपर वायर चुरा ले गए। कॉपर वायर चुराने की वजह से एससी की गैस भी निकल गई, जिससे दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। जिन दुकानों में चोरी हुई है, उनमें प्रोपटी डीलर, सिलाई सेंटर, ब्यूटिक, ब्यूटी पार्लर, कैमिस्ट, डेंटल डॉक्टर आदि की दुकानें शामिल




हैं। इन दुकानदारों कमलप्रीत सिंह, संतोष, रणजीत व शिवानी कौशिक का कहना है कि अज्ञात चोर लोहे की सीढ़ी के द्वारा पीछे के रास्ते से दुकानों की छत पर पहुंचे थे। उनका कहना है कि इस चोरी से उनका हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि दुकानों की छत से कॉपर वायर काटकर ले गए और इस चोरी की शिकायत सैक्टर-9 पुलिस चौकी में दे दी गई है।

# गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस 10 जून को मनेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। गुरुपर्व प्रबंधक** प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा डेरा कारसेवा करनाल की तरफ से पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के विशेष सहयोग से धर्मरक्षक साहिब श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज का शहीदी दिहाड़ा 10 जून सोमवार को डेरा कारसेवा में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे तक तथा साढ़े छह बजे से रात साढ़े दस बजे तक गुरुद्वारा डेरा कारसेवा में मनाया जाएगा। इस अवसर पर एचएसजीपीसी धर्म प्रचार कमेटी के प्रधान जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, एचएसजीपीसी के प्रधान भूपेंद्र सिंह असंध विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। गुरु पर्व प्रबंधक प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा डेरा कारसेवा के प्रधान बिरेंद्र सिंह तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि इस अवसर पर दीवान सजाया जाएगा।

# ईएसआई डिस्पैंशरी के नए भवन निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः बड़ी औद्योगिक क्षेत्र** में फेस एक व दो के गेट के बीच में ग्रीन बेल्ट को छोड़कर जल्द ही ईएसआई (कर्मचारी राज्य बीमा योजना) डिस्पैंशरी की सौगात मिलेगी। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा डिस्पैंशरी के निर्माण का टैंडर जारी हो गया है। अब एचएसआईआईडीसी पंचकुला से विभागीय नियम के अनुसार नक्शा मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। निर्माण करने के लिए डिस्पैंशरी में ठेकेदार द्वारा मजदूरों व अन्य सामान को पहुंचा दिया है। ऐसी स्थिति में ईएसआई से संबंधित कर्मियों को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अस्थाई रूप से चल रही डिस्पैंशरी में करवाना पड़ रहा है। डिस्पैंशरी में



कंपनी में 21 हजार रुपये से कम आय वाले कर्मी इसका लाभ ले रहे है। यदि किसी कर्मी या उसे परिवार का स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होती है तो ईएसआई की योजना के तहत अपना व अपने परिवार के सदस्यों का इलाज होता है। गौरतलब है कि इससे पहले विभाग के आला अधिकारियों ने दौरा कर जगह की सुनिश्चित थी।

**3 करोड़ की लागत से बनेगा दो मंजिला डिस्पैंशरी का भवन : खत्री**

डिस्पैंशरी का निर्माण करने वाली एजेंसी सत्यबीर खत्री एंड सन्स के ठेकेदार मनोज खत्री ने बताया कि उनकी एजेंसी को निर्माण कार्य के लिए टैंडर अलाट हो गया है। एचएसआईआईडीसी के नियम के हिसाब से नक्शा मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। फाईल को पंचकुला निदेशालय में भेजा गया है। निर्माण कार्य शुरू करने के लिए उनकी एजेंसी तैयार है। डिस्पैंशरी की चार दिवारी का निर्माण पहले ही हो चुका है।

**भवन बनने के बाद मिल जाएगी पूरी सुविधाएं : जिंदल**

डिस्पैंशरी में तैनात चिकित्सक डा. अमित जिंदल ने बताया कि डिस्पैंशरी के नए भवन का निर्माण होने के बाद चिकित्सकों के साथ मरीजों को सुविधा मिलेगी। जहां ईएसआई डिस्पैंशरी चल रही है। वहां पूरे कमरे की व्यवस्था नही है।

# मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा चाक-चौबंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की मतगणना का कार्य 4 जून को किया जाएगा। मतगणना का कार्य एसडी मॉडल व डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में किया जाएगा। इन दोनों स्कूलों में मीडिया सेंटर स्थापित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह लगातार मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इन मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। इतना ही नहीं मतगणना केंद्रों पर थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था




के प्रबंध भी किए गए हैं। इन मतगणना केंद्रों के लिए जहां ड्यूटी मैजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं वहीं मतगणना केंद्रों पर अधिकारियों व कर्मचारियों की भी डद्दद्दयूटी लगा दी गई है। इन ड्यूटियों के लिए पहले चरण की रैंडमाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके लिए दूसरा रैंडमाइजेशन 2 जून को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि करनाल में नीलोखेड़ी, इंद्री, करनाल, घरौंडा व असंध विधानसभाओं के मतों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके लिए एसडी मॉडल व डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। इन मतों की गिनती का कार्य 4 जून को होगा। इसके लिए तमाम प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। इन प्रबंधों का संबंधित विधानसभा के एआरओ कम एसडीएम निरंतर जायजा ले रहे हैं। इस जिले में मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन मतगणना केंद्रों में अधिकृत पास वाले व्यक्ति को ही निर्धारित जगह तक प्रवेश करने की इजाजत दी जाएगी। किसी भी सूरत में आदेशों की उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी।

# एफएलएन ट्रेनिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय बैयांपुर लहराडा में एफएलएन ट्रेनिंग के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी सोनीपत नवीन गुलिया एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सोनीपत जितेंद्र छिकारा ने शिरकत दी। खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत मंजू गर्ग ,विद्यालय प्राचार्या संतोष खत्री ने उनका अभिनंदन किया । सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सोनीपत ने कहा कि सोनीपत के शिक्षकों के प्रयासों से जिला सोनीपत का प्रदर्शन प्रत्येक क्षेत्र



में बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी से आशा की जाती है कि विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताए गए सभी गतिविधियों एवं कौशलों का प्रयोग विद्यालय में करेंगे।कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी सोनीपत ने सभी की रिसोर्स पर्सन एवं सभी शिक्षकों को प्रशंसा पत्र एवं एफएलएन लोगों लगे हुए मग देकर सम्मानित किया।

# पदाधिकारियों को उनके दायित्व के बारे में अवगत करवाया

## जिला संचालक डा. मनोज राय ने धूम्रपान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः भारत विकास परिषद** शाखा गन्नौर द्वारा नगरपालिका रोड स्थित गायत्री विद्या पीठ विद्यालय में बैठक शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत के साथ आरंभ हुई और महिला संयोजीका मनीषा जैन और कोषाध्यक्ष अमित जिंदल ने नेतृत्व करते हुए नए दायित्व धारियो को अपने दायित्व को अच्छे से निभाने के लिए जिम्मेदारीयां दी और उपाध्यक्ष सेवा ,संस्कार ,संपर्क से चर्चा करके पूरे वर्ष होने की रूपरेखा तैयार की। पर्यावरण में बढ़ते तापमान की समस्या को देखते हुए सभी सदस्यों से पेड़



लगाने के लिए अपील की। उपाध्यक्ष संदीप सिंघल ने सेवा कार्यों ब्लड डोनेशन कैंप ,आंखों का जांच शिविर ,भारतीय स्वच्छता अभियान बारे में सदस्यों को जागरूक किया। राष्ट्रीय टीम के सदस्य योगेश कौशिक सदस्यों को परिषद के प्रति कर्तव्य निष्ठा और कार्यशैली को देखते हुए आभार जताया। और भारत विकास परिषद के प्रत्येक सदस्य का समाज के प्रति कर्तव्य के बारे में बताया और उनको निरंतर इन कर्तव्य की पालना के बारे में अग्रसर रहने के लिए कहा। अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने सिलाई सेंटर को पुनः चलाने के लिए प्रस्ताव रखा। जिला संघ चालक डा. मनोज राय ने भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर की युवा शाखा पूरे जोर शोर से समाज के हितों के लिए हर वर्ग में बहुत अच्छे कार्य कर रही है। जिला संचालक मनोज राय ने सभी सदस्यों को तंबाकू निषेध दिवस को लेकर शपथ दिलाई कि हम कोई भी तंबाकू का प्रयोग नहीं करेंगे और अपने आसपास के लोगों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेंगे। गायत्री स्कूल की प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# वात्सल्य वाटिका में आत्म सशक्तिकरण कार्यशाला' हुई सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : वात्सल्य वाटिका** में "आत्म सशक्तिकरण कार्यशाला" सम्पन्न हुई । कार्यशाला के संचालक कृष्ण कुमार भण्डारी जी ने जानकारी देते हुए बताया कि वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में ये कार्यशाला दो भागों ( 21 - 21 दिन ) में हुई । बच्चों को इस कार्यशाला में श्रीमद्भगवतद्गीता में वर्णित प्राणायाम और ध्यान विधि सिखाई गई। श्रीमद्भगवद्गीता में केवल सिद्धांत ही नहीं है ।परमात्मा ने दिव्य उपकरणों का भी उल्लेख किया है । जिनमें प्राणायाम और ध्यान एक हैं। अन्य दो दिव्य उपकरणों के विषय में भी बच्चों को बताया गया ।



बच्चों से कार्यशाला के दौरान नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति सभ्यता के विषय में भी चर्चा हुई ।साधारणतः हम गर्दन और मस्तिष्क के लिए कोई व्यायाम नहीं करते हैं। ध्यान व प्राणायाम के द्वारा हम इन अंगों को भी सक्रिय बनाते हैं जो आई क्यू, स्मरण शक्ति इत्यादि को बढ़ाते हैं ।

इस कार्यशाला में चालीस बच्चों ने सहभागिता की। फिर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक स्वामी जी ने कहा कि ऐसे शिविर व कार्यशाला अन्य विद्यालय में भी हो तो छात्रों को अत्यधिक लाभ होगा।

## ईरान सेना की फायरिंग में चार पाकिस्तानी नागरिकों की मौत और दो घायल, क्षेत्र में बढ़ा तनाव

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सीमा पर ईरान की सेना द्वारा की गई फायरिंग में चार पाक नागरिकों की मौत हो गई है और दो जख्मी हो गए हैं। ईरान की तरफ से यह फायरिंग पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में वाहन पर की गई। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। बलूचिस्तान प्रांत के अर्धसैनिक बलों के सूत्र ने बताया कि रात तहसील मशकिल बाचा राय में हुई घटना पर अधिकारी ईरानी समकक्षों के संपर्क में हैं। हालांकि अब तक ईरान की सेना द्वारा सीमा पार वाहन पर की गई फायरिंग का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। गत जनवरी में ईरान ने अशांत बलूचिस्तान में आतंकी ठिकाने होने का आरोप लगाते हुए हवाई हमले किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान में आतंकी के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन व रॉकेट का प्रयोग किया था। हमले में नौ लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि दोनों पक्षों ने राजनयिक माध्यम से समस्या को हल कर लिया था।

## 4,000 साल पुरानी खोपड़ियों पर मिले कट के निशान

एजेंसी

**मिश्रा ।** प्राचीन मिस्र के लोग अत्यधिक ऊतक वृद्धि पर ऑपरेशन करने या रोगी की मृत्यु के बाद कैंसर संबंधी विकारों के बारे में अधिक जानने का प्रयास करते थे, यह बात 4,000 वर्ष पुरानी दो खोपड़ियों पर किए गए अध्ययन से पता चली है।प्राचीन मिस्र के लोग प्रारंभिक सभ्यताओं में से एक के स्थान के रूप में जाने जाते हैं, वे बीमारियों और दर्दनाक चोटों की पहचान करने, उनका वर्णन करने और उनका इलाज करने, कृत्रिम अंग बनाने और दांतों में फिलिंग लगाने के लिए जाने जाते हैं। उनके आगे के कौशल को समझने के लिए, शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने दो मानव खोपड़ियों का अध्ययन किया - पुरुष और महिला और दोनों हज़ारों वर्ष पुरानी हैं।खोपड़ियों पर कट के निशानों से प्राचीन मिस्र के लोगों द्वारा किए जाने वाले दर्दनाक और ऑन्कोलॉजिकल उपचारों की सीमा का पता चलता है, उन्होंने फ्रंटियर्स इन मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र में कहा।स्पेन में सैंटियागो डे कंपोस्टेला विश्वविद्यालय के एक पैलियोपैथोलॉजिस्ट एडगार्ड कैमरोस ने इस खोज को ÷अद्वितीय और असाधारण÷ साक्ष्य बताया कि कैसे प्राचीन मिस्र की चिकित्सा ने 4,000 वर्ष से भी अधिक पहले कैंसर से निपटने या उसका पता लगाने की कोशिश की होगी।दो खोपड़ियाँ - खोपड़ी और मैंडिबल 236, जो 2687 और 2345 ईसा पूर्व के बीच की हैं, 30 से 35 वर्ष की आयु के एक पुरुष व्यक्ति की थीं, जबकि खोपड़ी श्र270, जो 663 और 343 ईसा पूर्व के बीच की हैं, एक महिला व्यक्ति की थीं जो 50 वर्ष से अधिक उम्र की थीं।

## नेपाल में पत्रकार को धमकाने के मामले में सोशल मीडिया पर चीनी राजदूत हुए ट्रोल

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण में हुई अनियमितता के बारे में ट्वीट करने को लेकर चीन के राजदूत द्वारा सरेआम धमकी दिए जाने पर सोशल मीडिया पर उनको ट्रोल का सामना करना पड़ा है। इस एयरपोर्ट का निर्माण चीन की कंपनी ने किया है। नेपाल के आर्थिक मामलों के वरिष्ठ पत्रकार गजेन्द्र बुढाथोकी ने सुबह ट्विटर (एक्स) पर पोखरा एयरपोर्ट के निर्माण के लिए चीन द्वारा दिए गए कर्ज को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा कि चीन पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए दो प्रतिशत के ब्याज दर पर कर्ज देने का ढिंढोरा पीट रहा है लेकिन असल में वो पांच प्रतिशत का ब्याज वसूल रहा है। बुढाथोकी के इस पोस्ट के बाद काठमांडू में पदस्थ चीन के राजदूत चेन सांग ने तत्काल टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि पत्रकार चीन के खिलाफ भ्रम फैला रहे हैं। यदि इस तरह की बात है तो उन्हें सबूत पेश करना चाहिए। चीनी राजदूत की इस टिप्पणी पर पत्रकार बुढाथोकी ने लिखा कि उनके पास इस बात का प्रमाण सुरक्षित है और समय आने पर इसको सार्वजनिक करेंगे।

चीनी राजदूत यहीं नहीं रुके, उन्होंने पत्रकार को धमकी भरे लहजे में लिखा कि इस तरह का भ्रम फैलाने वाले पत्रकार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। चीनी राजदूत की इस धमकी पर पत्रकार ने पोखरा एयरपोर्ट को लेकर नेपाल और चीन के एग्जिम बैंक के साथ हुए समझौते के उस हिस्से को सार्वजनिक किया जिसमें कर्ज के ब्याज का उल्लेख था। पत्रकार ने यह भी लिखा कि चीनी राजदूत अपनी हद में रहें।

## गाजा और मिस्र की सीमा से लगे अहम सामरिक गलियारे पर इजराइली सेना का नियंत्रण

**तेल अवीव।** गाजा की मिस्र से लगती सीमा पर स्थित अहम सामरिक गलियारे पर इजराइली सेना ने नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इसकी पुष्टि इजराइली सेना की है। फिलाडेल्फी के नाम से जाना जाने वाला यह गलियारा पड़ोसी देश मिस्र की सीमा पर दक्षिणी गाजा शहर रफाह के पास है, जहां हाल ही में इजराइली सेनाएं लड़ रही हैं। मिस्र से गाजा में तस्करी करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सुरंगें इसी इलाके में स्थित हैं। हालांकि, सेना ने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

# इजरायली टैंकों ने राफा में घुसपैठ की

एजेंसी

**गाजा।** दक्षिणी गाजा के शहर में 'हत्या रोकने' के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक मसौदा प्रस्ताव की अनदेखी करते हुए, इज़राइल ने राफा पर अपना हमला जारी रखा है।गवाहों और एक फ़िलिस्तीनी सुरक्षा सूत्र के यह कहने के कुछ घंटों बाद कि इज़रायली टैंक रफ़ा के मध्य में घुस गए हैं, सुबह सबसे दक्षिणी शहर में नए हवाई हमलों की सूचना मिली।निवासी अब्देल खतीब ने कहा, लोग इस समय अपने घरों के अंदर हैं क्योंकि जो कोई भी आगे बढ़ता है उसे इजरायली ड्रोन द्वारा गोली मार दी जा रही है।फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी शेहाब के अनुसार, इज़रायली हवाई हमलों ने शहर के विभिन्न हिस्सों को निशाना बनाया, जिसमें बद्र शिविर के आसपास का क्षेत्र और शहर के पश्चिम में ज़ोरोब गोल चक्कर भी शामिल था।पूरे रफ़ा में दूरसंचार और इंटरनेट सेवाओं के पूरी तरह से बंद होने की भी सूचना है। सेना का अब फिलाडेल्फ़ी कॉरिडोर पर नियंत्रण है और वह कॉरिडोर के शेष भाग - राफ़ा शहर के पश्चिमी भाग - में गहराई से आगे बढ़ रही है।अल जज़ीरा ने बताया कि हमलों के बीच इज़राइल लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना जारी रखता है।इससे पहले, जब उसने उत्तरी और



मध्य गाजा में ठिकानों पर हमला किया था, तो इज़राइल की सेना ने राफ़ा को एक सुरक्षित क्षेत्र के रूप में नामित किया था। इससे एन्क्लेव की 2.3 मिलियन आबादी में से आधे से अधिक लोग शहर की ओर चले गए।अब, बताया गया है कि इज़रायली हमले का नक्शा सामने आने के बाद करीब दस लाख लोगों ने रफ़ा छोड़ दिया है। इज़रायल के सहयोगियों ने नागरिक हताहतों के जोखिम और इमारत में मानवीय संकट का हवाला देते हुए शहर पर हमले के खिलाफ चेतावनी दी है।

जिन लोगों को बमबारी से बचने के लिए अल-मवासी निकासी क्षेत्र में रहने के लिए कहा गया है, वे खुद को फिर से कहीं और आश्रय की तलाश में पा रहे हैं। लेकिन युद्ध क्षेत्र में कोई सुरक्षित जगह नहीं होती. बमबारी हर जगह हो रही है, न केवल राफा में, बल्कि खान यूनिस और पट्टी के बाकी हिस्सों में भी, 'महमूद ने बताया।गोलाबारी कुवैती अस्पताल के आसपास तक फैल गई है, जो पूरी तरह से सेवा से बाहर है। एक को छोड़कर राफा के सभी फील्ड अस्पताल भी सेवा से बाहर हैं, उन्होंने कहा।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन इज़राइल से राफ़ा में एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू करने से परहेज करने के आह्वान में शामिल हो गए हैं। हालाँकि, उनके प्रशासन ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि इज़राइल ने अभी तक अपनी लाल रेखाएँ पार नहीं की हैं।राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, हमने उन्हें राफा में तोड़फोड़ करते नहीं देखा है।गाजा में एक नागरिक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को राफा के पश्चिम में एक विस्थापन शिविर पर इजरायली हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए।

इजराइल की सेना ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उसने मंगलवार को एक निर्दिष्ट मानवीय क्षेत्र में हमला किया था।सेना ने एक बयान में कहा, [इज़राइल सेना] ने अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया, एक ऐसे क्षेत्र का जिक्र करते हुए जिसे राफा से विस्थापित लोगों को आश्रय देने के लिए नामित किया गया था।सप्ताहांत में इसी तरह के हमले में 45 लोगों की मौत हो गई, जिससे वैश्विक आक्रोश फैल गया और अल्जीरिया को मंगलवार शाम को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आपातकालीन सत्र बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा।उत्तरी अफ्रीकी राज्य ने बैठक का उपयोग एक मसौदा प्रस्ताव पेश करने के लिए किया जिसमें राफा में इजरायल के हमले को समाप्त करने और तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया गया।

मसौदे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के पिछले सप्ताह के फैसले का हवाला दिया गया है, जिसमें इजराइल को शहर पर अपने सैन्य हमले को तुरंत रोकने का आदेश दिया गया था।अल्जीरिया के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत अमर बेंडजामा ने गाजा पर 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा निकाय की बैठक के बाद कहा कि इस कदम का उद्देश्य राफा में हत्या को रोकना था। अल्जीरिया 2024-25 के लिए परिषद का सदस्य है।परिषद इस मुद्दे पर फिर से चर्चा करने वाली थी। राजनयिकों ने सुझाव दिया कि कुछ ही दिनों में वोट आ सकता है। हालाँकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने गाजा में युद्धविराम की मांग के प्रस्ताव को सुरक्षित करने के लिए पिछली तीन बोलियों पर वीटो कर दिया है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति ने इजराइल से राजदूत को वापस बुलाया

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** गाजा में युद्ध को लेकर ब्राजील और इजराइल के बीच महीनों से जारी तनाव के बाद राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने तेल अवीव से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है। ब्राजील ने इस कदम की आधिकारिक रूप से जानकारी दी है। इससे पहले गाजा पर हमले की राष्ट्रपति लूला इजराइल की आलोचना कर चुके हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने गाजा युद्ध की तुलना यहूदियों के नरसंहार से की थी। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्स ने ब्राजील के राजदूत को यरूशलम में स्थित राष्ट्रीय होलोकॉस्ट संग्रहालय में बुलाकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की थी। मामले से अवगत ब्राजील विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार ब्राजील ने काट्स के कदम के जवाब में और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपने राजदूत को वापस बुलाया है कि उस घटनाक्रम के बाद से कोई सकारात्मक बदलाव नहीं हुआ है।

## हौथियों ने यमन में अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया

एजेंसी

**मारेब, यमन।** यमन के ईरान-संबद्ध हौथियों ने कहा कि उन्होंने यमन के दक्षिण-पूर्वी प्रांत मारेब में एक अमेरिकी MQ-9 ड्रोन को मार गिराया है, समूह के सैन्य प्रवक्ता ने एक टेलीविज़न भाषण में कहा। हौथियों के प्रवक्ता याह्या



सरिया ने कहा कि यह ड्रोन छठा यूएवी है जिसे अब तक मार गिराया गया है। 21 मई को, हौथियों ने दक्षिणी यमन में अल-बायदा प्रांत के ऊपर एक और ड्रोन को मार गिराया। यमन की राजधानी और अरब प्रायद्वीप राज्य के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को नियंत्रित करने वाले इस समूह ने इज़राइल और हमास आतंकवादियों के बीच युद्ध में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में नवंबर से लाल सागर में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग पर हमला किया है, जिसके कारण फरवरी से अमेरिका और ब्रिटेन ने जवाबी हमले किए हैं।

## अमेरिका का कहना कि गाजा युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र का नया प्रस्ताव मददगार नहीं होगा

एजेंसी

**गाजा।** संयुक्त राज्य अमेरिका गाजा में युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र के नए प्रस्ताव से चिंतित है, इसके उप राजदूत ने कहा क्योंकि एक मसौदा तत्काल युद्ध विराम और राफा में इजरायल के आक्रमण को रोकने की मांग करता है। रविवार को विस्थापित लोगों के लिए राफा में एक टेंट कैंप में इजरायली हमले में 45 लोगों की मौत के बाद अल्जीरिया ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक तत्काल बैठक बुलाई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई। परिषद के एक पाठ का हवाला देते हुए उप अमेरिकी दूत रॉबर्ट वुड ने संवाददाताओं से कहा, हमने शुरू से ही कहा है कि इस समय स्थिति पर किसी भी तरह का अतिरिक्त उत्पाद शायद मददगार नहीं होगा। यह जमीन पर स्थिति को बदलने वाला नहीं है। आपातकालीन बैठक के बाद अल्जीरिया ने सुरक्षा परिषद के साथी सदस्यों के बीच अपने मसौदे को प्रसारित करना शुरू कर दिया। मसौदा प्रस्ताव, जो पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के फैसले पर आधारित है, ÷यह निर्णय लेता है कि इजरायल, कब्जे वाली शक्ति, राफा में अपने सैन्य आक्रमण और किसी भी अन्य कार्रवाई को तुरंत रोक देगा।÷ यह ÷सभी पक्षों द्वारा सम्मान किए जाने वाले तत्काल युद्ध विराम की भी मांग करता है, तथा सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की भी मांग करता है। अभी तक पाठ पर कोई मतदान निर्धारित नहीं किया गया है। हमेंअमेरिका का कहना कि गाजा युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र का नया प्रस्ताव मददगार नहीं होगा नहीं लगता कि एक और प्रस्ताव वास्तव में जमीनी स्तर पर गतिशीलता को बदलने वाला है, वुड ने कहा।वुड ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, जो इजरायल की रक्षा के लिए स्वतंत्र रूप से अपनी वीटो शक्ति का उपयोग करता है, का मानना ??है कि क्षेत्र में वार्ता युद्ध विराम प्राप्त करने का उचित तरीका है।मई की शुरुआत में इजरायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता युद्ध विराम और बंधकों और कैदियों की रिहाई के सौदे को प्राप्त करने में विफल रही। कतर, मिस्र और संयुक्त राज्य अमेरिका ने मध्यस्थ के रूप में काम किया। एक बैठक में सुरक्षा परिषद के कई सदस्यों ने पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा इजरायल को राफा में अपने आक्रमण को तुरंत रोकने का आदेश देने वाले फैसले पर ध्यान दिया।

7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले और उसके बाद इजरायल के जवाबी अभियान के साथ युद्ध छिड़ने के बाद से परिषद को एक एकीकृत आवाज खोजने के लिए संघर्ष करना पड़ा है।इजरायल के आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर एएफपी की गणना के अनुसार, हमास के हमले में 1,189 लोगों की मौत हुई, जिनमें से अधिकतर नागरिक थे।आतंकवादियों ने 252 लोगों को बंधक भी बनाया, जिनमें से 121 गाजा में ही रह गए, जिनमें से 37 के बारे में सेना का कहना है कि वे मर चुके हैं।हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल के जवाबी हमले में गाजा में कम से कम 36,171 लोग मारे गए हैं, जिनमें से अधिकतर नागरिक थे।गाजा में लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता पर केंद्रित दो प्रस्तावों को पारित करने के बाद, मार्च में सुरक्षा परिषद ने तत्काल युद्ध विराम का आह्वान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया - एक अपील जिसे इजरायल के मुख्य सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पहले भी कई बार रोका जा चुका था।

## पाकिस्तान में हथियारबंद लोगों के एक समूह ने लड़कियों के स्कूल को जला दिया

एजेंसी

**टोक्यो।** पुलिस ने बताया कि हथियारबंद लोगों के एक समूह ने पाकिस्तानी तालिबान के एक पूर्व गढ़ में लड़कियों के एक स्कूल में केरोसिन का इस्तेमाल कर आग लगा दी, जिससे फर्नीचर, कंप्यूटर और किताबें नष्ट हो गईं। स्थानीय पुलिस अधिकारी रहमत उल्लाह ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान में रात में हुए हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इस महीने की शुरुआत में इस क्षेत्र में लड़कियों के दो अन्य स्कूलों पर भी बमबारी की गई थी। किसी ने भी हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने कहा



कि उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के शामिल होने का संदेह है, जिसका हाल ही में स्कूल के मालिक के साथ विवाद हुआ था और वे उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों को पहले उन आतंकवादियों पर संदेह था, जिन्होंने सालों पहले लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाया था और कहा था कि महिलाओं को शिक्षित नहीं किया जाना चाहिए। उत्तरी वजीरिस्तान पाकिस्तानी तालिबान का एक पूर्व गढ़ है, जिन्हें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के नाम से भी जाना जाता है। यह एक अलग समूह है, लेकिन अफगान तालिबान का करीबी सहयोगी है, जिसने 2021 में पड़ोसी अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे से पाकिस्तानी तालिबान का हौसला बढ़ गया है।

## नेपाली क्रिकेटर को वीजा नहीं दिए जाने पर अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को अमेरिका द्वारा वीजा नहीं दिए जाने के खिलाफ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। अमेरिका में होने वाले विश्वकप क्रिकेट के लिए नेपाली क्रिकेटर संदीप लामिछाने को वीजा देने से इनकार करने के बाद लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर दिख रहा है। लामिछाने के सैकड़ों प्रशंसकों ने आज काठमांडू की सड़कों पर अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की। काठमांडू के महतीघर मण्डला में अमेरिका द्वारा वीजा देने से इनकार किए जाने के बाद लोगों ने प्लेकार्ड लेकर अमेरिका विरोधी नारे लगाए। इन लोगों ने अमेरिका से क्रिकेटर संदीप लामिछाने को तत्काल वीजा देने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वाले लोगों ने नेपाल सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग भी की है। सरकार की तरफ से अमेरिका के साथ इस मामले में कुछ नहीं करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब नेपाल की अदालत ने संदीप लामिछाने को निर्दोष करार दे दिया तो फिर अमेरिका को उसका सम्मान करना चाहिए। बलात्कार के आरोप में जिला अदालत से सजा पाने वाले संदीप लामिछाने को उच्च अदालत ने निर्दोष करार देते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया और जिला अदालत की तरफ से दी गई सजा और जुर्माने को रद्द कर दिया था।

## युद्ध प्रभावित यूक्रेन में रूसी हमलों में 9 लोगों की मौत

एजेंसी

**निप्रॉपेट्रोस, यूक्रेन।** यूक्रेन ने बताया कि युद्ध से त्रस्त देश के पांच क्षेत्रों में नौ लोग मारे गए हैं, जबकि रूस अग्रिम पंक्ति पर बढ़त हासिल करने की कोशिश कर रहा है, जहां कीव के सैनिक संघर्ष कर रहे हैं।पूर्वी निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में, निप्रो नदी के दाहिने किनारे पर निकोपोल शहर पर हुए हमलों में दो लोग मारे गए, गवर्नर सर्जी लिसाक ने कहा।उन्होंने कहा कि ये 52 वर्षीय व्यक्ति थे, जिन्हें गोलाबारी से गंभीर छर्रे लगे थे, और एक 54 वर्षीय एम्बुलेंस चालक, जिसका वाहन एक हमलावर ड्रोन द्वारा मारा गया था।रूस की सीमा से लगे पूर्वी सुमी क्षेत्र में दिन में पहले हुए मिसाइल हमले में दो लोग मारे गए और तीन घायल हो गए, क्षेत्रीय अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर कहा।फ्रंट-लाइन डोनेट्स्क क्षेत्र के गवर्नर, जिसे क्रेमलिन रूस का हिस्सा होने का दावा करता है, ने कहा कि मंगलवार को अलग-अलग हमलों में तीन लोग मारे गए थे। गवर्नर वादिम फिलाशकिन ने कहा कि टोरेट्स्क शहर में दो लोग मारे गए और मंगलवार को फ्रंट-लाइन शहर सेलीडोव पर हुए हमले में एक और व्यक्ति मारा गया, जिसे रूसी सेना नियमित रूप से निशाना बनाती है।दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में, जिस पर क्रेमलिन ने 2022 में कब्ज़ा करने का दावा किया है, हालांकि वह अभी भी काला सागर क्षेत्र पर नियंत्रण के लिए लड़ रहा है, गवर्नर ने कहा कि रूस ने आवास और बुनियादी ढाँचे की सुविधाओं पर गोलाबारी की है।खेरसॉन के गवर्नर ओलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने कहा, रूसी आक्रमण के परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की



मौत हो गई।पिछले सप्ताहांत, रूसी सेना ने रूस की सीमा से लगे उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में हफ्तों में सबसे घातक हमलों में से एक को अंजाम दिया, जिसमें एक व्यस्त हार्डवेयर स्टोर को निशाना बनाया गया।अभियोजकों ने कहा कि हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है, हमले के दौरान स्टोर के एक 40 वर्षीय कर्मचारी की अस्पताल में गंभीर रूप से जलने के बाद मौत हो गई।

## लंदन की सड़कों पर लुंगी पहनकर शॉपिंग करती दिखी महिला, वीडियो वायरल

एजेंसी

**लन्दन।** क्या आप जहाँ भी जाती हैं, अपने स्टाइल के कपड़े पहनना पसंद करती हैं? लंदन में रहने के दौरान देसी दक्षिण भारतीय पोशाक को अपनाने वाली इस महिला के साथ भी ऐसा ही लगता है। उसे विदेशी शहर की सड़कों पर लुंगी पहने देखा गया। जी हाँ, आपने सही पढ़ा। लुंगी को पुरुषों के फैशन परिधान के रूप में देखने वाली लैंगिक रूढ़िवादिता को त्यागते हुए, वैलेरी नाम की इस महिला ने शहर में टहलने और स्थानीय बाजार में कुछ खरीदारी करने के लिए इसे पहना। वैलेरी ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके दिखाया कि वह अपनी अपरंपरागत बॉटम्स में सड़कों पर चलने के लिए कितनी उत्साहित थी। वीडियो में उसे एक साधारण टी-शर्ट के साथ लुंगी पहने हुए दिखाया गया है, जिसे उसने लंबी स्कर्ट की तरह स्टाइल किया है। लंदन में लुंगी पहने



हुए, उसने वीडियो के कैप्शन में लिखा, जिसकी शुरुआत में उसे अपनी कमर के चारों ओर नीले और भूरे रंग की लुंगी लपेटते हुए दिखाया गया। उसने सड़क के बीच में खुद को इस तरह से तैयार किया जैसे कोई उसे देख नहीं रहा हो। अपने देसी कपड़ों के साथ, उसने खुद को कुछ और जातीय स्पर्श भी देना सुनिश्चित किया। उन्होंने फैशन स्टेटमेंट को सही बनाने के लिए बिंदी और सूक्ष्म आभूषण पहने थे।वीडियो में लोगों की प्रतिक्रियाओं को कैद किया गया है, जो उनके वॉक और शॉपिंग रूटीन के दौरान उनके रास्ते में आए। स्थानीय लोगों ने उन्हें शायद उनकी ड्रेस के लिए मना किया होगा। उन्होंने उनके अजीबोगरीब पहनावे पर घृणा व्यक्त करते हुए, एक दुखी पोकर चेहरे के साथ उनकी ओर देखा।हालांकि, घर वापस जाते समय उन्होंने जिन महिलाओं का अभिवादन किया, उनमें से एक ने लंदन में वेलेरी द्वारा लुंगी पहनने की सराहना की। जब वेलेरी ने बुजुर्ग महिला से पूछा कि क्या उन्हें उनकी ड्रेस पसंद है, तो महिला ने प्रशंसा में जवाब दिया और कहा, मुझे यह बहुत पसंद है।÷प्रभावशाली रूप से, इस मई की शुरुआत में पोस्ट किए जाने के बाद, यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है और इसे 1,00,000 से अधिक बार देखा गया है।

## मां ने 6 साल की बेटी को कलाई से लटकाया और पीट-पीटकर मार डाला

एजेंसी

**अमेरिका।** ब्रोंक्स की एक मां जिसने कथित तौर पर अपनी 6 वर्षीय बेटी को कलाई से लटकाया और उसे पीट-पीटकर मार डाला, उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 6 वर्षीय जेलाया ईसन ब्रांच को चोटों, कुपोषण के लक्षणों और कलाई पर निशान के साथ पाया गया, क्योंकि उसे एक कोठरी में बांधकर लटका दिया गया था, जहाँ उसकी माँ ने कथित तौर पर उसे पीटा था।मॉरिसानिया सेक्शन में ईस्ट 165वीं स्ट्रीट की 27 वर्षीय लिनिजा ईसन ने कथित तौर पर अपनी बेटी जेलाया ईसन ब्रांच को 1 मार्च से शुरू होने वाले हफ्तों तक क्रूर दुर्व्यवहार के अधीन किया। ब्रोंक्स डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय के अनुसार, पुलिस ने 26 मई, 2023 को गंदे अपार्टमेंट में बच्ची का शव बरामद किया।डीए डार्सेल क्लार्क ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा, ÷छोटी लड़की को कथित तौर पर उसकी कलाई से लटकाया गया था और प्रतिवादी ने उसे किसी कठोर वस्तु से पीटा था। उसकी मृत्यु से कई सप्ताह पहले, जेलयाह को केवल दर्द और भूख का एहसास हुआ, जो कथित तौर पर उसकी माँ द्वारा किया गया था। चिकित्सा परीक्षक ने 6 वर्षीय लड़की की मृत्यु को बाल दुर्व्यवहार के कारण दम घुटने, कुंद बल की चोटों और कुपोषण के परिणामस्वरूप माना।क्लार्क ने कहा, हम जेलयाह को न्याय दिलाएंगे, और उसके दो भाई-बहनों को सेवाएं और सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## दांव पर लगाते हुए लिए डोनाल्ड ट्रम्प हश मनी ट्रायल का फैसला

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** जूरी जल्द ही डोनाल्ड ट्रंप के न्यूयॉर्क मुकदमे में फैसला सुनाएगी। दोषी या निर्दोष, उनका फैसला संयुक्त राज्य अमेरिका को हिलाकर रख देगा। उन्हें यह तय करना होगा कि पूर्व और संभवतः भावी राष्ट्रपति अपराधी हैं या नहीं, चुनाव से कुछ महीने पहले जो उन्हें व्हाइट हाउस में वापस ला सकता है। 12 आम न्यूयॉर्कवासियों के पैनल ने सुबह 11:30 बजे (1530 GMT) विचार-विमर्श शुरू किया। उन्हें 34 अलग-अलग आरोपों में से किसी पर भी दोषी ठहराने के लिए सर्वसम्मति से फैसला करना होगा। आगे कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न इस प्रकार हैं- जूरी से क्या निर्णय लेने के लिए कहा जा रहा है? मुकदमे में सामने आए अश्लील विवरणों पर बहुत ध्यान दिया गया है, विशेष रूप से पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स से, जिन्होंने दावा किया था कि 2006 में एक सेलिब्रिटी गोल्फ़ टूर्नामेंट में ट्रम्प के साथ उनका यौन संबंध था।

लेकिन मामला अंततः इस बात पर आकर खत्म होता है कि क्या ट्रम्प ने जानबूझकर अपने वकील माइकल कोहेन को 130,000 का भुगतान करने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की थी, ताकि डेनियल्स को उनकी कहानी से हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ़ 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में बाधा न आए।जूरी को न केवल यह तय करना होगा कि क्या ट्रम्प ने कोहेन को भुगतान के रिकॉर्ड में हेराफेरी की है, बल्कि यह भी कि क्या उन्होंने ऐसा किसी अन्य अपराध को छिपाने के लिए किया था - इस मामले में एक अघोषित अभियान दान - जो इसे एक गंभीर अपराध बनाता है। जूरी को अपने निर्देश देते हुए, जज जुआन मर्चेन ने उनसे कहा कि फ़ैसला लेने के लिए उन्हें ÷प्रतिवादी के पक्ष में या उसके खिलाफ़ अपनी व्यक्तिगत राय को अलग रखना होगा।÷उनके पास क्या विकल्प हैं?जूरी को ट्रम्प को दोषी ठहराने या उस आरोप से बरी करने के लिए प्रत्येक आरोप पर सर्वसम्मति से फ़ैसला करना होगा।उनकी बचाव टीम ने जूरी के कम से कम एक सदस्य के मन में संदेह पैदा करने की कोशिश की है, जो संपत्ति के इस दिग्गज को दोषसिद्धि से बचाने के लिए पर्याप्त है, जिससे गलत मुकदमा चलाया जा सकता है।मुकदमे की शुरुआत में जूरी के चयन की जटिल प्रक्रिया ने जूरी के सदस्यों की मीडिया खपत और ट्रंप के प्रति भावनाओं की सूक्ष्मता से जांच की, जिससे पता चला कि कम से कम एक जूरी सदस्य 77 वर्षीय पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति को उनके ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर फॉलो करता है।

क्या ट्रंप सलाखों के पीछे जा सकते हैं?हां, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप जेल जा सकते हैं।उन पर व्यापार रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों में से प्रत्येक के लिए अधिकतम चार साल की जेल हो सकती है।मर्चेन पूर्व राष्ट्रपति के अभूतपूर्व आपराधिक मुकदमे में शामिल गवाहों, जूरी और कुछ लोगों के परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के लिए लागू किए गए गैग ऑर्डर के उल्लंघन के लिए दूर-दराज़ के लोकलुभावन को जेल भेजने के करीब पहुंच गए हैं।लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप जैसे पहली बार अपराध करने वाले व्यक्ति के लिए जुर्माना, परिवीक्षा या सामुदायिक सेवा सभी अधिक संभावित विकल्प हैं।

# नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश को विकास के पथ पर करेंगे अग्रसर: तरुण

**दावा**

**- नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेते ही नए युग की होगी शुरूआत : तरुण जैन**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तरुण जैन ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा स्पष्ट बहुमत हासिल करेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के शपथ के साथ ही देश में नए युग की शुरूआत होगी। देश को विकास के पथ पर अग्रसर करते हुए अधूरी योजनाओं को पूरा किया जाएगा और जनहित की योजनाओं को अनवरत संचालित करने का काम किया जाएगा। जैन ने कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम पर सभी टकटकी लगाए बैठे हैं। भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व देशवासी इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि नरेंद्र मोदी ही एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावी अभियान के दौरान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई रैलियों में उमड़ी भीड़ इस बात को स्पष्ट करती है कि मोदी जनता के बीच कितने लोकप्रिय हैं।

उपाध्यक्ष तरुण जैन ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देशहित के लिए बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लेकर अपनी रचनात्मक सोच व दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। उनकी सोच का हरियाणा को भी लाभ मिलेगा। हरियाणा में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर काम चल रहा है। 4 जून के बाद भाजपा के सत्ता में आते ही इन योजनाओं को भी गति मिलेगी और नई योजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में ही हरियाणा विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा के सशक्त केंद्रीय नेतृत्व का लाभ हरियाणा को मिलेगा और राज्य में भी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर इतिहास रचने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने गरीब, मजदूर, किसान, पिछड़ा वर्ग व संसाधनों से वंचित लोगों के लिए विशेष योजनाएं शुरू करके उनकी बेहतरी के लिए कार्य किया है। उज्ज्वला योजना की शुरूआत करके माताओं-बहनों की रसोई धुआं रहित करने का सराहनीय काम किया गया है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना से किसान भाइयों को राहत मिली है। आयुष्मान योजना से गरीब मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया गया है।

दूर-दराज के गांवों के हर घर में बिजली पहुंचने से ग्रामीणों के जीवन स्तर में बदलाव आया है।

स्वच्छता की अलख जगाते हुए करोड़ों शौचालय बनाकर प्रशंसनीय कार्य किया है। सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंचने लगी है। इसी तरह कई योजनाएं लागू करके भाजपा सरकार ने जनता के हित के अविस्मरणीय कार्य किए हैं।

# 1 जून को लगाया जाएगा विशाल फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर

**नेत्र शिविर**

**- विशाल शिविर में निशुल्क किए जाएंगे आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन**




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** स्वर्गीय माता हरबंस कौर की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में चौ. फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 1 जून को विशाल निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रातः 9.30 बजे से सायं 5 बजे तक चलने वाले इस शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों के ऑपरेशन प्रशिक्षित व अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे। इस शिविर में फ्री नेत्र ऑपरेशन के लिए निशुल्क पंजीकरण किया जा रहा है। कोई भी बुजुर्ग दिव्यांग केंद्र में पंजीकरण करवा सकता है। इस शिविर में यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। भारत माता मंदिर के संरक्षक समाजसेवी अनिल महता इस शिविर के संयोजक हैं। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय माता हरबंस कौर जी व उनके पति स्व. चौ. फतेहचंद जी ने अपने जीवनकाल में समाजसेवा की मिसाल कायम की है। अनिल महता भी उनके पदचिह्नों पर चलते हुए निरंतर समाज हित के कार्यों से जुड़े रहते हैं। उनके द्वारा सेवार्थ भाव से गोशाला व मंदिर निर्माण करके कई सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रेया और सुनिधि चौहान ने व्हिस्पर के साथ साझेदारी में भारत का अपना पीरियड गीत गाया

**मुंबई प्रॉक्ट**र एंड गैंबल के भारत की प्रमुख फेमिनिन-केयर ब्रांड व्हिस्पर ने भारत की सबसे बड़ी आवाजों - श्रेया घोषाल और सुनिधि चौहान के साथ देश का अपना पीरियड गीत लॉन्च करके इतिहास रच दिया है। दोनों संगीतकारों ने 'पीरियड गीत' के अपने संस्करण बनाए हैं, जिसे आज विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर लॉन्च किया गया है। व्हिस्पर ने अब तक 100 मिलियन से अधिक लड़कियों और महिलाओं को पीरियड शिक्षा प्रदान की है और अपनी लोकप्रिय किप गर्ल्स इन स्कूल मुहिम के पांचवें संस्करण में युवा लड़कियों में मासिक धर्म की जल्दी शुरूआत पर ध्यान केंद्रित कर रही है। युवा मन के लिए बेहद प्रासंगिक, शिक्षाप्रद गीतों के माध्यम से, इसका उद्देश्य है कि हर भारतीय इसे गाए और इस पर विश्वास करे झ पीरियड्स स्वस्थ होने का संकेत है। श्रेया घोषाल और सुनिधि चौहान ने पीरियड गीत के अपने-अपने संस्करण बनाए, जिनके माध्यम से उन्होंने स्कूल के बच्चों को मासिक धर्म के बारे में सिखाया, बाद में बच्चे भी उनके साथ इस धुन पर गाने और नाचने में शामिल हो गए। ह्नमैं भारत का अपना पीरियड गीत गाने के लिए बहुत उत्साहित हूं, मुझे उम्मीद है कि यह भारत के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचेगा और युवा लड़कियों को आत्मविश्वास और निर्भीकता के साथ अपना जीवन जीने के लिए सशक्त बनाएगा - चाहे वे स्कूल में हों या बाहर। यह चौंकाने वाला है कि लड़कियों को 8 साल की उम्र में ही मासिक धर्म शुरू हो जाता है, जिससे व्हिस्पर के पीरियड गीत के माध्यम से सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ना और लड़कियों को पहले से ही शिक्षित करना और स्कूल छोड़ने से रोकना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह गाना इतना आकर्षक और आनंदमय है कि यह पूरे दिन मेरे दिमाग में चलता रहता है और मैं इसे गुनगुनाए बिना नहीं रह पाती। यह लड़कों और लड़कियों को बताने का एक शानदार तरीका है कि झ पीरियड्स का मतलब है आप स्वस्थ हैं। यह एक ऐसा गाना है जिसकी भारत को वास्तव में जरूरत थी और मैं इसके साथ जुड़कर गर्व महसूस कर रही हूं,ह्व सुनिधि चौहान ने कहा।

"व्हिस्पर के पीरियड गीत के लिए अपनी आवाज देने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूँ। छोटे बच्चों को मासिक धर्म के बारे में शिक्षित करना बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि वे तैयार रहें और किसी भी तरह का डर न हो। हमारा प्रयास युवा लड़कियों को यह बताना है कि उम्र चाहे जो भी हो, मासिक धर्म आना यह दर्शाता है कि वे स्वस्थ हैं। लड़कियों को 8 साल की उम्र में ही मासिक धर्म शुरू हो रहा है, और इस वजह से लगभग 26 मिलियन लड़कियों को उचित मासिक धर्म की शिक्षा और उत्पादों के बिना स्कूल छोड़ने का खतरा है। युवा बच्चों को इसके बारे में सिखाकर पीरियड्स को सामान्य बनाने की पहल करने के लिए मैं व्हिस्पर की प्रशंसा करती हूँ। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने इस गाने को विभिन्न भाषाओं में बनाया, ताकि यह वास्तव में देश का गाना बन सके,ह्व गायिका श्रेया घोषाल ने कहा। अध्ययनों से पता चलता है कि मासिक शिक्षा और उत्पादों* की कमी के कारण पांच में से एक लड़की के स्कूल छोड़ने का खतरा है। लड़कियों के 8 साल की उम्र में ही मासिक धर्म शुरू हो जाने से यह समस्या और बढ़ सकती है।ँ।

### डीटूसी एफएमसीजी ब्रांड, फिट एंड फ्लेक्स ने अपनी पेशकश में नए ब्रेकफास्ट सीरियल कैटेगरी की लॉन्च

**नई दिल्ली:** देश में पोषक और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों के लिए मशहूर अहमदाबाद के प्रसिद्ध एफएमसीजी ब्रांड "फिट एंड फ्लेक्स, ने अब 100% बेक्ड, ओट्स-आधारित ब्रेकफास्ट सीरियल्स और स्नैक्स लॉन्च किए हैं। कंपनी ने ब्रेकफास्ट सीरियल कैटेगरी में विस्तार करते हुए 'पावर ओट्स' पेश किया है। ये ओट्स दो वैरिएंट्स - पीनट बटर चॉकलेट और हनी में उपलब्ध हैं, जो आपके ब्रेकफास्ट के एक्सपीरियंस को एक नया आयाम देने के लिए तैयार है। हेल्थ कॉन्सियस कंज्यूमर के लिए विशेष रूप से बनाए गए, ये ओट्स उच्च प्रोटीन सामग्री, बिना किसी एक्स्ट्रा शुगर और भरपूर फाइबर के साथ आते हैं। ये 'पावर ओट्स' एक स्वस्थ समाधान हैं, जो आपको पूरे दिन ऊर्जा से भरपूर रखते ही हैं। साथ ही आपकी भूख को शांत रखकर आपको संतुष्टि प्रदान करते हैं। फिट एंड फ्लेक्स के फाउंडर, पथिक पटेल, ने पावर ओट्स के ब्रिकी पर जोर देते हुए कहा, "यहां सबसे बड़ा अंतर यह है कि ये 'रेडी टू ईट' हैं, इसे पकाने की जरूरत नहीं है क्योंकि इन्हें बेक किया गया है। यह विशेषता पावर ओट्स की पौषणता को उजागर करती है।

## 10 ग्राम हेरोइन सहित एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 10 ग्राम 85 मिलीग्राम हीरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इंचार्ज रविकांत ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि जगाधरी रामनगर कॉलोनी के पास एक युवक बाइक पर सवार होकर नशीला पदार्थ बेचने के लिए निकलेगा। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर राजकुमार, सतीश कुमार एएसआई जसबीर सिंह हैप्पी, राजेंद्र बीरबल की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया।

# हिसार: चुनाव कर्मियों ने की जिला प्रशासन के प्रबंधों की सराहना

**मतगणना**

**मतगणना के दौरान कर्मचारियों को नहीं होने दी जाएगी परेशानी : रिटर्निंग अधिकारी प्रदीप दहिया**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार** रिटर्निंग अधिकारी प्रदीप दहिया ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में रिहर्सल के दौरान चुनाव कर्मियों से संवाद स्थापित करते हुए गुरुवार को उनके चुनाव संबंधी अनुभव जाने और अपने अनुभवों को भी उनके साथ सांझा किया। कर्मियों ने जिला प्रशासन द्वारा चुनाव को लेकर विशेषकर मतदान केंद्रों पर किए गए प्रबंधों की प्रशंसा की।

रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि मतगणना के दौरान भी कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मतगणना केंद्रों के लिए तमाम प्रबंध किए गए हैं। कर्मियों के लिए जलपान की उचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी कर्मियों को यह भी निर्देश दिए कि जब तक मतगणना प्रक्रिया संपन्न नहीं हो जाती, तब तक मतगणना केंद्रों के अंदर ही उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनर एवं मंडलायुक्त की ओएसडी शालिनी चेतल ने मतगणना टीमों को पीपीटी द्वारा ईवीएम तथा पोस्टल बैलेट गणना का विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर 11 ड्यूटी मजिस्ट्रट नियुक्त कर दिए गए हैं। इनमें से तीन ड्यूटी मजिस्ट्रेट रिजर्व रखे गए हैं। महावीर स्टेडियम स्थित आदमपुर विधानसभा क्षेत्र मतगणना केंद्र के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता जगदीप कुंडू, उकलाना (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र मतगणना केंद्र के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता पवन कुमार, नारनौंद विधानसभा क्षेत्र मतगणना केंद्र के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता रत्नलाल, हांसी विधानसभा क्षेत्र मतगणना केंद्र के लिए हैफेड के उप-मंडल अभियंता रघबीर चंद, हिसार विधानसभा क्षेत्र मतगणना केंद्र के लिए हैफेड के उप-मंडल अभियंता विक्रम गोयल तथा पंचायत भवन स्थित बरवाला विधानसभा क्षेत्र मतगणना केंद्र के लिए सिंचाई विभाग के उप-मंडल अभियंता कपिल नैन एवं नलवा विधानसभा क्षेत्र मतगणना केंद्र के लिए सिंचाई विभाग के उप-मंडल अभियंता अजय सिहाग तथा पोस्टल बैलेट मतदान केंद्र के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र मलिक को ड्यूटी मजिस्ट्रैट नियुक्त किया गया है।

# जींद में प्लाई बोर्ड व लकड़ी व्यापारीयों के गोदामों में आग लगने से नुकसान की भरपाई करें सरकार:गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/जींद** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने जींद में प्लाई बोर्ड व लकड़ी के प्रमुख व्यापारियों के गोदामों में आग लगने पर 3 करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान होने पर चिंता प्रकट की। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को व्यापारियों के नुकसान की भरपाई करनी चाहिए जबकि सरकार बार-बार व्यापारियों के नुकसान की भरपाई करने की बात करती है परंतु हकीकत यह है कि सरकार सिर्फ झूठी घोषणाएं करती है और व्यापारियों के नुकसान की भरपाई करने की बजाएं उन्हें सिर्फ चक्कर लगवाने का काम करती है। सरकार



को जींद के व्यापारियों के हुए नुकसान की सर्वे करवाकर तुरंत भरपाई करनी चाहिए ताकि व्यापारी जल्द अपना व्यापार दोबारा से शुरू कर सकें। बजरंग गर्ग ने कहा कि पीड़ित व्यापारीयों ने हमें बताया कि जींद में प्लाई बोर्ड व लकड़ी के गोदामों में आग लगने पर तुरंत दमकल विभाग को सूचना देने व बार-बार कहने के बावजूद दमकल की गाड़ियां एक घंटा लेट पहुंची अगर समय पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंच जाती तो काफी हद तक नुकसान से बचाया जा सकता था। दमकल विभाग की गाड़ियां लेट पहुंचने से भी व्यापारियों में रोष है जबकि दमकल विभाग की जिम्मेवारी बनती है कि कहीं भी आग लगने पर तुरंत आग पर काबू पाने के लिए जल्द से जल्द पहुंचकर आग पर काबू करें मगर कहीं ना कहीं दमकल विभाग की भी अग्निकांड में लापरवाही रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल पीड़ित व्यापारी को मुआवजा दिलाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री व जिला उपयुक्त से मिलेगा।

## बरवाला ब्रांच नहर से कट्टे में बंद महिला का शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/जींद** गुरुवार को भाखड़ा की बरवाला ब्रांच नहर से गढ़ी थाना पुलिस ने कट्टे में बंद एक महिला का शव बरामद किया है। महिला के पास से ऐसा कुछ बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। फिलहाल पुलिस ने सिंचाई विभाग के बेलदार की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या तथा शव को खुर्द बुर्द करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नहर पर पड? वाले संबंधित थाना क्षेत्रों को शव की सूचना दे दी है।

गांव लोन निवासी सिंचाई विभाग में बेलदार के पद पर कार्यरत जयबीर बुधवार को भाखड़ा की बरवाला ब्रांच नहर पर गश्त कर रहा था।

# कांग्रेस की जीत के साथ देश में होगी सही मायने में विकास की शुरूआत: अशोक मंगालीवाला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता व गठबंधन की पार्टियां काफी उत्साहित हैं। चुनाव परिणाम के रुझान व जनता का कांग्रेस के प्रति विश्वास देखते हुए स्पष्ट है कि कांग्रेस ही सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक विकास के नाम पर जनता को बरगलाने का काम किया गया है। कांग्रेस की जीत के साथ सही मायने में देश में विकास की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर वर्ग की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी।



**प्रदर्शन**

**- कांग्रेस पार्टी हर वर्ग की अपेक्षाओं पर उतरेगी खरी, होगा सही मायने में विकास : मंगालीवाला**

मंगालीवाला ने कहा कि कांग्रेस अपनी विचारधारा को पहले ही स्पष्ट कर चुकी है। कांग्रेस जनता के न्याय व हकों की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस ने जता दिया है कि गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, पीड़ित, वंचित व पिछड़ा वर्ग सहित हर वर्ग की बेहतरी के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय सहित हर तरह के न्याय की पैरवी कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरियां देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए नौकरियों व शैक्षणिक संस्थानों में दस प्रतिशत कोटा बिना किसी भेदभाव के लागू करने का प्रावधान करेगी। देशव्यापी आर्थिक व सामाजिक जातिगत जनगणना करवाई जाएगी ताकि पिछड़ों के लिए उसी के अनुरूप विकास की योजनाएं बनाई जा सकें। न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। कर्ज माफी आयोग का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही जीएसटी मुक्त खेती का प्रावधान रहेगा।

मंगालीवाला ने कहा कि जनता ने कांग्रेस की नीतियों में विश्वास जताते हुए इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खुलकर साथ दिया है। इसी के परिणामस्वरूप कांग्रेस जीत का इतिहास रचेगी।

# सत्गुरू के वचनों पर चलने से दैवीय गुण स्वयंमेव आ जाते हैं

**समागम**

**इस समागम में युवाओं ने भी गीत, कविता, भाषण के माध्यम से अपने विचार अंग्रेजी में व्यक्त किए।**




**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़** दैवीय गुण व्यक्ति के जीवन में स्वतः ही आ जाते हैं, यदि भक्त अपने सतगुरु के वचनों की पालना इन बीन करता है, यह विचार प्रचारक श्री अनिल दीमरी जी ने संत निरंकारी सत्संग भवन सैक्टर 30 ए चण्डीगढ़ में आयोजित इंगलिश मीडियम निरंकारी सन्त समागम में उपस्थित सैकड़ों युवाओं व साधसंगत को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस कार्यक्रम में युवाओं ने पांच प्रण की ओर ध्यान आकर्षित किया तथा एक लघु नाटिका के माध्यम से अपने विचार बताए, जिसमें उन्होंने कहा कि यदि हम यह सिद्धांत अपना लें कि तन, मन व धन सब मेरा नहीं, बल्कि परमात्मा की दी हुई अमानत है, तो हमारे जीवन में हर समय शांति (सुकून) बनी रहेगी। इसी प्रकार यदि हम अपनी जाति, पंथ, धर्म का अभिमान न करें, तो पूरा विश्व एक परिवार अर्थात सारा संसार, एक परिवार के रूप में रह सकता है। यह सभी दैवी गुण मानव के जीवन में तभी आ सकते है जब इंसान इस प्रभु परमात्मा को जान लेता है और ये ही इंसान के मानव जीवन का असली उद्देश्य है। और उन्होने कहा कि यह कार्य आज के युग में सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज निरंकार प्रभु परमात्मा का दिदार (दर्शन) करवाकर कर रहे हैं।

इस समागम में अन्य अनेक युवाओं ने भी गीत, कविता, भाषण के माध्यम से अपने विचार अंग्रेजी में व्यक्त किए।

इस समागम में जोनल इंचार्ज श्री ओ.पी. निरंकारी जी भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंग्रेजी एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा है, इसलिए परम पूज्य सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार यहां अंग्रेजी माध्यम में समागम का आयोजन किया गया है ताकि सच की आवाज को जन जन तक पहुंचाया जा सके।

इससे पूर्व संयोजक श्री नवनीत पाठक ने इस समागम में आए जोनल इंचार्ज, सभी एरिया के मुखी व साधसंगत और भाग लेने वाले युवाओं का भी आभार व्यक्त किया।

# संत दर्शन सिंह, प्रेम और विनम्रता के प्रतीक : संत राजिन्दर सिंह जी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** महान सूफी-संत शायर दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज (14 सितंबर, 1921-30 मई, 1989) के 35वें बरसी भंडारे का कार्यक्रम कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भाई-बहन उनकी याद में एकत्रित हुए और उन्होंने उनके साथ बीते अपने रूहानी अनुभव बताते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने विडियो द्वारा प्रसारित सत्संग में कहा कि, संत दर्शन सिंह जी महाराज ह्यप्रेम और निस्वार्थ सेवा के प्रतीकह्न थे, जिन्होंने लाखों लोगों के दिलों में प्रभु के प्रेम को जागृत कर दिया।



उन्होंने कहा कि संत दर्शन सिंह जी महाराज रूहानियत के ऐसे प्रकाश स्तंभ थे, जिन्होंने लाखों लोगों को पिता-परमेश्वर की ओर वापस जाने का मार्ग दिखाया। उनकी शायरी हम सबके लिए एक दिव्य उपहार है, जिसमें अध्यात्म की गहराई को बड़े ही सरल शब्दों में बयान किया गया है और जिसके जरिये उन्होंने जीवन और उससे परे के रहस्यों को खोल-खोलकर समझाया है। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने मनुष्य जीवन के वास्तविक उद्देश्य जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को समझने में हमारी मदद की।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने आगे कहा कि उन्होंने निस्वार्थ भाव से मानवजाति के लिए काम किया और हम सबके जीवन को पिता-परमेश्वर के प्रेम से भर दिया। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने हर इंसान में पिता-परमेश्वर की ज्योति को देखा और सभी को खुले दिल से गले लगाया। उनका जीवन और उनके द्वारा सिखाई गई शिक्षाओं के द्वारा हम यह जान सकते हैं कि हमें सही मायनों में अपना जीवन किस तरह से व्यतीत करना चाहिए। वे चाहते थे कि हम भी ध्यान-अभ्यास के द्वारा प्रभु के प्रेम को अनुभव करें, ताकि हम अपने जीवन के परम ध्येय पिता-परमेश्वर को पाने के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें।

अंत में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि वे आज से 35 साल पहले इस धरती को छोड़कर चले गए लेकिन उनका प्रेम और शिक्षाएं आज भी हमारे अंग-संग हैं। यदि हम उनको सही मायनों में याद करना चाहते हैं तो उनके वचनों को अपने जीवन में ढालें और उनके द्वारा दिखाए गए रूहानियत के मार्ग पर चलें। वे चाहते थे कि हम प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास में समय दें ताकि हमारी आत्मा का मिलाप पिता-परमेश्वर में हो सके।

इस अवसर पर अनेक प्रकार के समाज-कल्याण कार्यक्रम आयोजित किए गए। गर्मी की इस तपती धूप में संत दर्शन सिंह जी

# तंबाकू निषेध दिवस पर हर युवा नशे से दूर रहने का ले संकल्प : सुरेंद्र जांगड़ा

**तंबाकू निषेध दिवस**

**- विश्व तंबाकू निषेध दिवस के माध्यम से युवाओं को नशे के विरुद्ध किया जाए जागरूक : सुरेंद्र जांगड़ा**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** समाजसेवी व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने कहा है कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 31 मई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तंबाकू निषेध दिवस मनाकर धूम्रपान व अन्य व्यसनों के प्रति जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर युवाओं को नशे के खिलाफ विशेष तौर पर जागरूक किया जाना चाहिए। सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि आजकल के युवाओं के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। तनाव के चलते या दिखावे के लिए बहुत से युवा धूम्रपान शुरू कर देते हैं। धूम्रपान की लत बढ़ने के साथ ही नशे के अन्य साधन भी अपनाना शुरू कर देते हैं। नशे की गिरफ्त में आए हुए युवाओं की सही-गलत को समझने की क्षमता भी क्षीण होती जाती है। देखने में आया है कि नशे की लत के शिकार बहुत से युवा अपराध का रास्ता अपना लेते हैं। उन्होंने कहा कि रैली निकालकर, हस्ताक्षर अभियान चलाकर एवं सेमिनार आदि के माध्यम से युवाओं को जागृत किया जाना चाहिए। इसके साथ ही समय-समय पर युवाओं की काउंसलिंग भी होनी चाहिए ताकि उनकी मानसिकता को समझकर उसी के अनुरूप उन्हें नशे से दूर रहने के उपाय बताए जाएं। समाजसेवी सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि हमारा देश सर्वाधिक युवाओं का देश है। यदि युवा सशक्त व समर्थ होंगे तो हमारा देश सुदृढ़ व सक्षम होगा।

**फास्ट न्यूज**

### स्किल्ड युवाओं से मिलेगी औद्योगिक विकास को रफ्तार

**पंचकूला: हरियाणा** विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पंचकूला में इंजीनियरिंग कॉलेज की बिल्डिंग के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। इसके लिए उन्होंने 10 एकड़ भूमि की मांग रखी है। इस सिलसिले में तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक की ओर से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला जिला उपायुक्त, एचएसआईआईडीसी और पंचकूला नगर निगम को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि शहर में उपयुक्त स्थान पर बिना किसी लागत के भूमि उपलब्ध करवाई जाए ताकि यहां अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के मानकों के अनुसार इंजीनियरिंग कॉलेज का भवन बनाया जा सके। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गत वर्ष पंचकूला में राज्य इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान शुरू करने के लिए आदेश जारी किए थे। इन आदेशों के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 से शहर के सेक्टर 26 स्थित गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान में ही इंजीनियरिंग कॉलेज की कक्षाएं शुरू कर दी गई थी। फिलहाल यहां कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (सीएसई) के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन और साइबर सिक्योरिटी के कोर्स करवाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि पंचकूला और आसपास के लोग अरसे से विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता से उनके यहां इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की मांग कर रहे थे। इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना के लिए प्रदेश सरकार की ओर से अनेक प्रकार की औपचारिकताएं पूरी करने के साथ-साथ एआईसीटीई की बड़ी भूमिका रहती है।

### महोबा में लू और बुखार से मासूम समेत 14 की मौत

**महोबा: महोबा जिले** में भीषण गर्मी और लू के थपेड़े जानलेवा बन गए हैं। गुरुवार को लू व बुखार की चपेट में आने से मासूम समेत 14 लोगों की मौत हो गई। तीन दिन के अंदर गर्मी से 28 लोगों की जान चुकी है। वहीं 14 मरीजों की हालत गंभीर होने पर उनका जिला अस्पताल के वार्डों में चल रहा है। डॉक्टर दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।

# मोदी ने काशीवासियों से मांगा जीत का आशीर्वाद

## आपका एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा: पीएम मोदी

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसी:** वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश जारी कर काशीवासियों से आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि एक जून को मतदान अवश्य करें। आपका एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा, नई ऊर्जा देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा, मुझे याद है, मेरे नामांकन वाले दिन युवा पीढ़ी बहुत उत्साहित थी। अब यही उत्साह हर बूथ पर दिखे, मेरा यही आग्रह है। अब काशी के विकास को नई ऊंचाई देने का अवसर है, ये तभी हो पाएगा जब काशी के लोग एक जून को अधिक से अधिक मतदान करेंगे। काशी के युवा, नारी शक्ति और किसानों से विशेष आग्रह है। आप लोगों का एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा, मुझे नई ऊर्जा देगा। आप लोगों को याद रखना है कि पहले मतदान फिर जलपान। मोदी ने कहा कि काशी पिछले 10 वर्ष में युवा कल्याण और विकास की राजधानी बन गई है। सांसद खेल प्रतियोगिता में मैंने आप लोगों का उत्साह देखा है। काशी के लिए इस बार का चुनाव नवकाशी के साथ ही विकसित भारत के निर्माण का भी चुनाव है। काशी के लोगों को एक जून के दिन नया रिकॉर्ड बनाना है। लोकसभा चुनाव के मतदान का दिन आ गया है। मेरे लिए काशी भक्ति, शक्ति और विरक्ति की नगरी है। काशी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है, संगीत की धरती है। इस नगरी का प्रतिनिधि होना बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा से और आप काशीवासियों के आशीर्वाद से ही संभव है।

**प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा है आप समाज और राष्ट्र के निर्माण की कुंजी:** नव मतदाताओं को भेजे गए पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है कि भारत के प्रधान सेवक और आपके सांसद के रूप में, आपको नमस्कार, आज मैं आपको पूरे गर्व और विश्वास के साथ लिख रहा हूं। आप आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे हैं। मैं आपको बधाई देता हूं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का यह अवसर एक विशेषाधिकार है जो राष्ट्र निर्माण में आपकी भागीदारी का गवाह बनेगा क्योंकि लोकतंत्र न केवल शासन का एक रूप है, बल्कि हमारी स्वतंत्रता की आधारशिला भी है। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि आप साक्षी हैं कि वाराणसी ने पिछले 10 वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों को कैसे छुआ है। युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारे ईमानदार प्रयास किसी से छिपे नहीं हैं। एक युवा के रूप में, आप समाज और राष्ट्र के निर्माण की कुंजी हैं। चुनावी प्रक्रिया में आपकी भागीदारी न केवल लोकतंत्र की नींव को मजबूत करेगी, बल्कि यह राष्ट्र की नियति को भी आकार देगी जो मजबूत और समृद्ध भारत का मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रधानमंत्री ने अन्तिम पैरे में लिखा है कि चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आइए वोट करें और साथ मिलकर एक मजबूत, विकसित और अधिक समावेशी भारत का निर्माण करें।



### पीएम मोदी ने नए युवा मतदाताओं को एक प्रमाण पत्र और एक पत्र भेजा

टीम एक्शन इंडिया



**वाराणसी:** केंद्र की मोदी सरकार के दस साल पूरा होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने अहिल्याबाई घाट पर मां गंगा की आरती उतारी। सदस्यों ने दस सालों में दस प्रमुख योजनाओं से भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रही मोदी सरकार के लिए बाबा विश्वनाथ और मां गंगा से आशीर्वाद मांगा। भगवान भास्कर और मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर आत्मनिर्भर और आरोग्य भारत के लिए गुहार लगाई। सुशासन और गरीब कल्याण के लिए सरकार की कटिबद्धता के लिए गंगा को भोग, प्रसाद, फल अर्पित किया गया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण और तकनीकी प्रगति पर जोर देने वाली कई आर्थिक और सामाजिक योजनाओं की शुरुआत की। जिनसे विकास को गति मिल रही है। भारत समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। राजेश शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में दस प्रमुख योजनाएं जिसमें "मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, वंदे भारत एक्सप्रेस, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्किल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना" भारत की विकास यात्रा में बड़ा योगदान कर रहे हैं। इससे देश समृद्ध हो रहा है।

**समावेशी भारत**

▸▸ आइए वोट करें और साथ मिलकर एक मजबूत, विकसित और अधिक समावेशी भारत का निर्माण करें



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडनवीस काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

### 41 डिग्री पारे में 40 घंटे गुल रही बिजली

टीम एक्शन इंडिया

**हल्द्वानी।** भीषण गर्मी का प्रकोप ऐसा है कि पंखे और कूलर जैसे उपकरण भी अब राहत देने में हांफ चुके हैं। जनमानस बेचैन हो चुका है। 41 डिग्री तापमान के बीच हल्द्वानी के गौजाजाली में 40 घंटे तक बिजली गुल रही। शुरूआत में तो लोगों ने बिजली के इंतजार में काफी धैर्य रखा, मगर बुधवार सुबह उपभोक्ताओं का सब्र जवाब दे गया और क्षेत्र में एकत्र होकर ऊर्जा निगम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। साथ ही मौके पर पहुंचे ऊर्जा निगम के अधिकारियों का घेराव करते नाराजगी भी जताई क्षेत्रवासियों के हंगामे को देखते हुए ऊर्जा निगम ने 100 केवीए के स्थान पर 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया है। इसके अलावा तारों को भी सुधारा। ऐसे में शाम करीब 5:15 बजे बिजली आपूर्ति सामान्य हो पाई और लोगों ने राहत की सांस ली। निवर्तमान पार्षद रईस अहमद के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे क्षेत्रवासियों ने बताया कि करीब एक बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी।

# बिहार : 24 घंटे में 16 मौतें, कई जिलों में गर्मी का अलर्ट



टीम एक्शन इंडिया

**पटना:** बिहार में लगातार पढ़ रहे हीट वेव ने पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ डाला है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। मौसम विभाग ने अभी गर्मी से राहत नहीं मिलने और लोगों को सतर्क रहने का अलर्ट किया है। मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य भाग के एक दो स्थानों पर भीषण उष्ण लहर की संभावना के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के उत्तर पश्चिम, दक्षिण पूर्व भाग के एक दो स्थानों में उष्ण लहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के दक्षिण पश्चिम पटना के एक दो स्थानों पर गम रात्रि के लिए संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। लू लगने की वजह से नालंदा में होमगार्ड जवान और बेगूसराय में एक महिला की मौत हो गई। बता दें कि भीषण गर्मी के कारण अलग-अलग स्कूलों में शिक्षक और बच्चे समेत 337 लोग बीमार पड़ गए थे। वहीं 16 लोगों की मौत हो गई थी। मौसम और हीटवेव को लेकर बिजली विभाग ने भी विद्युत सप्लाई में बढ़ रहे ओवरलोड के कारण व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। बिजली नहीं पहुंचने के कारण बिजली विभाग ने लोगों को अपील कर रहा है कि अपने सभी उपकरण एक साथ नहीं चलाएं। विद्युत विभाग ने कहा है कि पानी का मोटर, प्रेस, वाशिंग मशीन और अन्य लोड सुबह पांच से 11 बजे तक ही चला लें। शाम में छह से 11 बजे रात्रि तक फ्रिज को बंद रखें। शाम में छह बजे से 11 बजे रात्रि तक एसी को लगातार नहीं चलाएं। उन्होंने इसके लिए आधे आधे घंटे के अंतराल पर एक चलाने की अपील की है। इसके साथ ही विद्युत विभाग का यह मानना है कि भीषण गर्मी के कारण सिस्टम ओवरलोड के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है।

**कई इलाकों में 48 डिग्री तक जा सकता है पारा**

मौसम विभाग ने दक्षिण पश्चिम के बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल में गुरुवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। वहीं दक्षिण मध्य के पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रहने के आसार है। 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा। दक्षिण बिहार के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा है।

### आरोपित को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

टीम एक्शन इंडिया

**मेरठ: लिसाड़ी गेट थाना** क्षेत्र के लिसाड़ी गांव में गुरुवार को मारपीट के आरोपित को पकड़ने गई पुलिस टीम पर उसके परिवार पर हमला कर दिया। इस दौरान होमगार्ड और सिपाही की जमकर पिटाई की गई। जिससे होमगार्ड की टांग टूट गई। इसके बाद कई थानों की पुलिस ने पहुंच कर आरोपित का ट्रैक्टर जब्त कर लिया। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के शौकीन गार्डन निवासी जाहिद बुधवार की रात को लिसाड़ी गांव निवासी राजु के साथ लिसाड़ी में षराब पी रहा था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और फिर मारपीट हो गई।

# मुख्तार के परिवार से बदला लेगा मतदाता : नारद राय

टीम एक्शन इंडिया

**बलिया:** वाराणसी और बलिया समेत पूर्वांचल की चार अहम लोकसभा सीटों पर अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। इस बीच सपा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री नारद राय के भाजपा में आने से भूमिहारों में सरगर्मी बढ़ी है। क्योंकि नारद ने भाजपा में कदम रखते ही माफिया मुख्तार अंसारी को लेकर ताबड़तोड़ बयानबाजी की है। पूर्वांचल की बलिया, गाजीपुर, घोसी व वाराणसी में भूमिहार वोटरों की तादाद ठीक ठाक होने से नारद राय की भाजपा में एंट्री ने गर्मी के तापमान के साथ सियासी तापमान को भी बढ़ा दिया है। नारद राय के बयानों से लोगों को वह दौर याद आने लगा है, जब भाजपा विधायक कृष्णानंद राय व वाराणसी में अवधेश राय की सनसनीखेज हत्या हुई थी। जिसमें आरोप माफिया मुख्तार अंसारी पर लगे थे।



भाजपा में आने के बाद पूर्व मंत्री नारद राय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जो पोस्ट किया है, उससे चुनावी समीकरण पर होने वाले प्रभाव की चर्चा होने लगी है। नारद राय ने एक्स पर लिखा है कि 'बलिया, गाजीपुर, घोसी व वाराणसी के सम्मानित मतदाता, उस अत्याचारी मुख्तार अंसारी के परिवार से बदला लेने जा रहा है जिसने हमारे दो भाई हिंदू हृदय सम्राट कृष्णानंद राय और अवधेश राय की हत्या किया था।' उन्होंने आगे एक और पोस्ट करते हुए अपील किया है।

**दावा**

▸▸ भाजपा में आए नारद के बयानों से पूर्वांचल की चार सीटों पर 'अंसारी' परिवार बना चर्चा का केन्द्र

# मोदी का ध्यान कार्यक्रम आध्यात्मिक जागृति व विश्वास का विषय: कृष्णम

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** कन्याकुमारी के विवेकानंद मेमोरियल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ध्यान कार्यक्रम का विरोध करने वालों पर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कटाक्ष किया है। प्रमोद कृष्णम ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी आध्यात्मिक शक्ति हासिल करने के लिए ध्यान करने जा रहे हैं, यह आध्यात्मिक जागृति और विश्वास का विषय है। ये बात आसानी से समझ नहीं आएगी। इसीलिए कुछ लोग प्रधानमंत्री मोदी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरोध करने वाले नासमझ हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि 2024 का यह चुनाव 'धर्मयुद्ध' है। इस धर्मयुद्ध में एक तरफ वे लोग हैं जो धर्म के साथ हैं और दूसरी तरफ वे हैं, जो धर्म को खत्म करना चाहते हैं।



**धर्मयुद्ध**

▸▸ मोदी आध्यात्मिक शक्ति हासिल करने के लिए ध्यान करने जा रहे हैं : आचार्य प्रमोद कृष्णम

### सतलुज नदी में गिरा ट्रक, ड्राइवर लापता

**शिमला:** शिमला के सुन्नी में बीते बुधवार देर रात एक डम्पर (छोटा ट्रक) सतलुज नदी में गिर गया। डम्पर का ड्राइवर लापता है। पुलिस को सूचना मिली की एक डम्पर वाहन सतलुज नदी में गिर गया है, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि एक डम्पर ट्रेलर नंबर एचपी 52 सी 4716 बांध निर्माण स्थल से अनियंत्रित हो गया था और सतलुज नदी में गिर गया। इस दुर्घटना में वाहन का चालक राजकुमार पुत्र रामनाथ निवासी गांव देहल पोस्ट रैल तहसील नादौन जिला हमीरपुर था।

# संथाल व पहाड़िया की आबादी घटी: बाबूलाल मरांडी

**दुमका:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र में संथाल, पहाड़िया आदिवासियों की आबादी लगातार कम होना खतरे की घंटी है। जब संथाल में पहाड़िया की आबादी घटी, तब बढ़ी किसकी है, यह जांच का विषय है। पाकुड़ के इलाके में पहाड़ियों का गांव उजड़ गये। जहां कभी पहाड़ियां की आबादी थी, वहां घुसपैठियों की बड़ी आबादी है। घुसपैठ हुआ नहीं है, बल्कि जानबूझ कर झामुमो-कांग्रेस ने कराया है। एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशियों के घुसपैठ और अवैध खनन के कारण पाकुड़ एवं साहिबगंज के कई इलाकों में संथाल, पहाड़िया आदिवासी विस्थापित हो चुके हैं। उनके बारे में कोई चिंता नहीं करता है। भाजपा की सरकार बनने के बाद विशेष टीम का गठन कर इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस और झामुमो ने अपने वोट बैंक को लेकर चुप्पी साध ली है। उनके लोगों ने जमीन ही नहीं छीना, बल्कि बहू बेटियों को भी छीना। बेटियों को 50 टुकड़ों में काटकर फेंक दिया। इसके बावजूद इंडी गठबंधन ने आवाज नहीं उठाया।



**जांच करेंगे**

▸▸ लोगों ने जमीन ही नहीं छीना, बल्कि बहू बेटियों को भी छीना। बेटियों को 50 टुकड़ों में काटकर फेंक दिया

**इतिहास**

### पूर्वांचल से समय-समय पर महिला सांसद चुनी गईं, लेकिन गोरखपुर को यह सौभाग्य अब तक प्राप्त नहीं हुआ

# लोस चुनाव : गोरखपुर से अब तक संसद नहीं पहुंची कोई महिला

टीम एक्शन इंडिया

**गोरखपुर:** पूर्वांचल की अहम संसदीय सीट गोरखपुर पर अब तक हुए 18 आम चुनाव में कुल 216 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने चुनाव मैदान में उतरे। इसमें छह महिलाएं शामिल हैं। लेकिन गोरखपुर की लोगों ने अब तक किसी महिला को अपना सांसद नहीं चुना। पूर्वांचल से समय-समय पर महिला सांसद चुनी गईं, लेकिन गोरखपुर को यह सौभाग्य अब तक प्राप्त नहीं हुआ। बता दें, अबकी बार 2 महिलाएं चुनाव मैदान में हैं।

**1962 में कमला सहाय मैदान में उतरी:** गोरखपुर संसदीय सीट पर 1962 के आम चुनाव में पहली बार 1 महिला प्रत्याशी कमला सहाय चुनाव मैदान में उतरी। सोशलिस्ट पार्टी प्रत्याशी कमला सहाय को 9.62 फीसदी वोट मिले और वो चौथे स्थान पर रहीं। ये चुनाव कांग्रेस के सिंहासन सिंह ने जीता। सिंहासन सिंह को 33.87 फीसदी वोट मिले। दूसरे नंबर पर हिन्दू महासभा के दिग्विजय नाथ रहे। इस चुनाव में 201,558 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में 51.19 फीसदी वोटिंग हुई।

**1996 में 2 महिलाएं मैदान में:** 11वीं लोकसभा के गठन के लिए 1996 में हुए चुनाव में कुल 37 प्रत्याशी गोरखपुर सीट से अपनी किस्मत आजमाने उतरे। इसमें दो महिलाएं शामिल थीं। निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गावती और त्रिवेणी गांधी को क्रमशः 414 (0.07 प्रतिशत) और 150 (0.03 प्रतिशत) वोट मिले। चुनाव भाजपा के महंत अवैद्यनाथ ने जीता। उन्हें 236,369 (42.23 प्रतिशत) वोट मिले। कुल 559,700 वोटरों ने चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**सपा ने राजमती को टिकट दिया:** 2014 के चुनाव में गोरखपुर सीट पर 15 प्रत्याशी मैदान में थे, इसमें एक महिला शामिल थी। समाजवादी पार्टी ने राजमती निषाद को टिकट देकर मैदान में उतारा। राजमती का मुकाबला मौजूदा सांसद योगी आदित्यनाथ से था। राजमती को 226,344 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहीं। योगी आदित्यनाथ को 539,127 वोट मिले। योगी आदित्यनाथ 312,783 वोटों के अंतर से जीते।



**समीकरण**

▸▸ 2014 के चुनाव में गोरखपुर सीट पर 15 प्रत्याशी मैदान में थे, इसमें एक महिला शामिल थी

# कौडियाला-मुनिकीरेती ईको टूरिज्म जोन राफ्टिंग के लिए प्रसिद्ध

टीम एक्शन इंडिया

**ऋषिकेश।** पिछले कुछ दिनों से गर्मी का प्रकोप कुछ अधिक ही बढ़ गया है। मैदानी क्षेत्रों में जहां पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है, वहीं तराई और पहाड़ी क्षेत्र भी भीषण गर्मी से अछूते नहीं हैं। ऐसे में गंगा में रिवर राफ्टिंग की गतिविधि सबसे अधिक पसंद की जा रही है। ऋषिकेश के कौडियाला-मुनिकीरेती ईको टूरिज्म जोन में इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक राफ्टिंग करने पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की पसंद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दो माह में ही डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक गंगा में रिवर राफ्टिंग का लुत्फ उठा चुके हैं।



ऋषिकेश के कौडियाला-मुनिकीरेती ईको टूरिज्म जोन राफ्टिंग के लिए प्रसिद्ध है। देश- विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां गंगा की लहरों में रोमांच का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में गंगा नदी में 263 पंजीकृत कंपनियों की 576 राफ्ट्स मौजूद हैं। इसके माध्यम से करीब 30 हजार लोग इस व्यवसाय से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष से रूप रोजगार पा रहे हैं। तीर्थनगरी ऋषिकेश क्षेत्र में पर्यटन की बात करें तो सबसे अधिक पर्यटक यहां गंगा में रिवर राफ्टिंग के आकर्षण से ही यहां पहुंचता है।

**लुत्फ**

▸▸ पिछले दो माह में ही डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक गंगा में रिवर राफ्टिंग लुत्फ उठा चुके हैं